* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

14 जनवरी, 2023
माघ, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 87



बॉम्बे गोल्ड प्रदर्शनी में एक कलाकार ने 156 ग्राम सोने से बनायी पीएम मोदी की मूर्ति







# भक्ति और शक्ति का सपना साकार हुआ

## विश्व की सबसे लंबी रिवर क्रूज यात्रा पर रवाना : अयोध्या में राम मंदिर का 70 फीसदी काम पूरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/वाराणसी/ अयोध्या।** देश अमृत महोत्सव मना रहा है। आजादी के 75 साल बाद देश के लोगों के कई सपने पूरे हो रहे हैं। इसी क्रम में भारतीयों का भक्ति और शक्ति दोनों क्षेत्र में बड़ा सपना सकार हो रहा। अयोध्या में राम मंदिर का काम तेजी से चल रहा। गृह मंत्री अमित शाह ने 1 जनवरी 2024 को इसके उद्घाटन की बात कही है। इन सब के बीच शुक्रवार को पहली बार इसके निर्माण कार्यों को अधिकारिक तौर से मीडिया के सामने लाया गया। राम मंदिर का निर्माण कार्य 70 फीसदी पूरा हो चुका है। वहीं, भारत हथियार निर्माण, मिसाइल निर्माण, उद्योग, दवा या वैक्सीन निर्माण हर क्षेत्र में शक्तिशाली बन रहा। इसी कड़ी में विश्व के सबसे लंबी रिवर क्रू को गंगा के पानी में उतारने में सफलता मिली है। इस क्रूज को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली वराणसी से रवाना किया। यह क्रूज भारत की पर्यटन शक्ति को दर्शाता है।

## इंडिया को शब्दों में डिफाइन नहीं किया जा सकता : नरेंद्र मोदी



**वाराणसी।** दुनिया की सबसे लंबी रिवर क्रूज (गंगा विलास क्रूज) यात्रा पर रवाना हो गया। इस दौरान ये 3200 किलोमीटर का सफर करेगा। ये वाराणसी से असम के डिब्रूगढ़ तक जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली जुड़े। मोदी ने हर-हर महादेव से भाषण की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि गंगा हमारे लिए सिर्फ एक जलधारा नहीं है। यह भारत की तपस्या की साक्षी है। इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि गंगा किनारे विकास के बजाय वह पिछड़ते चले गये। इसी वजह से गंगा किनारे के लाखों लोगों का पलायन हुआ। इसीलिए हमने नमामि गंगे शुरू की। इस क्रूज में सवार विदेशी टूरिस्ट साथियों से कहूंगा कि भारत के पास सब कुछ है। इंडिया को शब्दों में डिफाइन नहीं किया जा सकता है। इंडिया को अनुभव किया जा सकता है। हिंदुस्तान के धर्म, कला, संस्कृति, पर्यावरण, नदियों और समृद्ध खानपान से रूबरू होने का सुअवसर मिलेगा। भारत आइये, ये आपकी सोच से भी परे है। उन्होंने कहा कि गंगा विलास क्रूज जहां से गुजरेगा वहां विकास की नयी लाइन तैयार करेगा। शहरों के बीच लंबी रिवर क्रूज यात्रा के अलावा हम छोटे क्रूज को भी बढ़ावा देंगे। इसके लिए सुविधाएं विकसित की जा रही है। नदी जल मार्ग अब भारत का नया सामर्थ्य बनेगा। गंगा पर बन रहा राष्ट्रीय जलमार्ग पूरे देश के लिए एक मॉडल की तरह विकसित हो रहा है। ये राष्ट्रीय जलमार्ग ट्रांसपोर्ट, ट्रेड और टूरिज्म के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले देश में वॉटर-वे का थोड़ा-बहुत ही उपयोग था। यह हाल तब था जबकि भारत में वॉटर-वे का पुरातन इतिहास था। 2014 के बाद हमने देश की बड़ी नदियों में जलमार्ग के विकास के लिए कानून बनाये। 2014 में 5 राष्ट्रीय जलमार्ग देश में थे। आज 24 राज्यों में 111 जलमार्गों को विकसित करने पर काम हो रहा है।

**झारखंड में स्वागत की तैयारी**

**रांची।** गंगा विलास क्रूज झारखंड की पावन धरती पर आयेगा। यह झारखंड के साहिबगंज जिला 23 जनवरी को पहुंचेगा। यहां पर्यटक रात्रि विश्राम करेंगे और फिर सुबह अपने गंतव्य के लिए रवाना हो जाएंगे। जिले के समदा बंदरगाह के पास सुरक्षा की व्यवस्था की गयी है। सूत्रों के मुताबिक क्रूज पर उपस्थित मेहमानों को झारखंड की सांस्कृतिक झलक दिखाने के लिए केंद्र सरकार से अनुमति मांगी गयी है। इसके लिए प्राशनिक स्तर पर तैयारी की गयी है। उधर, स्थानीय विधायक अनंत ओझा ने कहा कि क्रूज साहिबगंज से गुजर रहा, इसके लेकर स्थानीय लोगों में खुशी है। क्रूज का साहिबगंज में जोरदार स्वागत किया जायेगा। इसकी तैयारी की जा रही है।

## राम मंदिर के गर्भगृह के पिलर 14 फीट तक तैयार



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि में राम मंदिर का 70 फीसदी निर्माण पूरा हो चुका है। गर्भगृह के पिलर 14 फीट तक बनकर तैयार हो चुके हैं। परकोटे का मंदिर तेजी से बनाया जा रहा है। मंदिर निर्माण तीन चरणों में पूरा होगा। पहला चरण अगस्त 2023 तक पूरा होगा। दूसरा चरण दिसंबर 2024 में जबकि 2025 तक मंदिर आकार ले चुका होगा। हालांकि जनवरी 2024 में मंदिर में दर्शन-पूजन शुरू हो सकेगा। मंदिर निर्माण में करीब 800 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। कुल खर्च का अनुमान करीब 1800 करोड़ रुपये लगाया गया है। श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट की तरफ से शुक्रवार को मीडिया को परिसर में बुलाया गया। करीब एक घंटे तक उन्हें राम मंदिर के अब तक हुए निर्माण को दिखाया गया। राम जन्मभूमि पर निर्माण कार्य तेजी से पूरे कराये जा रहे हैं। लक्ष्य है कि जनवरी 2024 तक दर्शन शुरू कराये जा सकें। गर्भगृह के अतिरिक्त 5 मंडप और बनाये जा रहे हैं। गर्भगृह में राम के बाल स्वरूप का पूजन मुहूर्त देखकर शुरू कराया जाएगा। गर्भगृह और मंडप की दीवारों का काम भी चल रहा है। गर्भगृह के छह खंभों का निर्माण भी शुरू है। ये मकराना के मार्बल से बनाया जा रहा है। राम मंदिर में सहयोग के लिए भक्तों से मिली ईटों को भी मंदिर निर्माण में लगाया जा रहा है। मंदिर के गर्भगृह की दीवार बनकर तैयार है। यहां परिक्रमा पथ तैयार किया जा रहा है।

## विधायक इरफान अंसारी ने इडी से मांगा दो हफ्ते का समय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कैश कांड के आरोपी जामताड़ा के कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के दफ्तर नहीं पहुंचे। शुक्रवार को उनके प्राइवेट सेक्रेटरी अजहरुद्दीन और वकील चंद्रभानु इडी ऑफिस पहुंचे और मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि मेडिकल आधार पर दो सप्ताह का वक्त मांगा गया है।

बता दें कि इडी ने उन्हें समन जारी कर 13 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया था। उधर, इडी ने इस मामले में इरफान के अलावा 16 जनवरी को राजेश कच्छप और 17 जनवरी को नमन विक्सल कोंगाड़ी को पूछताछ के लिए बुलाया है।

### आदित्यपुर के मोटल मधुबन में इडी की रेड

रांची/जमशेदपुर। छत्तीसगढ़ की आइएएस अधिकारी सौम्या चौरसिया से जुड़े झारखंड स्थित एक ठिकाने पर प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम ने शुक्रवार को छापामारी की है। शुक्रवार को पूर्वी सिंहभूम के जिला मुख्यालय जमशेदपुर से सटे आदित्यपुर में भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी रहीं सौम्या चौरसिया के करीबी सनोज कुमार के यहां इडी की टीम ने दबिश दी। छत्तीसगढ़ इडी के आग्रह पर जमशेदपुर से सटे आदित्यपुर में यह कार्रवाई की गयी है। मामला कोयला लेवी घोटाला से जुड़ा है। आदित्यपुर झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिला में पड़ता है। सौम्या चौरसिया को मनी लाउंडरिंग केस में ईडी ने गिरफ्तार किया था। वह छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उप-सचिव रह चुकीं हैं। कोयला लेवी घोटाला मामले में शुक्रवार को इडी ने एक साथ तीन राज्यों (छत्तीसगढ़, कर्नाटक और झारखंड) में छापामारी की।


## शरद यादव का एमपी में अंतिम संस्कार आज

- अमित शाह, राहुल गांधी, लालू यादव समेत अन्य नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जदयू के पूर्व अध्यक्ष शरद यादव का पार्थिव शरीर शुक्रवार को अंतिम दर्शन के लिए दिल्ली के छतरपुर में उनके आवास पर रखा गया है। गृहमंत्री अमित शाह, राहुल गांधी, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर समेत की नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। शरद का गुरुवार की रात 75 साल की उम्र में निधन हो गया था। उन्होंने दिल्ली के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। मध्य प्रदेश के बाबई तहसील के आंखमऊ गांव में शनिवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

लालू प्रसाद यादव किडनी के इलाज के लिए सिंगापुर में हैं। उन्होंने वीडियो पोस्ट कर शरद यादव को श्रद्धांजलि दी। लालू ने कहा कि ऐसे अलविदा नहीं कहना था भाई। लालू ने वीडियो मैसेज में कहा कि शरद यादव जी, बड़े भाई की मृत्यु की खबर सुनकर मैं काफी विचलित हूं। मुझे काफी धक्का लगा है।




## झारखंड में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बजट की तैयारी शुरू

# लोगों से राय लेकर तैयार होगा बजट : रामेश्वर उरांव

- चालू वित्तीय वर्ष की तुलना में आकार बड़ा होगा
- इस बार भी गांव, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाज कल्याण और इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर

सुनील सिंह

**रांची।** झारखंड में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बजट की तैयारी शुरू हो गयी है। चालू वित्तीय वर्ष की तुलना में बजट आकार बड़ा होगा। इस बार भी गांव, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण और इंफ्रास्टरक्चर पर बजट का फोकस रहेगा। बजट की खास बात यह होगी इसे आम लोगों की राय से तैयार किया जायेगा। यानी लोक बजट (पीपुल्स बजट) होगा। ये संकेत वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव से शुक्रवार को औपचारिक बातचीत के दौरान मिले।

वित्त मंत्री ने शुक्रवार को रॉक गार्डन में मीडिया को गेट टू गेदर के लिए बुलाया था। यहां 'आजाद सिपाही' से बातचीत के दौरान चालू वित्तीय वर्ष के आउट कम बजट को लेकर वित्त मंत्री उत्साहित दिखे। उन्होंने कहा कि आउटकम बजट से विभागों में राशि खर्च करने में सहूलियत हुई। इसी का परिणाण है कि बजट का अब तक लगभग 70 प्रतिशत राशि खर्च हो चुकी है। उनकी बातचीत से यह संकेत तो मिला ही की आगामी बजट भी



आउटकम आधारित होगा।

आगामी बजट को लेकर चर्चा करने पर वित्त मंत्री ने कहा कि इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। इस बार सभी के राय-मशवरे के आधार पर बजट तैयार होगा। हर श्रेणी के लोगों से बातचीत की जा रही है। अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों से राय ली जा रही है। सबका सुझाव लेकर उसे समाकेतिक रूप से बजट में शामिल किया जायेगा। उन्होंने जो कहा इससे इस बात की तसदीक तो हो ही गयी कि आगामी बजट के केंद्र में आम लोग होंगे। यानी जिन योजनाओं से सीधा आम लोग जुड़ेंगे, जिससे जनता को सीधा लाभ पहुंचेगा, उन्हें तवज्जो दी जायेगी।

बजट के आकार पर वित्त मंत्री ने कुछ खास खुलासा नहीं किया। उन्होंने कहा कि बजट का आकार सभी विभागों से प्रस्ताव आने के बाद ही तय होता है। विभागों से प्रस्ताव मांगा गया है। विभाग पुरानी किन योजनाओं को आगामी वित्तीय वर्ष में चालू रखता है, किन नयी योजनाओं को लाता है, इन सभी बातों के आकलन के बाद ही बजट का आकार तय होगा। मौजूदा स्थिति में राज्य में गरीबी, कृषि, किसान, रोजगार, शिक्षा आदि क्षेत्र से जुड़ी योजनाओं पर और अधिक काम किये जाने की जरूरत है। इसलिए मौजूदा स्थिति में चालू वित्तीय वर्ष की तुलना में बजट आकार बढ़ने की ही उम्मीद है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 53,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 74,000 रु./प्रति किलो |



## विकास की नयी लाइन : पीएम मोदी ने दुनिया के सीने पर लिख दिया उपलब्धियों का नया अध्याय

# भारत के गौरवशाली ताज में जड़ा गंगा विलास का हीरा

- आत्मनिर्भर भारत का ऐतिहासिक मॉडल है गंगा विलास
- ऐतिहासिक सफर पर रवाना हुआ दुनिया का सबसे लंबा क्रूज
- 130 करोड़ लोगों को गर्व करना ही चाहिए कि वे भारतीय हैं

**आजाद सिपाही विशेष**

**13 जनवरी, 2023 का दिन भारत ही नहीं, दुनिया के इतिहास के पन्नों पर सुनहरे अक्षरों में शामिल हो गया है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के सीने पर भारतीय उपलब्धियों का नया अध्याय जोड़ दिया है। उन्होंने देश की धार्मिक राजधानी वाराणसी से दुनिया के सबसे लंबे क्रूज गंगा विलास को उसके पहले ऐतिहासिक सफर पर रवाना किया। गंगा विलास क्रूज आत्मनिर्भर भारत का एक सशक्त उदाहरण है। क्रूज का इंटीरियर देश की संस्कृति और धरोहर को ध्यान में रख कर डिजाइन किया गया है। यह क्रूज 130 करोड़ भारतीयों के गर्व का प्रतीक है। यह उस भारत का प्रतीक है, जो हर दिन अपने लिए नया इतिहास बना रहा है और दुनिया के अग्रणी देशों की कतार में तेजी से अपनी जगह बना रहा है। चाहे राजनीतिक हो या सामाजिक, आर्थिक हो या वैज्ञानिक, खेल हो या अंतरिक्ष विज्ञान, कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां आज भारत ने अपना सिक्का नहीं जमाया है। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका भारत आज तीन चौथाई दुनिया को दवा और टीके की सप्लाई कर रहा है, तो यह ऐसे ही नहीं हुआ। इसी तरह यह क्रूज जहां से भी गुजरेगा, वहां विकास की नयी लाइन तैयार करेगा। गंगा विलास के शुरू होने के बाद अब यह तय है कि नदी जलमार्ग अब भारत का नया सामर्थ्य बनेगा। इस क्रूज के उद्घाटन के साथ ही भारतीय पर्यटन क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गयी है। इस ऐतिहासिक दिन के महत्व और गंगा विलास के बारे में जानकारी दे रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह**



राकेश सिंह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 130 करोड़ भारतीयों को गौरवान्वित करनेवाले दुनिया के सबसे लंबे क्रूज गंगा विलास को उसके पहले ऐतिहासिक सफर पर रवाना कर दिया है। प्रधानमंत्री के हरी झंडी दिखाते ही बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी में गंगा नदी के रविदास घाट से यह क्रूज स्विटजरलैंड के 36 सैलानियों को लेकर 32 सौ किलोमीटर के सफर पर निकल पड़ा है। उसका यह सफर 51 दिन बाद असम के डिब्रूगढ़ में पूरा होगा। इस दौरान वह भारत से निकल कर बांग्लादेश भी जायेगा। यह यात्री जहाज भारत और बांग्लादेश की 27 नदी प्रणाली और सात नदियों- गंगा, भागीरथी, मेघना, हुगली, जमुना, पदमा और ब्रह्मपुत्र से होकर गुजरेगा। इस यात्रा से 50 पर्यटन स्थल आपस में जुड़ेंगे। इस दौरान यह भारत के पांच राज्यों, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम और साथ ही बांग्लादेश से होकर गुजरेगा। जहाज बांग्लादेश में 15 दिनों तक रुकेगा। इसके अलावा इस पूरी यात्रा में अलग-अलग राज्यों के कुल 50 पर्यटन स्थलों का भी लुत्फ पर्यटक उठा सकेंगे। इनमें विश्व धरोहर स्थल, नेशनल पार्क, नदियों के घाट और अन्य जगहें शामिल होंगी। गंगा विलास क्रूज की शुरूआत होना साधारण बात नहीं है। यह भारत में अंतर्देशीय जलमार्ग के विकास का उदाहरण है। 2014 से पहले देश में जलमार्ग का थोड़ा-बहुत ही उपयोग था। यह हाल तब था, जब भारत में जलमार्ग का पुरातन इतिहास है। मोदी सरकार ने 2014 के बाद देश की बड़ी नदियों में जलमार्ग के विकास के लिए कानून बनाये। 2014 में पांच राष्ट्रीय जलमार्ग देश में थे। आज 24 राज्यों में 111 जलमार्गों को विकसित करने पर काम हो रहा है। इसलिए पीएम मोदी ने गंगा विलास के उद्घाटन के मौके पर कहा कि जलमार्ग अब भारत के नये सामर्थ्य होंगे। भारत की ताकत में नदियां कई गुना इजाफा करेंगी।





### स्वदेशी तकनीक से लैस है गंगा विलास

यह अकेला ऐसा जहाज है, जो स्वदेशी तकनीक और फर्नीचर से लैस है। क्रूज को भारत की ही आर्ट हिस्टोरियन डॉ अन्नपूर्णा गर्रीमाला ने डिजाइन किया है। यह विशेष जहाज कोलकाता के पास एक शिपयार्ड में तैयार किया गया है। जहाज तो 2020 में ही तैयार हो गया था, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से इसका उद्घाटन नहीं हो पाया था। लग्जरी सुख-सुविधाओं से लैस इस क्रूज में हर वह आधुनिक सुख-सुविधा मौजूद है, जिसकी दरकार किसी सफर में हो सकती है। 62.5 मीटर लंबे, 12.8 मीटर चौड़े और 1.35 मीटर गहरे इस तीन मंजिला जहाज में कुल 18 सुइट यानी लग्जरी कमरे हैं। कमरों में कनवर्टिबल बेड, फ्रेंच बालकनी, एयर कंडिशनर, सोफा, एलइडी टीवी, स्मोक अलार्म, अटैच बाथरूम जैसी तमाम सुविधाएं हैं। जहाज पर जिम, स्पा, आउटडोर ऑब्जर्वेशन डेक, निजी बटलर सेवा और यात्रियों के लिए विशेष संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी इंतजाम है। क्रूज के इंटीरियर को देश की संस्कृति और हेरिटेज को ध्यान में रख कर डिजाइन किया गया है। इन खूबियों के चलते इसे तैरता हुआ पांच सितारा होटल कहा जा रहा है। क्रूज में आधुनिक उपकरणों से लैस एसटीपी लगायी गयी है। इंटीरियर में सफेद, गुलाबी, लाल और हल्के रंगों का इस्तेमाल किया गया है। वुडेन फ्लोरिंग और रंगों का बेहतर समन्वय पर्यटकों को सबसे अधिक पसंद आ रहा है। क्रूज में तीन डेक हैं। तीनों डेक पर अलग-अलग सुविधाएं हैं। क्रूज पूरी तरह से इको फ्रेंडली है। कचरों को एक जगह एकत्र कर सुरक्षित रूप से निस्तारित किया जाता है। प्रदूषण का स्तर शून्य रखने के लिए इंधन के रूप में हाई स्पीड डीजल का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसमें लगे ऑयल स्प्रेडर्स डीजल को गंगा में जाने से बचाते हैं।

### क्या है किराया और अन्य खासियत

इसका किराया 50 हजार रुपये प्रतिदिन है। सबसे खास बात यह है कि अगले दो साल के लिए इस क्रूज के सभी टिकट बुक हो चुके हैं। गंगा विलास में एक सुइट 38 लाख रुपये में बुक किया गया है। सुइट को कई यात्रियों ने मिल कर बुक किया है। ऐसे में एक यात्री के हिस्से में 13 लाख रुपये का खर्च आया है। अलग-अलग ट्रेवल स्लॉट के लिए किराया अलग अलग है। इनक्रेडिबल बनारस पैकेज की कीमत 1.12 लाख रुपये है। इस पैकेज में गंगा घाट से लेकर रामनगर तक का पर्यटन शामिल है। यह यात्रा चार दिन की होगी। वहीं, बनारस में एक दिन की यात्रा का किराया 300 डॉलर यानी करीब 25 हजार रुपये है। कोलकाता-बनारस पैकेज का किराया 4 लाख 37 हजार 250 रुपये है। कोलकाता से बांग्लादेश की राजधानी ढाका तक की यात्रा का किराया भी इतना ही है। कोलकाता से मुर्शिदाबाद राउंड ट्रिप (आठ दिन) के लिए 2 लाख 92 हजार 875 रुपये देने होंगे। गंगा विलास क्रूज की अपस्ट्रीम में रफ्तार 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटा है। डाउनस्ट्रीम में इसकी रफ्तार दोगुनी हो जाती है। क्रूज के संचालन में एक दिन में एक हजार लीटर डीजल खर्च होता है। इसकी ईंधन क्षमता 40 हजार लीटर की है। इस लिहाज से 40 दिन तक यह लगातार पानी पर तैर सकता है। क्रूज में 60 हजार लीटर पानी स्टोर करने की क्षमता है। क्रूज को इस तरह डिजाइन किया गया है कि पर्यटकों को प्लास्टिक की बोतलों की जरूरत ही ना पड़े।

### दुनिया के सबसे लंबे जलमार्ग पर चल कर बनायेगा रिकॉर्ड

सबसे खास बात यह है कि गंगा विलास दुनिया के सबसे लंबे जलमार्ग पर चल कर एक रिकॉर्ड कायम करेगा। यह क्रूज दुनिया के सबसे लंबे जलमार्ग को पार करेगा। दुनिया में अभी तक ऐसा कोई रिवर क्रूज नहीं है, जिसने इतनी लंबी यात्रा तय की हो। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि यह रिवर क्रूज भारत को दुनिया के रिवर क्रूज मानचित्र में स्थान दिलायेगा। दुनिया की सबसे बड़ी रिवर क्रूज यात्रा से काशी के पर्यटन क्षेत्र में तो एक उपलब्धि जुड़ी ही है, साथ ही साथ यह क्रूज भारत की अन्य अमूल्य धरोहरों से साक्षात्कार करायेगा।

### क्रूज का रूट

क्रूज वाराणसी (यूपी), गाजीपुर, बक्सर (बिहार), पटना, सिमरिया, मुंगेर, साहिबगंज (झारखंड), फरक्का (प. बंगाल), कोलकाता, ढाका (बांग्लादेश), गुवाहाटी (असम) और डिब्रूगढ़ (असम) से होकर गुजरेगा। क्रूज गंगा विलास से वाराणसी से बांग्लादेश होते हुए डिब्रूगढ़ (बोगीबील) तक 3,200 किलोमीटर की यात्रा होगी। 52 दिनों के सफर में क्रूज भारत व बांग्लादेश के 27 रिवर सिस्टम से गुजरेगा और देश की कई राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों सहित 50 से अधिक विरासत स्थलों पर रुकेगा।

### रोजगार के अवसर पैदा होंगे

केवल इतना ही नहीं, देश में रिवर क्रूज पर्यटन के विकास से इस क्षेत्र में देश के अन्य भीतरी इलाकों में भी रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सरकार देश में रिवर क्रूज पर्यटन की सफलता के लिए क्षमता निर्माण के लिए पूंजीगत व्यय कर रही है। देश में इस क्षेत्र के अधिकतम प्रदर्शन और तेजी से विकास के लिए नदी पर्यटन सर्किट को मौजूदा पर्यटन सर्किट के साथ विकसित और एकीकृत किया जायेगा। वैश्विक रिवर क्रूज बाजार की बात करें, तो यह पिछले कुछ वर्षों में पांच प्रतिशत की दर से बढ़ा है और 2027 तक इसके 37 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। ऐसे में भारत इस दिशा में नयी संभावनाएं तलाशने में लगा है।

### मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत का उदाहरण

गंगा विलास न केवल मेक इन इंडिया का प्रत्यक्ष उदाहरण है, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत का भी उदाहरण है। यह जहाज हमारे देश में ही बना है। जहाज के इंटीरियर को सांस्कृतिक विरासत को ध्यान में रख कर बनाया गया है। इसलिए इसे भारत की बढ़ती वैज्ञानिक क्षमता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक कहा जा सकता है। इसके अलावा यह क्रूज भारत की सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने और भारत की विविधता के खूबसूरत पहलुओं की खोज करने का एक अनूठा अवसर देता है। विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में यह क्रूज अतुल्य भारत का सुनहरा भविष्य तय करेगा। पीएम मोदी ने कहा था कि भारत की नदियों में आधुनिक क्रूज चले और व्यापार भी हो, पर्यटन भी हो, इस दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इस लक्ष्य को साकार करने के लिए ही 106 नये राष्ट्रीय जलमार्गों की शुरूआत की गयी है, जिससे आर्थिक क्षेत्र 25 गुना वृद्धि करेगा। वहीं देश में पर्यटन से जुड़े स्थानीय व्यापारियों को रोजगार भी मिलेगा। विकास की इस अहम यात्रा में गंगा विलास एक अहम अध्याय साबित होगा।

---

#### 8 करोड़ की लागत से 4 सड़कों का शिलान्यास

## भारत विश्वगुरु बनने की ओर मजबूती से पांव पसार रहा है : अन्नपूर्णा देवी

सुधीर सिन्हा

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं जमुआ के विधायक केदार हजरा ने शुक्रवार को जमुआ में 8 करोड़ की लागत से बनने वाली 4 सड़कों का शिलान्यास किया। रेंबा में समारोहपूर्वक रेंबा राजधनवार व नाथराय पेठंडी बांसडीह सड़क का शिलान्यास किया। शिलान्यास के पूर्व रेंबा में एक जनसभा का आयोजन किया गया। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरी है। कहा कि जी 20 की बैठक की अध्यक्षता करने का गौरव भारत को प्राप्त हुआ। कहा



कि केंद्र सरकार रोजगार सृजन का कार्य भी कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की लापरवाही के चलते बहुत सारी योजनाएं अधर में लटकी हैं। कोरोना काल से उबरकर हमारा देश पीएम के कुशल नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है।

कार्यक्रम में बोलते हुए जमुआ के विधायक केदार हजरा ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वे कटिबद्ध हैं। कहा केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंच रहा है। कहा कि हेमंत सरकार ने इस क्षेत्र में कहीं एक भी कार्य नहीं किया। कहा कि पेट्रोल में सब्सिडी किसी को नहीं मिला।

समारोह की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक उपाध्याय, सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, नारायण पांडेय, देवनाथ राणा, कार्तिक मंडल, प्रतिनिधि बैधनाथ यादव, किसान मोर्चा के परमेश्वर यादव, अशोक द्विवेदी, भोलानाथ द्विवेदी ने विचार रखे। कार्यक्रम में प्रिया साकेत ने सांसद को शॉल देकर सम्मानित किया।

---

## नक्सली हमले में घायल तीन जवानों को इलाज के लिए भेजा गया दिल्ली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पिछले दिनों चाइबासा में हुए लैंडमाइंस ब्लास्ट में घायल तीन जवानों को बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर दिल्ली भेजा गया है। मेडिका अस्पताल में सभी जवानों का इलाज चल रहा था।

मेडिका अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार तीन जवानों की स्थिति गंभीर थी, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली भेजा गया है। घायलों में शाहरुख खान, भरत सिंह राय और अजय लिंडा हैं।

अस्पताल से भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के बीच ग्रीन कॉरिडोर बनाकर उन्हें एयरपोर्ट पहुंचाया गया।

**मेडिका से भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के बीच ग्रीन कॉरिडोर बनाकर उन्हें एयरपोर्ट पहुंचाया गया**

### 11 और 12 जनवरी को हुआ था ब्लास्ट

बता दें कि 11 और 12 जनवरी को चाइबासा के टोंटो में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया था। इस ब्लास्ट में कोबरा बटालियन के कुल नौ जवान घायल हो गये। घायल सभी सीआरपीएफ के जवान हैं। पुलिस मुख्यालय को जानकारी मिलते ही तुरंत चॉपर भेज कर सभी घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए रांची लाया गया था।

---

## पूर्व विधायक निर्मला देवी जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर निकलीं

**योगेंद्र साव और अंबा प्रसाद उन्हें लेने जेल गेट गये थे**

**वर्षों बाद पूरा हुआ हमारा परिवार, इससे अच्छी खुशी कोई नहीं: अंबा प्रसाद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** पूर्व विधायक निर्मला देवी शुक्रवार को जेल से रिहा हुईं। उन्हें हाइकोर्ट ने जमानत दी थी। पूर्व विधायक को बेल मिलने पर निर्मला देवी के पति पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, पुत्री बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, पुत्र अंकित राज, छोटी पुत्री अनुप्रिया समेत परिजनों ने होटवार जेल पहुंच कर निर्मला देवी का स्वागत और अभिनंदन किया। बता दें कि



बड़कागांव में एनटीपीसी के खिलाफ हुए आंदोलन के क्रम में हुई गोलीबारी में पूर्व विधायक निर्मला देवी को रांची की एमपी एमएलए की कोर्ट ने सजा सुनायी थी। झारखंड हाइकोर्ट ने उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें जमानत दी थी। जेल से निकलने पर पूर्व विधायक निर्मला देवी ने कहा कि न्यायालय पर पूरा भरोसा और विश्वास था कि मुझे एवं मेरे पूरे परिवार को न्याय अवश्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती बीजेपी सरकार एवं कंपनी के अधिकारियों ने साजिश के तहत मेरे परिवार को फंसाया है।

विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि वर्षों के बाद हमारा परिवार पूरा हुआ है, इससे अच्छी खुशी कुछ नहीं हो सकती।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.4 °c | 11.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.23 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.33 बजे | |



### उद्योग विभाग की प्रधान सचिव समेत जिले के अधिकारियों ने किया दौरा

# पतरातू लेक रिजॉर्ट में ठहरेंगे जी 20 समिट के प्रतिनिधि

**जी प्लस 3 वीआइपी गेस्ट हाउस के अलावा लेक रिजॉर्ट, डैम में बने टापू का निरीक्षण किया**

संतोष कुमार

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** भारत में होने वाले जी-20 समिट को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गयी है। बताया जाता है कि दुनिया के 20 शक्तिशाली देशों से आने वाले प्रतिनिधि झारखंड के रामगढ़ जिले के पतरातू लेक रिजॉर्ट में ठहरेंगे। इसकी तैयारी और इनके ठहरने के लिए लेक रिजॉर्ट में बन रहे जी प्लस 3 वीआइपी गेस्ट हाउस को फरवरी माह तक तैयार कर लिया जायेगा शुक्रवार को झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव समेत जिले के अन्य अधिकारी लेक रिजॉर्ट पहुंचे। इस मौके पर पतरातू लेक रिजॉर्ट में प्रधान सचिव उद्योग विभाग वंदना डाडेल, सचिव निर्माण विभाग सुनील कुमार, निदेशक पर्यटन अंजली यादव, सचिव पर्यटन मनोज कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण राजेश कुमार सिंह, अभियंता प्रमुख अरुण पांडेय, भवन निर्माण निदेशक संजय कुमार सिंह, रामगढ़ उपायुक्त माधुवी मिश्रा, एसपी पियूष पांडेय सहित कई अधिकारियों ने जी प्लस 3 वीआइपी गेस्ट हाउस के अलावा लेक रिजॉर्ट, डैम में बने टापू का निरीक्षण किया।



### झामुमो ने यात्रा की सफलता के लिए की बैठक

# खतियानी जोहार यात्रा का दूसरा चरण 17 जनवरी से



**विनोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में हुई बैठक, तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों से चर्चा की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही खतियानी जोहार यात्रा का दूसरा चरण 17 जनवरी से शुरू होगा। इस यात्रा की लेकर झामुमो पूरी तैयारी में जुट गया है। इसकी तैयारी को लेकर पूर्वी सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां जिला समिति की विस्तारित बैठक शुक्रवार को रांची के हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में हुई। पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पूर्वी सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां जिला समिति के पदाधिकारी केंद्रीय समिति के सदस्यों से अपनी बात रखी। यात्रा की सफलता के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी। खातियानी जोहार यात्रा के द्वितीय चरण में 17 जनवरी को कोडरमा, 18 जनवरी को गिरिडीह, 23 जनवरी को सिमडेगा, 24 जनवरी को पश्चिम सिंहभूम, 31 जनवरी को सरायकेला-खरसावां एवं 31 जनवरी 2023 को पूर्वी सिंहभूम जिला में कार्यक्रम आयोजित है। इस बैठक में मुख्य रूप से विधायक रामदास सोरेन, सविता महतो, मंगल कालिंदी, संजीव सरदार, समीर मोहंती, सरायकेला-खरसावां जिला अध्यक्ष डॉ. शुभेंदु महतो सहित कई नेता मौजूद थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिस्थिति में सुधार होगा, नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना।

**वृष** रोजी-रोजगार में सफलता, यशस्वीकार्य करने का अवसर मिलेगा, राजनीतिक लाभ।

**मिथुन** श्रेष्ठजनों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी।

**कर्क** व्यक्तित्व का विकास, आत्मविश्वास की वृद्धि, धन-द्रव्य का लाभ, शुभसमाचार की प्राप्ति होगी।

**सिंह** विविध उलझनों का सामना होगा, नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद।

**कन्या** आर्थिक विकास, पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे, पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा।

**तुला** अत्यधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी में बाधा, परिवार में अशांति का वातावरण।

**वृश्चिक** चिरसंचित अभिलाषा पूरी होगी, आकस्मिक लाभ, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**धनु** सुख-साधनों की वृद्धि, आत्मविश्वास में वृद्धि, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा।

**मकर** सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से लाभ, हर्षदायक समाचार मिलेंगे।

**कुंभ** महत्वपूर्ण काम सिद्ध होंगे, आरोग्यसुख, दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद।

**मीन** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति, सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, व्यापार में लाभ।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

# छह जिलों का दौरा करेगी विधानसभा समिति

**सरकार के तीन साल के कामकाज की रिपोर्ट तैयार करेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा की जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति 16 जनवरी से 22 जनवरी तक छह जिलों का दौरा करेगी। सात दिनों तक समिति के सदस्य जमशेदपुर, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, कोडरमा और हजारीबाग जिले का स्थल अध्ययन यात्रा करेंगे। इस दौरान समिति इन जिलों में राज्य सरकार की ओर से तीन साल से चलायी जा रही विकास योजनाओं और परियोजनाओं की स्थिति का आकलन करेगी। यात्रा के दौरान तैयार की गयी रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर रखा जायेगा।

### 16 जनवरी से दौरे पर निकलेगी पांच सदस्यीय टीम

विधानसभा की जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति में एक अध्यक्ष और चार सदस्य शामिल हैं। समिति के अध्यक्ष विधायक रामदास सोरेन हैं, जबकि विधायक बैद्यनाथ राम, बिरंची नारायण, बसंत सोरन और पुष्पा देवी सदस्य हैं। समिति के दौरे को लेकर झारखंड विधानसभा की ओर से राज्य के 25 विभागों के सचिवों और राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को पत्र भेजा गया है, जिसमें कहा गया है कि सभी विभाग जिलों में प्रतिनियुक्त अपने अधिकारियों को जिलों में समिति की होनेवाली बैठकों और स्थल निरीक्षण के दौरान योजनाओं से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट के साथ भेजें।

**छह जिलों के अधिकारियों के साथ बैठक**

समिति के सदस्य 16 जनवरी को जमशेदपुर में डीसी समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और स्थल निरीक्षण करेंगे। 17 जनवरी को जमशेदपुर में अधिकारियों के साथ बैठक के बाद टीम बोकारो के लिए रवाना होगी, जहां अधिकारियों के साथ बैठक के बाद स्थल निरीक्षण किया जायेगा। इसके बाद 18 जनवरी को टीम धनबाद, 19 जनवरी को गिरिडीह, 20 जनवरी को कोडरमा और 21 एवं 22 जनवरी को हजारीबाग में बैठक और स्थल निरीक्षण करेगी।

# राज्य के उत्कृष्ट और मॉडल स्कूलों में नौकरी का मौका

**14 विषयों में नियुक्ति के लिए आवेदन शुरू, जिला स्तर पर होगा चयन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से शुरू किये गये उत्कृष्ट और मॉडल स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो गयी है। ऐसे 80 उत्कृष्ट और 325 मॉडल स्कूल हैं, जहां शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी। झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से ऐसे स्कूलों में नियुक्ति की प्रकिया शुरू करने के लिए सभी जिला के शिक्षा पदाधिकारी को चिट्ठी जारी कर दी गयी है। चिट्ठी के आलोक में कई जिलों में आवेदन शुरू कर दिया गया है।

### ऐसे की जायेगी नियुक्ति

मॉडल और उत्कृष्ट विद्यालयों में शिक्षक नियुक्ति के लिए जिला स्तर पर आवेदन निकाले जा रहे हैं। आवेदन को इच्छुक और योग्यता रखने वाले उम्मीदवार अपने जिले से जिला शिक्षा पदाधिकारी की वेबसाइट या ऑफिस से संपर्क कर सकते हैं। शिक्षक नियुक्ति के लिए भरे हुए आवेदन को जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में जमा करना होगा। इसके बाद आवेदन के आधार पर प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा। इसके बाद लिखित परीक्षा ली जायेगी। लिखित परीक्षा के परिणाम और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के आधार पर चयन होगा।

### इतना मिलेगा वेतन

शिक्षा विभाग ने इन विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर नियम-कानून स्पष्ट कर दिये हैं। शिक्षकों की नियुक्ति प्लस टू शिक्षक और हाइस्कूल शिक्षक के रूप में होगी। पीजीटी शिक्षक को 27500 और टीजीटी शिक्षक को 26500 रुपये मानदेय दिये जायेंगे। नियुक्ति जिला स्तर पर होगी, इसलिए आरक्षण रोस्टर जिला स्तर का होगा। पीजीटी शिक्षक बनने के लिए संबंधित विषय जिसमें चयन होना है, उसमें 50 फीसदी अंक के साथ पीजी और बीएड की डिग्री होनी चाहिए। टीजीटी शिक्षक बनने के लिए संबंधित विषय में 45 फीसदी अंक के साथ स्नातक और बीएड की डिग्री होनी चाहिए। आवेदक की उम्र न्यूनतम 21 वर्ष और अधिकतम 55 वर्ष होनी चाहिए। उम्र की गणना 31.12.2022के आधार पर की जायेगी।

### कांट्रैक्ट पर आधारित होगी नियुक्ति

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने अपनी नियुक्ति नियमावली में कहा है कि यह नियुक्ति पूरी तरह संविदा पर आधारित होगी। नियुक्ति एकेडमित सेशन या पूर्णकालीन शिक्षकों की नियुक्ति(जो पहले हो) होने तक की जायेगी। शिक्षकों की नियुक्ति 11 माह के कांट्रैक्ट पर की जायेगी।

### इन विषयों में होगी नियुक्ति

शिक्षकों की नियुक्ति 14 विषयों में की जायेगी। जो हिंदी, अंग्रेजी, ऊर्दू, फारसी, गणित/फिजिक्स, केमिस्ट्री/बायोलॉजी, ज्योग्राफी, हिस्ट्री/सिविक्स, संस्कृत, इकोनोमिक्स, कॉमर्स, स्पोटर्स, होम साइंस और सोशियोलॉजी में की जायेगी।

## कस्तूरबा गांधी स्कूल में महिला शिक्षकों की होगी नियुक्ति, 24 जनवरी आवेदन करने की अंतिम तिथि


**रांची।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 14 पदों पर महिला शिक्षकों की नियुक्ति होगी। यह नियुक्ति गुमला में संचालित 10 आवासीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में होगी। 14 पदों पर महिला शिक्षकों की भर्ती अलग-अलग विषयों के लिए होगी। ऑफलाइन मोड में 24 जनवरी 2023 आवेदन करने की अंतिम तिथि है।

विज्ञान, भाषा, गणित और सामाजिक विज्ञान विषयों के लिए पूर्णकालिक शिक्षिकाओं की भर्ती की जानी है। यह भर्ती पूर्णतया अस्थायी और अप्लकालिक संविदा के आधार पर होग। इन पदों के लिए केवल महिला अभ्यर्थी ही आवेदक की पात्र हैं। इच्छुक और योग्य महिला उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये एप्लीकेशन फॉर्म के माध्यम से ऑफलाइन मोड में अप्लाई कर सकती हैं।

# 15 लाख का इनामी नक्सली कृष्णा हांसदा गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस और एनआइए का मोस्ट वांटेड 15 लाख का इनामी नक्सली कृष्णा हांसदा गिरफ्तार हुआ है। कृष्णा की गिरफ्तारी गिरिडीह पुलिस और सीआरपीएफ द्वारा संयुक्त छापेमारी अभियान में हुई है।



### माओवादी रिजनल कमेटी मेंबर है कृष्णा

कृष्णा हांसदा भाकपा माओवादी रिजनल कमेटी का मेंबर है। पिछले कई वर्षों से कृष्णा पारसनाथ के इलाके में अपने दस्ते के साथ सक्रिय था। इस दौरान इसने यहां कई घटनाओं को अंजाम दिया है। कृष्णा को पकड़ने के लिए पुलिस और सीआरपीएफ लगातार अभियान चला रही थी। कई बार कृष्णा पुलिस के हत्थे आते-आते बचा था। कृष्णा मूल रूप से पीरटांड़ का रहनेवाला है। उसको एनआइए ने कांड संख्या 19/2018 और 21/2018 में मोस्टवांटेड घोषित किया है।

# गठबंधन की सरकार में कांग्रेस ने खोया आधार, हेमंत हुए मजबूत : सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधायक सरयू राय ने ट्वीट कर कहा कि झारखंड में कांग्रेस का आधार कमजोर हो चुका है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन साल के गठबंधन की सरकार में झारखंड कांग्रेस ने अपने आधार का जो हिस्सा खो दिया है, उसे वह निकट भविष्य में तो पाने की स्थिति में नहीं है। कांग्रेस के आधार का खोया हुआ हिस्सा अब हेमंत सोरेन का हो गया है यानी इस गठबंधन से झारखंड में कांग्रेस कमजोर और झामुमो मजबूत हुई है। सरयू ने मंत्री बन्ना गुप्ता पर भी तंज कसते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में जब कोई मौसमी कांग्रेसी मंत्री गठबंधन सरकार में शामिल रहने पर गर्व की घोषणा करता है, तब विरासत का एक हिस्सा छिटक जाता है। शुक्रवार को ट्वीट करते हुए सरयू ने लिखा कि विगत तीन वर्ष के गठबंधन सरकार में झारखंड कांग्रेस ने अपने आधार का जो हिस्सा खो दिया, उसे फिर से पाना निकट भविष्य में संभव नहीं। अब यह हेमंत सोरेन का हो गया है।



# झारखंड कांग्रेस : 1932 की नीति पर अल्पसंख्यक नेता फुरकान अंसारी और शहजादा अनवर के अलग-अलग विचार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 1932 की खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति बनाने को लेकर झारखंड कांग्रेसी नेताओं में अभी भी एक मत नहीं है। कोल्हान से कोड़ा दंपति (मधु कोड़ा और गीता कोड़ा), झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के बाद अब पार्टी के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद फुरकान अंसारी भी 1932 की नीति से सहमत नहीं दिखते। प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित कार्यसमिति बैठक में अल्पसंख्यक नेता फुरकान अंसारी ने 1932 का खतियान लाने को कोई आधार नहीं बताया है। प्रभारी अविनाश पांडे के समक्ष पूर्व सांसद ने कहा, यह अंग्रेजों के समय का नियम है। उस समय झारखंड नहीं बल्कि एकीकृत बिहार था। 1932 की नीति लाने का कोई फायदा नहीं होगा। दूसरी तरफ प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने बैठक में 1932 की स्थानीय नीति लाने को अतिआवश्यक बताया।





### झामुमो-कांग्रेस की अंदरूनी सोच अलग-अलग

बता दें कि 1932 की खतियान आधारित स्थानीय नीति प्रस्ताव को हेमंत सोरेन सरकार विधानसभा से पारित कर चुकी है। 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिहाज से इस पहल को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उसकी पार्टी झामुमो का एक मास्टर स्ट्रोक बताया जा रहा है।

### झामुमो के लिए 1932 महत्वपूर्ण क्यों?

झामुमो के लिए 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति एक जड़ी बूटी के समान है। दरअसल झामुमो की पूरी राजनीति आदिवासी-मूलवासी के इर्द-गिर्द ही केंद्रित है। 1932 की नीति से आदिवासी-मूलवासी वोटरों का एक सेंटीमेंट जुड़ा है। झामुमो 2024 के चुनाव में इसी सेंटीमेंट का फायदा उठाना चाहती है।

**कांग्रेस के लिए नुकसानदेय क्यों?**

प्रदेश की राजनीति में कांग्रेस का एक बड़ा वोट बैंक बाहरी मूल के लोगों का है। 1932 की नीति अगर लागू होती है, तो वैसे विधानसभा में कांग्रेस को नुकसान झेलना पड़ेगा, जहां पार्टी मजबूत स्थिति में है या सीट का दावा करती है। इसमें रांची, धनबाद, जमशेदपुर और बोकारो जैसे बड़े शहर शामिल हैं। 1932 की नीति लाने से यहां रह रहे 70 प्रतिशत लोग स्थानीय होने की शर्त को पूरा नहीं कर पायेंगे। यानी वे झारखंड से बाहर के हो जायेंगे। साफ है कि इसका सीधा नुकसान कांग्रेस को ही होगा।

# रांची और जमशेदपुर में शुरू हुआ एयरटेल 5जी प्लस

**सिम बदलने की नहीं होगी जरूरत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के दो शहर रांची और जमशेदपुर में शुक्रवार से एयरटेल 5जी प्लस सेवा शुरू हो गयी है। इसका लाभ लेने के लिए किसी तरह का अतिरिक्त पैसे देने की जरूरत नहीं है। जैसे-जैसे कंपनी अपना नेटवर्क बना रही है और रोल आउट पूरा कर रही है, एयरटेल 5जी प्लस सेवाएं क्रमवार ग्राहकों के लिए उपलब्ध होंगी। 5जी- सक्षम डिवाइस वाले ग्राहक बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के एयरटेल 5जी प्लस नेटवर्क का उपयोग तब तक कर सकते हैं।

### यहां ले सकते हैं 5जी प्लस का आनंद

**रांची**

रांची रेलवे स्टेशन, मेन रोड, फिरायालाल चौक, लालपुर, हिनू चौक, हरमू, पिस्का मोड़, कांटाटोली, दीपाटोली, खेलगांव, बूटी मोड़, राजेंद्र चौक।

**जमशेदपुर**

साकची मार्केट, बिष्टुपुर, टेल्को कॉलोनी, टाटानगर रेलवे स्टेशन, सोनारी, मानगो-डिमना रोड, कदमा, पीएम मॉल, भुवनेश्वरी मंदिर एरिया।

### 4जी से 30 गुणा अधिक स्पीड से करेगा काम

लांचिंग के मौके पर कंपनी के झारखंड, बिहार और ओड़िशा के सीइओ अनुपम अरोरा ने कहा, मैं रांची और जमशेदपुर में एयरटेल 5जी प्लस के लांच की घोषणा करते हुए रोमांचित हूं। एयरटेल के ग्राहक अब मौजूदा एक अल्ट्राफास्ट नेटवर्क का उपयोग कर सकते हैं। हम पूरे शहर में इसका विस्तार करने की प्रक्रिया में हैं जो हमारे ग्राहकों को गेमिंग, मल्टीपल चैट, इंस्टेंट फोटो अपलोड और एचडी वीडियो स्ट्रीमिंग जैसी गतिविधियों के लिए सुपरफास्ट एक्सेस प्रदान करेगा।

# प्रदेश जदयू कार्यालय में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी

रांची (आजाद सिपाही)। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। उन्होंने कहा श्री यादव देश के कद्दावर नेताओं में से थे। उनके साथ तीस वर्षों से भी अधिक समय तक साथ काम करने का मौका मिला।यह राजनीति का बड़ा नुकसान है।

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 08221502 | रिले प्लग इन टाइप स्टाइल ए सी एल ई डी | 737 नग | 06-02-23 |
| 02 | 09232068 | बोगी सेंटर पिवेट टॉप | 2200 नग | 06-02-23 |
| 03 | 16220387A | मोटर हाइड्रोलिक फॉर वेंट फैन इंजन | 36 नग | 08-02-23 |
| 04 | 04220016 | ऑयल सर्वो गियर एच पी 90 | 45780 लीटर | 09-02-23 |
| 05 | 07220377 | वाटर टैंक (2 x 685 लिटर्स) असेम्बली | 212 नग | 10-02-23 |
| 06 | 09222576 | 22.22 एम एम डीआ लॉक बोल्ट | 22638 सेट | 10-02-23 |
| 07 | 14221030 | क्लीनिंग साल्वेंट फॉर इलेक्ट्रिकल रोटिंग मशीन | 78135 कि.ग्रा. | 13-02-23 |
| 08 | 03222223 | डेकोरेटिव थर्मोसेटिंग सिंथेटिक रेसिन बोंडेड | 3041 नग | 14-02-23 |

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं0 78 / 2022–2023 दिनांक : 13.01.2023
152/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
No 1 Channel
YouTube Channel
Subscribe NOW



## शरद यादव के निधन पर मुख्यमंत्री सहित राज्य के सभी दलों के नेताओं ने दुख जताया

रांची (आजाद सिपाही)। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री रहे शरद यादव के निधन पर झारखंड के सभी दलों के नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी, दीपक प्रकाश, कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय एवं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो ने भी शोक-संवेदना व्यक्त की है। इन नेताओं ने ट्वीट करके दिवंगत शरद यादव को श्रद्धांजलि दी है।

### शरद यादव सामाजिक न्याय के पुरोधा : मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने शरद यादव के निधन को भारतीय राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि समाजवाद और सामाजिक न्याय के पुरोधा शरद जी हमेशा गरीब, वंचित और शोषित समाज के हक-अधिकारों की आवाज बने। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को दुख की इस विकट घड़ी को सहन करने की शक्ति दें।

### शरद यादव का निधन देश के लिए बड़ी क्षति : बाबूलाल



भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रखर समाजवादी नेता शरद यादव का निधन देश के लिए एक बड़ी क्षति है। अपने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने हमेशा समाज के कमजोर वर्गों की समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाया। दुख की इस घड़ी में मैं उनके शोकाकुल परिवार और समर्थकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

### शरद यादव का निधन अत्यंत दुखद : दीपक प्रकाश



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने भी शरद यादव के निधन पर शोक प्रकट किया। उन्होंने कहा कि कई बार लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहे बिहार के वरिष्ठ नेता शरद यादव का निधन अत्यंत दुखद है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें।

### समाजवादी आंदोलन के लिए बड़ी क्षति : सुबोधकांत



पूर्व केंद्र मंत्री सुबोध कांत सहाय ने शरद यादव के निधन को समाजवादी आंदोलन के लिए बड़ी क्षति बतायी। उन्होंने कहा कि हमारे साथी देश की समाजवादी धारा के वरिष्ठ नेता, शरद यादव के निधन से दुखी हूं। उन्होंने वंचितों-शोषितों के दर्द को दूर करने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनका निधन समाजवादी आंदोलन के लिए बड़ी क्षति है। परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं।

### राजेश ठाकुर ने राहुल गांधी के ट्वीट को किया रीट्वीट



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने राहुल गांधी के ट्वीट को रीट्वीट किया। इसमें राहुल गांधी ने कहा है कि शरद यादव समाजवाद के पुरोधा होने के साथ एक विनम्र स्वभाव के व्यक्ति थे। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। उनके शोकाकुल परिजनों को अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। देश के लिए उनका योगदान सदा याद रखा जायेगा।

### भारतीय राजनीति को हुई अपूरणीय क्षति : सुदेश



आजसू के अध्यक्ष सुदेश महतो ने भी शरद यादव को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा प्रख्यात समाजवादी नेता शरद यादव के निधन की अत्यंत दुखद सूचना मिली। शरद बाबू के चले जाने से भारतीय राजनीति को अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

### शरद जी का निधन एक अपूरणीय क्षति : अन्नपूर्णा



केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने वरिष्ठ समाजवादी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। उन्होंने कहा है कि शरद जी के निधन के साथ ही भारतीय समाजवादी राजनीति का एक मजबूत स्तंभ ढह गया है। तानाशाही और परिवारवाद के खिलाफ उनके संघर्ष को यह देश सदैव याद रखेगा। अन्नपूर्णा देवी ने शरद यादव को श्रद्धांजलि देते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति और उन्हें चाहने वालों को यह आघात सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

## शरद यादव के निधन पर विद्यापति स्मारक समिति ने जताया शोक

रांची (आजाद सिपाही)। समाजवादी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव के निधन से राजनीतिक जगत में शोक की लहर है। वहीं विद्यापति स्मारक समिति, रांची के अध्यक्ष एवं तमाम सदस्यों ने उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है। शुक्रवार को विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय आरआइटी बिल्डिंग, रांची में एक आवश्यक बैठक में समिति के लोगों ने शरद यादव की मौत पर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस शोक सभा में मुख्य रूप से महासचिव उदित नारायण ठाकुर, श्रेष्ठ नारायण ठाकुर, बच्चा राम झा, बीके झा, अमरेंद्र मोहन झा, विद्याकांत झा, रंजीत लाल दास, दिलीप झा, भानु कच्छप, रमेश भारती, संजीव कुमार, संजीव मिश्रा, संतोष झा, श्रीराम मिश्र, कृतेश झा, अशोक मिश्रा आदि मौजूद थे।

**धांधली : बैंक से संपुष्टी कॉल में पकड़ाया फर्जीवाड़ा**

# फर्जी साइन कर 9.76 लाख रुपये की निकासी करने पहुंचा था लेखपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएसएलपीएस के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक का फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक ऑफ इंडिया हरमू शाखा से 9.76 लाख अवैध निकासी का मामला गुरुवार को प्रकाश में आया है। जेएसएलपीएस के लेखपाल पर ही फर्जी तरीके से 9.76 लाख निकासी का प्रयास करने के मामले में पंडरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। दर्ज प्राथमिकी में जेएसएलपीएस के मुख्य परिचालन पदाधिकारी विष्णु चरण परिडा ने कहा है कि बैंक आफ इंडिया हरमू शाखा से 9.76 लाख निकासी का संपुष्टि कॉल आया। हालांकि बैंक को यह कहते हुए

**पंडरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी**

भुगतान करने से मना किया गया कि यह एडवाइस जेएसएलपीएस द्वारा निर्गत नहीं किया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि यह एडवाइस गलत तरीके से बनाकर लेखपाल शशांक वर्मा स्वयं बैंक गये थे जो सीसीटीवी में स्पष्ट है। शशांक वर्मा के द्वारा गलत तरीके से एडवाइस बनाकर और उसपर राज्य कार्यक्रम प्रबंधक वित्त एवं मुख्य परिचालन पदाधिकारी रंजन श्रीवास्तव का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर पैसा निकासी के लिए बैंक में उपस्थापित किया था। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### टीडीएस कटौती शाखा के इंचार्ज हैं लेखपाल, एक वर्ष की फाइल है गायब

विभागीय जांच में इस बात की भी पुष्टी हुई है कि फरवरी 2022 से कार्यालय से टीडीएस कटौती से संबंधित फाइल गायब है। जेएसएलपीएस के कर्मचारियों से टीडीएस कटौती और राशि जमा करने से संबंधित अभिलेख एवं विवरण संधारित किया जाता था जिसके संचिका का संधारण लेखापाल शशांक वर्मा ही शुरू से करते थे। इस कार्य के लिए लेखपाल शशांक को डोमेन हेड रंजन श्रीवास्तव के द्वारा अधिकृत किया गया था। रंजन श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया है कि टीडीएस से संबंधित कटौती को जमा करने में वित्तीय अनियमितता का प्रकरण फरवरी 2022 में संज्ञान में आया। चूंकि शशांक वर्मा के द्वारा इस संचिका का संधारण किया जाता था और अंतिम बार 7 फरवरी 2022 को इनके द्वारा ही संचिका पर टिप्पणी अंकित किया गया था। इसके बाद से उक्त संचिका कार्यालय में नहीं है। शशांक वर्मा से कई बार संचिका उपस्थित करने को कहा गया लेकिन उसने अबतक वापस नहीं किया और ना ही कोई जवाब दिया।

## बहावलपुरी पंजाबी समाज ने सांझी लोहड़ी मनायी

**कार्यक्रम में संजय सेठ, महुआ माजी और सीपी सिंह हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बहावलपुरी पंजाबी समाज द्वारा शुक्रवार को कृष्णा नगर कॉलोनी रातू रोड में गुरुद्वारा मंदिर चौक पर रात 9:30 बजे लोहड़ी का पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद महुआ माजी तथा रांची विधानसभा क्षेत्र के विधायक सीपी सिंह ने संयुक्त रूप से लोहड़ी प्रज्ज्वलित की। लोहड़ी प्रज्ज्वलन के साथ ही महिलाओं द्वारा लोहड़ी का गीत' सूंदर मुंदरिये हो तेरा कौन विचारा...' गाया गया और ढोल की थाप में भांगड़ा किया गया। मौके पर समाज के मुखी राधेश्याम किंगर, गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल, सचिव अर्जुन देव मिढ़ा, मनीष मिढ़ा, हरविंदर सिंह बेदी, श्री राधा कृष्ण मंदिर के अध्यक्ष मनोहर लाल जसूजा एवं सचिव केसर पपनेजा एवं नंदकिशोर अरोड़ा उपस्थित थे। संस्था के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

लोहड़ी पूजने के लिए लकड़ी रेवड़ी और फुल्ला प्रसाद संस्था द्वारा ही कार्यक्रम स्थल पर उपलब्ध कराया गया। समाज के संरक्षक डॉ सतीश मिढ़ा, अध्यक्ष ललित किंगर एवं सचिव अश्विनी सुखिजा ने लोगों को लोहड़ी त्योहार की शुभकामनाएं दी। समाज के सभी लोगों ने इस खुशियों के त्योहार में सपरिवार शामिल होकर लोहड़ी पूजन किया। मीडिया प्रभारी ने जानकारी दी कि इस मौके पर समाज के भूषित सरदाना,वंशिता अरोड़ा, अनिशा अरोड़ा, ऐश्वर्या तलेजा को राहुल-निखिल एकेडमिक अवार्ड दिया गया।

इस कार्यक्रम में गोपाल दास सरदाना, नारायण दास अरोड़ा, भगवान सिंह बेदी, ओम प्रकाश बरेजा, प्रो मनोहर लाल मिढ़ा, वेद प्रकाश मिढ़ा, लक्ष्मण दास मिढ़ा, अंचल किंगर, नरेश पपनेजा, किशोर पपनेजा, कवलजीत मिढ़ा, मुकेश बजाज, आशीष दुआ, प्रमोद चुचरा, अमरजीत बेदी, महेश कुक्कड़, राकेश बरेजा, कामराज खत्री, सोनू पपनेजा, मोहन खीरबाट, जितेंद्र मुंजाल, कमलेश मिढ़ा, बिमला किंगर, गीता कटारिया, रवि सोनी, मनीषा मिढ़ा, शीतल मुंजाल, ऋचा मिढ़ा, कंचन काठपाल, ज्योति मिढ़ा, आशा खत्री, सिम्मी पपनेजा समेत अन्य शामिल थे।

### प्रदेश राजद कार्यालय में शोकसभा आयोजित

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव के निधन पर शुक्रवार को प्रदेश राजद कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने दुख व्यक्त कर कहा कि महान समाजवादी नेता चितक, सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्ष ताकतों को मजबूत करने वाले नेता को हमलोगों ने खो दिया है। वहीं प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शरद यादव निधन से एक राजनीतिक अध्याय की समाप्ति हो गयी है। यह पूरे समाज के लिए दुखद है पूरा राजद परिवार मर्माहत और दुखी है।

## हड़ताल वापस होने के बाद काउंसिल सदस्य हेमंत शिकरवार का इस्तीफा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्य हेमंत शिकरवार ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने लिखित रूप से काउंसिल को इस्तीफा देकर कहा है कि वह अब से काउंसिल के किसी चुनाव में दावेदारी पेश नहीं करेंगे। चुनाव नहीं लड़ने की लिखित जानकारी वह काउंसिल को एफिडेविट के माध्यम से देंगे। हाइकोर्ट के अधिवक्ता और काउंसिल के सदस्य ने कहा है कि वह वकीलों के लिए अकेले लड़ रहे थे। काउंसिल के सभी सदस्यों के बीच कोर्ट फीस, डेथ क्लेम

**कहा- जीत सकते थे, लेकिन काउंसिल ने हथियार डाल दिये**

समेत अन्य मांगों को लेकर शुरू हुई लड़ाई में उन्हें अकेलेपन का एहसास हुआ, जिसकी वजह से वह वकीलों की लड़ाई हार गये।

**हमारी लड़ाई राज्य के वकीलों के लिए शुरू हुई थी**

हेमंत शिकरवार ने यह भी कहा कि जब काउंसिल ने कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया था, तो फिर बिना मांगें पूरी हुए कार्य बहिष्कार के फैसले को वापस क्यों लिया गया। हर बार आंदोलन होता है और अधिवक्ता खाली हाथ रह जाते हैं। हमारी लड़ाई राज्य के वकीलों के लिए शुरू हुई थी, जिसमें कई मांगे शामिल थीं, लेकिन बिना किसी उचित आश्वासन के इस लड़ाई को बीच में छोड़ दिया गया। अगर यह लड़ाई ढंग से लड़ी जाती तो काउंसिल की जीत होती, लेकिन काउंसिल ने हथियार डाल दिये, जिससे एक बार फिर वकीलों की मांग पूरी नहीं हुई। हमें यह लड़ाई जारी रखनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया, बल्कि स्ट्राइक वापस लेने का निर्णय कर दिया गया।

**फर्जीवाड़ा : अवैध सस्ती शराब का ब्रांडेड खेल, एक ट्रक अवैध शराब बरामद**

# अरुणाचल की 270 रुपये की शराब को झारखंड में ब्रांडेड बोतल में भरकर 780 रुपये में बेचा जा रहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में अवैध सस्ती शराब दूसरे राज्यों से मंगा, महंगे ब्रांडेड बोतल में उसे भर बेचने का कारोबार तेजी से चल रहा है। उत्पाद विभाग की टीम ने बुधवार को अरुणाचल प्रदेश से रांची मंगाये गये 15 लाख रुपये मूल्य के एक ट्रक अवैध शराब (करीब 500 पेटी) पकड़ा। ट्रक के साथ तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। इनमें कांके रोड का शराब माफिया आरीफ खान, कोलकाता का रफीक हुसैन और बरही का ड्राइवर शमशाद अंसारी शामिल है। गिरफ्तार लोगों से अबतक हुई पूछताछ में यह बात सामने आई है कि अरुणाचल से सस्ता ब्रांड का शराब मंगाया जाता है। जिसे रांची में छोटे शराब माफियाओं के बीच बेच दिया जाता था। वे उसे महंगे शराब के बोतलों में भरकर ब्रांडेड शराब तैयार किया जा रहा था और रांची के होटलों व ढाबों में सप्लाई किया जा रहा था। ये खेल लंबे समय से रांची और आसपास में चल रहा है। इसके पीछे बड़े माफिया रांची में सक्रिय हैं। जिन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है। उत्पाद विभाग पकड़े गये तीनों से इस संबंध में पूछताछ कर रही है कि अरुणाचल प्रदेश की शराब किन लोगों को सप्लाई किया जाता था।

### ऐसे होता है सस्ते से महंगा ब्रांडेड शराब तैयार



अरुणाचल से जो शराब मंगायी जाती है वह मात्र 270 रुपये में फूल बॉटल (750 एमएल) मिल जाता है। बल्क में ये शराब और सस्ता पड़ता है। इसे अवैध रूप से रांची लाया जाता है। फिर रांची में रातू, नगड़ी, ओरमांझी, नामकुम इलाकों में शराब माफियाओं को सप्लाई किया जाता है। शराब माफिया रांची में बिकने वाले महंगे ब्रांडेड शराब जिसकी कीमत 1000 रुपये तक है उसका बोतल, स्टिकर और ढक्कन कोलकाता से मंगवाते हैं। उसमें अरुणाचल का शराब भरा जाता है। फिर उसपर लेवलिंग कर मशीन से उसकी पैकिंग कर दी जाती है। इस तरह 270 रुपये की शराब से 1000 रुपये तक की कीमत का शराब तैयार हो जाता है। जिसे होटलों, ढाबों में सप्लाई कर दिया जाता है। एक बोतल में दो गुने से भी ज्यादा की कमाई शराब माफियाओं को इस धंधे में हो रही है। पिछले तीन महीने में 8वीं बार अरुणाचल के शराब की बड़ी खेप रांची में पकड़ा गयी है। इससे पहले उत्पाद विभाग ने 21 सितंबर को रातू के बसाइर टोली से 21 लाख रुपये की अवैध शराब पकड़ा था। जिस अड्डे से ये पकड़ा गया था वहां भी अरुणाचल के शराब से ब्रांडेड शराब तैयार किया जा रहा था। इसके बाद 27 दिसंबर को महुआ टोली नगड़ी से 150 पेटी अरुणाचल की शराब पकड़ी गयी थी। उत्पाद विभाग दो छोटी फैक्ट्री भी पकड़ी थी जहां ब्रांडेड शराब तैयार किया जा रहा था।

## जनजातीय समाज की मजबूती के लिए शिक्षा बहुत जरूरी: बंधु

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि विशेष रूप से जनजातीय समाज में सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक राजनीतिक तथा अन्य क्षेत्रों में मजबूती के लिए यह बहुत जरूरी है कि सभी लोग शिक्षा पर सबसे अधिक ध्यान दें। उन्होंने कहा कि शिक्षा वैसा धन है जिसे पैसे से नहीं खरीदा जा सकता है। श्री तिर्की ने कहा कि यह भी बहुत जरूरी है कि सभी लोग नशाखोरी, फिजूलखर्ची जैसी सामाजिक बुराइयों से हर हाल में बचें।

उक्त बातें श्री तिर्की शुक्रवार को रांची के इटकी के चचकुरा, करमटोली में रात्रिकालीन विद्यालय में आयोजित एक समारोह में बोल रहे थे। वहीं श्री तिर्की में रात्रि कालीन विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं गांव के बच्चों के मध्य कॉपी, पेंसिल एवं अन्य पाठ्य सामग्रियों का वितरण किया। श्री तिर्की ने कहा कि दुनिया तेजी से आगे बढ़ रही है, लेकिन जनजातीय समाज की अनेक कमजोरी ऐसी है जो आगे बढ़ने के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि अपनी सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक मजबूती के प्रति हमारा अपेक्षित ध्यान न होना चिंता का कारण है। श्री तिर्की ने कहा कि उन्होंने इस बात का भरपूर प्रयास किया है कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिक्षा एवं जागरूकता का तेजी से प्रसार हो जिसका फायदा सभी ग्रामीणों को मिले, क्योंकि जागरूकता के बाद ही सभी ग्रामीणों को सरकार द्वारा दी जा रही लाभकारी योजनाओं का लाभ मिल सकता है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पतंगबाजी, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड रांची में शुक्रवार को मकर संक्रांति के अवसर पर पतंगबाजी, पोस्टर मेकिंग और ब्लैक बोर्ड डेकोरेशन जैसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से भारत की परंपराओं को समझने के साथ-साथ बच्चों को अपने कौशल के विकास का भी अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति पर लगभग पूरे भारतवर्ष में अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है। जो यहां की विविधता में एकता को दशार्ता है। कार्यक्रम का संयोजन चीफ एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर आशा राज ने की। मौके पर काफी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### सीएमपीडीआइएल में कोविड-19 टीकाकरण



रांची (आजाद सिपाही)। सीएमपीडीआइ के डिस्पेंसरी में संस्थान के कर्मियों, उनके परिवार के सदस्यों तथा आम जनता के लिए प्री-कॉक्शनरी/बुस्टर डोज अभियान चलाया गया। रांची जिला प्रशासन के सहयोग एवं सीएमपीडीआइ के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ ओम प्रकाश की देख-रेख में 18 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग को लोगों को प्री-कॉक्शनरी/बूस्टर डोज दिया गया। डिस्पेंसरी के पारा स्टाफ राजश्री नाथ एवं अमित कुमार ने टीकाकरण में सहयोग प्रदान किया।

### यूनियन बैंक में शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक




रांची (आजाद सिपाही)। यूनियन बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय रांची ने सभी 68 शाखाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक का उद्घाटन यूनियन बैंक के उप अंचल प्रमुख विकास कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर यूनियन बैंक के रांची क्षेत्र की क्षेत्र प्रमुख सोनालिका, उप क्षेत्र प्रमुख मुकेश कुमार, सहायक महा प्रबंधक भास्कर मंडल एवं 68 शाखाओं के शाखा प्रबंधकगण मौजूद थे। इस बैठक में कारोबार वृद्धि, बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने हेतु विस्तृत चर्चा की गयी। सभी शाखा प्रबंधकों को संबोधित करने के लिए यूनियन बैंक के केंद्रीय कार्यालय, मुंबई से महा प्रबंधक सीवी मंजुनाथ ने वर्चुअल माध्यम से इस बैठक में ऑनलाइन जुड़े। सभी बेहतरीन प्रदर्शनकर्ता शाखा प्रबंधकों को क्षेत्र प्रमुख सोनालिका के हाथों पुरस्कृत किया गया। साथ ही यूनियन बैंक के तृतीय पक्ष पार्टनर सुड लाइफ एवं इंडिया फर्स्ट ने भी श्रेष्ठ प्रदशर्नकर्ता शाखाओं को शील्ड से सम्मानित किया। रांची क्षेत्र में बेहतरीन बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सभी अधिकारियों ने भविष्य में और अधिक अच्छी बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने का आश्वासन दिया। बैंक के उच्च प्रबंधन ने डिजिटल बैंकिंग को बढ़ाने, गोल्ड लोन अधिक से अधिक ग्राहकों तक पहुंचने पर जोर दिया। उप क्षेत्र प्रमुख मुकेश कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता



रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय युवा दिवस पर डैड संस्था द्वारा स्विच ऑन संस्था के सहयोग से कोकर स्थित इंद्रप्रस्थ उत्सव भवन में पर्यावरण जागरूकता के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन व पुष्प अर्पित कर किया गया। पर्यावरण व्याख्यान में 165 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेताओं को संस्था के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर संदीप कुमार सोमानी, पूर्वांचल प्रभारी, गीता परिवार, सोमा चक्रवर्ती प्रोग्राम मैनेजर, स्विच ऑन फाउंडेशन सनातन हासदा सीनियर प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, स्विच ऑन साथ ही डैड संस्था के संरक्षक अर्जुन प्रसाद सिंह, अध्यक्ष नवनीत सिंहा, सचिव अभिषेक कुमार सिंह के साथ मनोरंजन दास आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 14 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in
05

# जेपीसी संगठन का उग्रवादी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** अनुमंडल पुलिस कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित किया गया।डीएसपी शम्भु कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया की लगातार टंडवा पुलिस को कुछ दिनों से गुप्त सुचना मिल रही थी, कि जेपीसी संगठन के लोग टंडवा के आस पास के सीमावर्ती थाना क्षेत्र में कोल व्यवसायियो/ कंस्ट्रक्शन से जुड़े ठेकेदारो से संगठन के लिये वसूलने का प्रयास कर रहे थे।शुक्रवार को सुबह 5:30 बजे चुन्दरू धाम और थापा मोड़ के बीच देखा है।जिसकी सुचना पर वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह के नेतृत्त्व में गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की गयी। वही चुन्दरू धाम के पास से जेपीसी प्रतिबंधित संगठन के सक्रिय उग्रवादी मनातू केरेडारी थाना क्षेत्र के बालेश्वर राम उर्फ बालेश्वर भुइयां को गिरफ्तार किया गया।उसके पास से संगठन के लिए ले जा रहे छह सेट वर्दी एवं अन्य सामान को बरामद किया गया है। पूर्व में कई उग्रवादी कांडों में जेल जा चुके हैं,इसमें केरेडारी थाना कांड संख्या 61/94,36/22,48/22, एव टंडवा कांड संख्या 15/23 शामिल है। बरामदी समानो में केमोफ्लाई वर्दी का शर्ट 6,वर्दी फुलपैंट 6, पी कैप 6, पैंट का हरा रंग का बेल्ट 6,हथियार का गोली रखने वाला पाउच 6,हरा रंग का वर्दी पर पहनने वाला विसिल कोड 6 एव पिस्टल पाउच- 01-9 पिस्टल कवर 1 वस्तुये उक्त मामले में पुष्टि किया। इस संगठन से जुड़े अन्य उग्रवादियों को चिन्हित किया गया है, एवं गिरफ्तारी की कार्रवाई हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है।इस मौके पर छापेमारी दल सदस्य इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह,पुलिस अवर निरीक्षक अभिनव आनंद, पुलिस अवर निरीक्षक अशोक कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक भोला नाथ दास, टंडवा थाना सशस्त्र बल मौजूद थे।

# कुरमाली भाषा परिषद भव्य टुसू महोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कुरमाली भाषा परिषद ने तीन साल बाद मोरहाबादी मैदान में भव्य टुसू महोत्सव का आयोजन किया। पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस कार्यक्रम में रांची के अलावा तमाड़, नामकुम, बुडू, सिल्ली, सोलहा, राहे सहित आसपास के कई गांव से लोग शामिल हुए। करीब हजारों की संख्या में महिलाएं माथे पर टुसू की पालकी (चौडल) लेकर पहुंची। जिसकी ऊंचाई 150 फीट तक थी। लोग पारंपरिक परिधान में मोरहाबादी मैदान पहुंचे। ढोल मादर के साथ लोगों ने जमकर नृत्य किया।

टुसू महोत्सव को लेकर पारंपरिक नृत्य एवं संगीत का भी आयोजन किया गया। जो देर शाम तक चला। कुरमाली भाषा परिषद के अध्यक्ष राजाराम महतो ने कहा कि तीन साल बाद दूसू पर्व का भव्य आयोजन हो रहा है। 14 जनवरी से पंचपरगनिया क्षेत्र और कुर्मी बहुल क्षेत्रों में इसका आयोजन होगा। 30 जनवरी तक हर गांव में झारखंड से लेकर उड़ीसा, बंगाल में यह महोत्सव मेले के रूप में मनाया जायेगा। टुसू पर्व झारखंड कुड़मी समुदाय के लिए काफी अहम है। इस पर्व के बाद कुड़मी समाज में शादी-विवाह और नये कार्य का शुभारंभ हो जाता है।

मोरहाबादी मैदान में कुरमाली पुस्तकों का स्टॉल भी लगाया गया। कार्यक्रम में पेठा की प्रदर्शनी लगायी गयी।

इस महोत्सव में शामिल होने वाले सर्वश्रेष्ठ चौडल (टुसू) को परिषद द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुड़मी को एसटी सूची में शामिल करने की मांग भी उठी। इस मौके पर प्रदीप महतो डॉ एच एन महतो, राजकुमार महतो, मुकेश महतो अवारा महतो डॉ मीणा महतो, प्रो जयंती महतो, गीता सिंह, सुनीता महतो, रीना महतो सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सीयूजे में पीएमइजीपी पर जागरूकता कार्यक्रम

# झारखंड में हैं अपार संभावनाएं : राजीव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में शुक्रवार को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमइजीपी) पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआइसी), भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहयोग से प्रशिक्षण और प्लेसमेंट प्रकोष्ठ, सीयूजे द्वारा आयोजित किया गया था।

इस दौरान खादी और ग्रामोद्योग आयोग, रांची के सहायक निदेशक राजीव कुमार ने विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ बातचीत की। उन्होंने पीएमइजीपी की विशेषताओं और झारखंड में उद्यमी बनने के लिए इस कार्यक्रम का लाभ कैसे उठाया जा सकता है, के बारे में चर्चा की। उन्होंने यह भी बताया कि झारखंड में इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ भास्कर सिंह द्वारा कार्यक्रम के परिचय से हुई जिसके बाद सीयूजे की मुख्य प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ डीबी लता द्वारा अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिसर्च एवं डेवलपमेंट के डीन प्रो एके पाढ़ी ने की। उनके साथ डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. मनोज कुमार और डीन स्कूल ऑफ नेचुरल साइंसेज प्रो एसी पांडे भी थे। प्रो पाढ़ी ने इस कार्यक्रम के लिए भारत के प्रधान मंत्री के प्रयासों की सराहना की। प्रो. कुमार और प्रो.पाण्डेय ने झारखंड में उद्यमिता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

आयोजन के दौरान, छात्रों ने कई प्रश्न पूछे जिनका समाधान केवीआईसी के सहायक निदेशक श्री राजीव कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में करीब 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया।कार्यक्रम में सभी डीन, प्रमुख, वित्त अधिकारी, निदेशक आईक्यूएसी (आई/सी), संपदा अधिकारी और अन्य फैकल्टी ने भाग लिया। इस दौरान प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ सुदर्शन यादव एवं डॉ नितेश भाटिया भी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ कुलदीप बौद्ध ने किया।

## उपचुनाव को लेकर झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने शुरू किया चुनावी अभियान

# भाजपा और आजसू उड़ेंगे हवा में, महागठबंधन की झोली में होगा रामगढ़ विस : संजीव बेदिया

बीरू कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। जिसे लेकर झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने चुनावी अभियान शुरू कर दिया है। चुनावी अभियान के तहत श्री बेदिया ने शुक्रवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। दौरे के क्रम में संजीव बेदिया ने पत्रकारों से बातचीत किया। उन्होंने कहा कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव एकतरफा और महागठबंधन के हक में है।



**चुनावी माहौल अनुकूल, महागठबंधन के पक्ष में बह रही है बयार**

यहां पर महागठबंधन के पक्ष में बयार बह रही है। श्री बेदिया ने कहा कि चुनाव की घोषणा होना अभी बाकी है उससे पहले ही भाजपा और आजसू की गठबंधन पार्टी हवा में तैर रही है। जो चुनाव के बाद भी हवा में ही नजर आएगी।

**विकास के पथ पर हेमंत सरकार ने हासिल किया नया कीर्तिमान**

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 3 वर्षों में विकास के पथ पर नया कीर्तिमान हासिल किया है। विकास के बल पर रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव महागठबंधन की झोली में होगी। श्री बेदिया ने बातचीत में कहा कि ममता देवी को एक षड्यंत्र के तहत फंसाया गया है। लेकिन इससे कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। उन्हें उच्च न्यायालय में इंसाफ मिलेगा और उपचुनाव में भी महागठबंधन को सफलता मिलेगी। बताते चलें कि विधायक ममता देवी को गोला गोली कांड मामले में 5 साल की सजा सुनाए जाने के बाद उनकी सदस्यता रद्द हो गई थी। इसके बाद से ही उपचुनाव को लेकर रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र चुनावी सरगर्मी बढ़ी हुई है। मौके पर शंभु बेदिया, सुदर्शन महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सात दिवसीय श्रीराम कथा कल से हरमू मैदान में

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के हरमू मैदान में 15 से 21 जनवरी तक सात दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन श्री राम कथा आयोजन समिति रांची के द्वारा किया जा रहा है। श्री राम कथा आयोजन समिति रांची ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेस कर जानकारी दी।




मुख्य संयोजक प्रकाश धेलिया ने कहा कि 15 से 21 जनवरी तक प्रेम मूर्ति पूज्य संत श्री प्रेम भूषण जी महाराज के परम शिष्य श्री राजन जी महाराज श्री राम कथा का श्रोताओं को अमृत पान करायेगें। आयोजन समिति के प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत ने बताया कि कथा वाचक राजन जी महाराज के मुखारविंद से 7 दिनों तक राज्य के सभी धर्म प्रेमियों को श्री राम कथा का अमृत पान प्राप्त होगा। बैठक में उप समिति का गठन कर प्रभारियों का चयन किया गया। इसमें मुख्य संयोजक प्रकाश धेलिया, संयोजक मनीष साहू, कोषाध्यक्ष नेमी अग्रवाल, मुख्य यजमान प्रेमचंद श्रीवास्तव, मंच संचालन मुकेश काबरा, मंच व्यवस्था प्रमोद सारस्वत, उपरोक्त उप समितियां आयोजन को सफल बनाने में अपना कार्य प्रारंभ कर दी है। वहीं कथा के मुख्य यजमान प्रेम चंद श्रीवास्तव ने बताया की राज्य के सीएम हेमंत सोरेन को श्री राम कथा के आयोजन में आने का निमंत्रण दिया गया है।

आयोजन से जुड़े मुकेश काबरा ने बताया कि श्री राम कथा के आयोजन में शामिल होने के लिए रांची के सभी धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं को आमंत्रित किया गया है। इसमें चार हजार से भी ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। पंडाल के अंदर लाइट की सुविधा के संग बड़े एलईडी स्क्रीन की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस मौके पर बसंत शर्मा, मुकेश काबरा, श्रवन अग्रवाल, आनंद मानिक राजू पोद्दार, दीपक सरावगी, दीपक टाटिया बनवारी काबरा, कविता झा, रिभा चौरसिया, ओम प्रकाश शर्मा, नवनीत, राजू भाई, सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# मेधा डेयरी का मेधा दही खाओ-इनाम पाओ प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व वर्ष के दो वर्षों के भांति इस बार फिर झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ लिमिटेड (जेएमएफ) की प्रख्यात ब्रांड,मेधा द्वारा ग्राहकों के लिए पुनः भव्य प्रतियोगिता मेधा दही खाओ-ईनाम पाओह्वकी घोषणा मेधा डेयरी, होटवार, रांची में प्रबंध निदेशक, सुधीर कुमार सिंह द्वारा की गयी। इस योजना के अंतर्गत प्रतिभागियों को निर्धारित समय (तीन मिनट) के अंदर दही खाने का मौका दिया जायेगा तथा जो प्रतिभागी निर्धारित समय में सबसे अधिक दही खा सकेगा, उसे क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीया पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे। यह प्रतियोगिता 17




जनवरी को मेधा डेयरी, होटवार, रांची में सुबह 11 बजे से आयोजित की जायेगी। रजिस्टर्ड प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के दिन 17 जनवरी को सुबह 9:30 बजे मेधा डेयरी, होटवार में वैध फोटो प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित रहना अनिवार्य है। सुबह 10:30 के बाद रजिस्टर्ड प्रतिभागियों की एंट्री नहीं ली जायेगी। प्रतिभागिता के लिए मेधा डेयरी के किसी भी एक मोबाईल नंबर 7544003456, 7544003449, 7360035223 पर संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। रजिस्ट्रेशन की आखिरी तिथि 16 जनवरी शाम 5 बजे तक रहेगी। रजिस्ट्रेशन का समय सुबह 10 से शाम पांच तक रहेगा।

प्रेस वार्ता में झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ लिमिटेड (जेएमएफ), प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान में मेधा डेयरी 80 जीएम कप से लेकर 15 केजी टब उपलब्ध है, जिसका उपयोग व्यक्ति अपनी आवश्यकता अनुसार कर सकेगा। इस अवसर पर मेधा डेयरी के प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार सिंह, महाप्रबंधक, पवन कुमार मारवाह एवं विपणन प्रमुख अमृतेश कुमार एवं जेएमएफ के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## छविराज फाउंडेशन एवं स्वर्णरेखा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की युवा संगोष्ठी

# स्वामी विवेकानंद के उपदेश आजादी की भूमिका में भी निर्णायक : कर्मवीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** छविराज फाउंडेशन एवं स्वर्णरेखा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के संयुक्त तत्वावधान में बरियातू स्थित स्वर्णरेखा संस्थान में भाजपा नेता देवराज सिंह के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद की स्मृति में युवा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में भाजपा झारखंड के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, रामकृष्ण परमहंस आश्रम के भावेशा नंद जी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख राजीव कमल बिट्टू, स्वर्णरेखा संस्थान के संस्थापक प्रकाश सिंह एवं सचिव गुंजन झा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवराज सिंह ने किया। मंच संचालन अमिताभ धीरज एवं धन्यवाद ज्ञापन विद्यासागर ने किया। कर्मवीर सिंह ने कहा कि आज के युवाओं को स्वामी विवेकानंद के




पदचिन्हों पर चलकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को गढ़ने में युवाओं का अहम रोल होता है। युवाओं को किताबें पढ़नी चाहिए, किताबों से ज्ञान अर्जित होता है और उस ज्ञान के माध्यम से ही हम अपने जीवन को सशक्त बना पाते है। रामकृष्ण परमहंस आश्रम के सचिव भावेशानंद जी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने सदैव जीवन को अग्रसित करने का मार्ग दिखाया है। कहा कि एक ऐसा धर्म होना चाहिए जिसमें अपनी विनम्रता के लिए उत्पीड़न या असहिष्णुता के लिए कोई स्थान नहीं हो जिसका पूरा परिक्षेत्र और पूरी शक्ति मानवता को अपने स्वयं के सच्चे दिव्य स्वभाव का एहसास कराने के लिए केंद्रित हो। मौके एवं स्वर्णरेखा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के संस्थापक प्रकाश सिंह, राजीव कमल बिट्टू, सचिव गुणानंद झा ने भी स्वामी विवेकानंद व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी को सोनू मिश्रा, संजीव मिश्रा, निपुण पांडेय, प्रवीण कुमार, रितराज प्रजापति, मोहित दुबे, नवेन्दु उपाध्याय, अजय भारती, शुभम मिश्रा ने सफल बनाया।

# डॉ हीरालाल साहा का निधन, शोक



**गोला (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग समेत पूरे झारखंड के जाने-माने शल्य चिकित्सक डॉ हीरालाल साहा का करीब 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। साथ ही डॉक्टर साहा के निधन पर हजारीबाग, रामगढ़, गोला, कोराम्बे क्षेत्र में शोक की लहर है। डॉ हीरालाल साहा संघर्षों की उपज रहे हैं। यह बहुमुखी प्रतिभा के धनी होने के साथ शल्य चिकित्सा जगत में जाने-माने नाम थे। इन्होंने चिकित्सीय सेवा के साथ सामाजिक, राजनीतिक, प्रशासनिक और भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए हमेशा अपना बहुमूल्य योगदान समाज में दिया है। अच्छे साहित्यकार होने के साथ अपने उत्कृष्ट लेखनी से समाज को जागृत करने का हमेशा प्रयास किया। वे गोला प्रखंड क्षेत्र के चक्र वाली गांव के मूल निवासी थे। विदेशों में पढ़ाई लिखाई के बाद अपना चिकित्सीय कार्य हजारीबाग में शुरू की। वह राज्यसभा के सांसद शिबू सोरेन के नजदीकी थे। उन्होंने गोला के पत्रकार मनोज मिश्र के साथ मिलकर सांसद शिबू सोरेन के जीवनी पर शिबू सोरेन झारखंड आंदोलन का एक सिपाही नामक पुस्तक भी लिखी। इनके निधन पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल, गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने गहरा शोक जताया है। हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की बतौर अभिभावक इनका हमेशा मुझे मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है और इनका निधन हमारे लिए व्यक्तिगत क्षति है।

## राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने डॉ हीरालाल शाह को श्रद्धांजलि दी



**रांची (आजाद सिपाही)।** मशहूर सर्जन, लेखक राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा हजारीबाग के संरक्षक एवं हजारीबाग निवासी डॉ हीरालाल साहा का शुक्रवार को 85 वर्ष उम्र में निधन हो गया है। उनके निधन पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा झारखंड परिवार आहत है। डॉ हीरालाल शाह के निधन पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ हीरालाल साहा जीवन पर्यंत चिकित्सा और समाज सेवा के करते रहे। उनके निधन से हजारीबाग ही नहीं पूरे झारखंड प्रदेश को क्षति हुई है। वे बहुमुखी प्रतिभासंपन्न थे सर्जन के साथ ही कई चर्चित पुस्तकों के लेखक व फिल्मकार भी थे। डॉ हीरालाल साहा 10 वर्षों तक इंग्लैंड में अपनी सेवा देने के पश्चात हजारीबाग आए थे। वे इंग्लैंड में प्राप्त किये चिकित्सा सेवा एवं शिक्षा को झारखंड में सुधार करना चाहते थे। दिशोम गुरु शिबू सोरेन पर फिल्म भी बनाने की भी उनकी योजना थी। समाज के प्रति लगन और समर्पण ऐसा था कि अपने अंतिम समय में भी राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के तत्वावधान में 26 नवंबर को आयोजित नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण नहीं दिये जाने पर बापू वाटिका से राजभवन तक आक्रोश मार्च में शामिल हुए थे।

## बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल के सौजन्य से जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित



**रांची (आदाग सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल के सौजन्य से जरूरतमंदों के बीच शुक्रवार को सचिव कृषि विभाग झारखंड सरकार अबू बकर सिद्दीकी के कर-कमलों द्वारा एवं सुबोध कुमार, उप महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति-झारखंड तथा संजय कुमार खेमका आंचलिक प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया की उपस्थिति में सामुदायिक भवन मौसी बाड़ी, जगन्नाथपुर, धुर्वा में 350 झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले जरूरतमंदो को कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सचिव कृषि विभाग झारखंड सरकार अबू बकर सिद्दीकी ने कहा कि बढ़ती ठंड में लोगों को अपना ध्यान रखने की जरूरत है और कंबल वितरण एक ऐसा माध्यम है, जिससे जरूरतमंदों तक पहुंचा जा सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में जफर अली, बैंक ऑफ इंडिया आंचलिक कार्यालय के अजय कुमार पांडेय, रवि झा, मो अली हसन, रौशन चौधरी, राजेश यादव और कर्रा सोसाइटी फॉर रूरल एक्शन के शाफीन अली, सादिक जहां, गणेश सिंह, सबिहा और निखत ने अहम भूमिका निभायी।

## 21 को राज भवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने जुटे शिक्षक संघ

**रांची (आदाग सिपाही)।** झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के आह्वान पर 21 जनवरी को राज भवन के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए विजय बहादुर सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। शुक्रवार को बैठक सेक्टर टू स्थित रंगोली सभागार में किया गया। बैठक में शिक्षकों की समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए निर्णय लिया गया कि धरना कार्यक्रम में सभी जिलों से शिक्षक शिक्षिकाएं भाग लेंगे। इनकी प्रमुख मांगों में छठे वेतन के अनुशंसा के अनुरूप राज्य के शिक्षकों को उत्क्रमित वेतनमान की मांग है। अपने संगठन के पांच-पांच सक्रिय शिक्षकों को 21 जनवरी के धरना कार्यक्रम की देखरेख के लिए स्वागत समिति का गठन किया गया। इस मौके पर मोर्चा के संयोजक अमीन अहमद, मंगलेश्वर ऊरांव, प्रेम प्रसाद राणा, डॉ सुधांशु कुमार सिंह, अरुण कुमार दास, दिलीप कुमार राय, गौतम बैरागी, अजय कुमार, सुमेश कुमार मिश्रा, ओमप्रकाश मिश्रा, सुनिल कुमार, संजय कुमार, अरुण कुमार, राकेश श्रीवास्तव, श्याम रजक, पंकज दुबे मौजूद थे।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव को दी श्रद्धांजलि

**रांची (आदाग सिपाही)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव के निधन से देश मे पिछड़ा वर्ग का अपूरणीय क्षति हुई है। उनका योगदान भारत व पिछड़ा वर्ग के लिए अतुलनीय था। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने उनके निधन पर श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहीं। श्री गुप्ता ने कहा कि शरद जी मंडल आयोग की अनुशंसा को लागू कराने में प्रमुख भूमिका निभायी थी। मंडल आयोग के प्रणेता डॉ बीपी मंडल जी के घर बिहार के मुरहू से मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश होते हुए दिल्ली तक मंडल रथयात्रा का भी नेतृत्व किया था। श्री गुप्ता ने कहा की शरद जी देश में पिछड़ा वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए सड़क से लेकर संसद तक मजबूती से आवाज बुलंद किया करते थे देश में अमन शांति हो इसके लिए भी सरकार पर दबाव बनाते थे। श्रद्धांजलि व्यक्त करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, उमेश जायसवाल, प्रोफेसर प्रेम नंदन मंडल, प्रदेश महासचिव अजय मेहता, प्रभात शर्मा, प्रदेश सचिव सुरेश ठाकुर, राम लखन यादव, अजय मेहता, शत्रुघ्न राय, सुनील जायसवाल, शिव प्रसाद साहू, कार्यालय प्रभारी अभय प्रसाद, संतोष शर्मा, राम लखन साहू और खुशियाल साहू आदि का नाम शामिल है।

# जेंडर न्यूट्रल होती सेना

देश की सेना को जेंडर न्यूट्रल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने की तैयारी हो रही है। आर्मी ने कहा है कि वह जल्दी ही अपने आर्टिलरी रेजिमेंट में महिला ऑफिसरों को कमिशन करने जा रही है। यह न केवल सेना के अंदर बराबरी का व्यवहार पाने के लिए संघर्ष कर रही महिला ऑफिसरों के लिए बल्कि समाज में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने की इच्छा रखने वाले तमाम लोगों के लिए अच्छी खबर है। ध्यान रहे, न सिर्फ अपने देश में बल्कि दुनिया भर में सेना को पारंपरिक तौर पर पुरुषों का क्षेत्र माना जाता रहा है। स्वाभाविक ही महिलाओं को इस क्षेत्र में प्रवेश पाने और आगे बढ़ने के लिए कदम-कदम पर बाधाओं का सामना करना पड़ा है। एक बड़ा अवरोध सेना के अंदर की पारंपरिक पुरुषवादी सोच भी रही है। इन तमाम दृश्य और अदृश्य रुकावटों का ही परिणाम कहेंगे कि 1990 की शुरुआत में ही 14 लाख की संख्या वाले सशस्त्र बलों में प्रवेश पा जाने के बावजूद अब तक महिला ऑफिसरों की संख्या 3,900 से कुछ ही ऊपर जा सकी है। इनमें से 1,710 महिला ऑफिसर सेना में, 1,650 वायु सेना में और 600 नौसेना में हैं। इनसे अलग 1,670 महिला डॉक्टर, 190 डेंटिस्ट और 4,750 नर्सें जरूर मिलिटरी मेडिकल स्ट्रीम में हैं। लेकिन खास बात यह है कि सेना के अंदर महिलाओं को कठिन मानी जाने वाली ड्यूटी पर भेजने से बचने की प्रवृत्ति है, जिसे महिलाएं अपनी तरफ से लगातार चुनौती देती रही हैं। आज भी महिला ऑफिसरों को इन्फैंट्री के कॉम्बैट आर्म्स, आर्मर्ड कोर (टैंक) और मेकेनाइज्ड इन्फैंट्री में या नौसेना की पनडुब्बियों में तैनाती नहीं मिल सकती। बहरहाल, अपने जज्बे और कोर्ट के सहयोग से महिलाओं ने न केवल परमानेंट कमिशन हासिल कर लिया, बल्कि धीरे-धीरे कठिन मोर्चों पर भी खुद को साबित करते हुए आगे बढ़ रही हैं। सेना की ओर से घोषित ताजा कदम की अहमियत खास तौर पर दो वजहों से है। एक तो यह कि हालांकि आर्टिलरी को सेना का कॉम्बैट सपोर्ट आर्म कहा जाता है, लेकिन यह चीन और पाकिस्तान के विवादित और संवेदनशील सीमा क्षेत्रों पर तैनात यूनिटों के साथ फ्रंटलाइन पर मौजूद रहती है। दूसरी बात यह कि सेना का यह फैसला उसकी अपनी पहल पर आया है। इससे पहले महिलाओं के लिए अहम भूमिका सुनिश्चित करने से जुड़े ज्यादातर बड़े फैसले कोर्ट के आदेश के दबाव में उठाये गये। यह इस बात का संकेत है कि हमारे सशस्त्र बलों में ऊपरी स्तर पर महिलाओं को, उनमें निहित संभावनाओं को देखने का नजरिया बदल रहा है। इससे यह उम्मीद बंधती है कि सशस्त्र बलों के अंदर महिला ऑफिसर किसी भी अन्य ऑफिसर की तरह जैसे-जैसे खुद को साबित करेंगी, उनकी भूमिका अधिकाधिक प्रभावी होती जायेगी।

**आर्मी ने कहा है कि वह जल्दी ही अपने आर्टिलरी रेजिमेंट में महिला ऑफिसरों को कमिशन करने जा रही है। यह न केवल सेना के अंदर बराबरी का व्यवहार पाने के लिए संघर्ष कर रही महिला ऑफिसरों के लिए बल्कि समाज में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने की इच्छा रखनेवाले तमाम लोगों के लिए अच्छी खबर है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**केंद्र सरकार ने जातीय जनगणना का प्रस्ताव तकनीकी कारणों का हवाला देकर ठुकरा दिया था। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा था कि जाति आधारित विभिन्न तरह के ब्योरे जुटाने के लिए जनसंख्या जनगणना उपयुक्त साधन नहीं है। इसलिए जनगणना के माध्यम से जाति आधारित जनगणना कराना संभव नहीं है। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दायर एक हलफनामे में कहा था कि आगामी जनगणना में पिछड़े वर्ग के नागरिकों के बारे में जानकारी एकत्र करना संभव नहीं है।**

# आरक्षण नहीं, आरक्षण की राजनीति है समस्या



सुखदेव वशिष्ठ




बिहार में 7 जनवरी से जातिगत सर्वेक्षण शुरू हो रहा है, जो दो चरणों में पूरा होगा। सर्वेक्षण में 12.7 करोड़ जनसंख्या, 2.58 करोड़ घरों को कवर किया जाएगा जो 31 मई को पूरा होगा। इसे जातिगत जनगणना नहीं कहा गया है लेकिन इसमें जाति संबंधी जानकारी जुटायी जायेगी। जातिगत सर्वेक्षण 38 ज़िलों में कराया जायेगा। इन ज़िलों में 534 ब्लॉक्स और 261 शहरी स्थानीय निकाय हैं। इस पर राज्य सरकार के 500 करोड़ रुपए खर्च होंगे। केंद्र के इनकार के बाद बिहार सरकार अपने खर्च पर जनगणना करा रही है।

**केंद्र ने ठुकरा दिया था जातीय जनगणना का प्रस्ताव :** केंद्र सरकार ने जातीय जनगणना का प्रस्ताव तकनीकी कारणों का हवाला देकर ठुकरा दिया था। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा था कि जाति आधारित विभिन्न तरह के ब्योरे जुटाने के लिए जनसंख्या जनगणना उपयुक्त साधन नहीं है। इसलिए जनगणना के माध्यम से जाति आधारित जनगणना कराना संभव नहीं है। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दायर एक हलफनामे में कहा था कि आगामी जनगणना में पिछड़े वर्ग के नागरिकों के बारे में जानकारी एकत्र करना संभव नहीं है। ओबीसी/बीबीसी की गणना को हमेशा प्रशासनिक रूप से जटिल प्रक्रिया माना गया है, पिछड़े वर्ग की पहचान का स्टैंडर्ड सुनिश्चित करने में व्यावहारिक कठिनाइयां हैं। महाराष्ट्र सरकार द्वारा दायर एक याचिका के जवाब में केंद्र ने हलफनामा दायर किया था। 2011 में सोशियो इकोनॉमिक कास्ट सेंसस आधारित डेटा जुटाया था। चार हजार करोड़ से ज्यादा रुपए खर्च किये गये और ग्रामीण विकास मंत्रालय और शहरी विकास मंत्रालय को इसकी ज़िम्मेदारी सौंपी गयी।

**नीट परीक्षा के ऑल इंडिया कोटे में ओबीसी के लिए आरक्षण लागू करने की बात मोदी सरकार ने कही है।**

साल 2016 में जाति को छोड़ कर इस सेंससके सभी आंकड़े प्रकाशित हुए, लेकिन जातिगत आंकड़े प्रकाशित नहीं हुए। जाति का डेटा सामाजिक कल्याण मंत्रालय को सौंप दिया गया, जिसके बाद एक एक्सपर्ट ग्रुप बना, लेकिन उसके बाद आंकड़ों का क्या हुआ, इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गयी है।

**जातिगत जनगणना क्यों :** मंडल कमीशन की रिपोर्ट में जिन जातियों को ओबीसी आरक्षण दिये जाने की सिफारिश की गयी थी, 1931 की जनगणना के मुताबिक उनकी संख्या 52 प्रतिशत थी। आयोग ने ये आंकड़े सटीक नहीं माने थे और जाति जनगणना कराकर सही आंकड़े हासिल करने की सिफारिश की थी। मंडल आयोग ने अनुमान लगाया था कि 1931 से लेकर आयोग के गठन यानी 1978 तक सभी जातियों में बच्चे पैदा करने की दर एक समान रही हो तो जिन जातियों को ओबीसी आरक्षण दिये जाने की सिफारिश की जा रही है, उनकी संख्या 52 प्रतिशत होगी। यूडीआइएसइ प्लस के आंकड़ों के मुताबिक प्रमुख राज्यों के आंकड़े देखें तो प्राइमरी स्कूलों में ओबीसी की संख्या बिहार में 61 प्रतिशत है। इसके अलावा उनकी मौजूदगी तमिलनाडु में 71 प्रतिशत, केरल में 69 प्रतिशत, कर्नाटक में 62 प्रतिशत है। इनकी तादाद उत्तर प्रदेश में 54 प्रतिशत, आंध्र प्रदेश में 52 प्रतिशत, तेलंगाना में 48 प्रतिशत, राजस्थान में 48 प्रतिशत, गुजरात में 47 प्रतिशत, झारखंड में 46 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 45 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 43 प्रतिशत, ओडिशा में 36 प्रतिशत है केंद्र सरकार जाति के आधार पर कई नीतियां तैयार करती है। ताजा उदाहरण नीट परीक्षा का ही है, जिसके ऑल इंडिया कोटे में ओबीसी के लिए आरक्षण लागू करने की बात मोदी सरकार ने कही है।

जनगणना में आदिवासी और दलितों के बारे में पूछा जाता है, बस गैर दलित और गैर आदिवासियों की जाति नहीं पूछी जाती है। इस वजह से आर्थिक और सामाजिक पिछड़ेपन के हिसाब से जिन लोगों के लिए सरकार नीतियां बनाती है, उससे पहले सरकार को ये पता होना चाहिए कि आखिर उनकी जनसंख्या कितनी है। जातिगत जनगणना के अभाव में ये पता लगाना मुश्किल है कि सरकार की नीति और योजनाओं का लाभ सही जाति तक ठीक से पहुंच भी रहा है या नहीं।

**जातिगत जनगणना के विरोध में राजनीतिक दल क्यों :** जातिगत जनगणना अगर होती है तो अब तक जो आंकड़े हैं, वो ऊपर नीचे होने की पूरी संभावना है। मान लीजिए ओबीसी की आबादी 52 प्रतिशत से घट कर 40 फीसदी रह जाती है, तो हो सकता है कि राजनीतिक पार्टियों के ओबीसी नेता एकजुट हो कर कहें कि ये आंकड़े सही नहीं है। और मान लीजिए इनका प्रतिशत बढ़ कर 60 हो गया, तो कहा जा सकता है कि और आरक्षण चाहिए। सरकारें शायद इस बात से डरती है। आदिवासियों और दलितों के आकलन में ज्यादा फेरबदल नहीं होगा, क्योंकि वो हर जनगणना में गिने जाते ही हैं, ऐसे में जातिगत जनगणना में प्रतिशत में बढ़ने घटने के आसार अपर कास्ट और ओबीसी के लिए ही है। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के जीबी पंत सोशल साइंस इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रोफेसर बद्रीनारायण कहते हैं,

जनगणना अपने आप में बहुत ही जटिल कार्य है। जनगणना में कोई भी चीज जब दर्ज हो जाती है, तो उससे एक राजनीति भी जन्म लेती है, विकास के नये आयाम भी उससे निर्धारित होते हैं। इस वजह से कोई भी सरकार उस पर बहुत सोच समझ कर ही काम करती है। एक तरह से देखें तो जनगणना से ही जातिगत राजनीति की शुरूआत होती है। उसके बाद ही लोग जाति से खुद को जोड़ कर देखने लगे, जाति के आधार पर पार्टियां और एसोसिएशन बनने लगे। ओबीसी और दलितों में ही बहुत सारी छोटी जातियां हैं, उनका कौन ध्यान रखना चुनौती साबित हो सकता है। बड़ी संख्या वाली जातियां आकर मांगेंगी कि 27 प्रतिशत के अंदर हमें 5 फीसदी आरक्षण दे दो, तो बाकियों का क्या होगा? ये जातिगत जनगणना का एक नकारात्मक पहलू है, लेकिन एक सकारात्मक पहलू ये भी है कि इससे लोगों के लिए नीतियां और योजनाएं तैयार करने में मददभी मिलेगी। एक समस्या यह भी उत्पन्न होगी कि ओबीसी की लिस्ट केंद्र की अलग है और कुछ राज्यों में अलग लिस्ट है। कुछ जातियां ऐसी हैं, जिनकी राज्यों में गिनती ओबीसी में होती है, लेकिन केंद्र की लिस्ट में उनकी गिनती ओबीसी में नहीं होती। बिहार में बनिया ओबीसी हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश में वो अपर कास्ट में आते हैं। वैसे ही जाटों का हाल है। हरियाणा, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाटों पर भी ओबीसी लिस्ट अलग है। ऐसे में जातिगत जनगणना से बवाल बढ़ सकता है। केंद्र की सरकारों को एक डर शायद इसका भी है। ऐतिहासिक, सामाजिक कारणों से अपने समाज का एक अंग पीछे है। आरएसएस के सर संघचालक डॉ मोहन भागवत के शब्दों में सामाजिक कारणों से हजारों वर्षों से लगभग यही समस्या है कि अपने समाज का एक अंग हमने पूर्णतः निर्बल बना दिया है, उसको ठीक करना आवश्यक है। हजारों वर्षों की बीमारी को ठीक करने में अगर सौ-डेढ़ सौ साल हमको नीचे झुक कर रहना पड़ता है, तो यह महंगा सौदा बिल्कुल नहीं है। यह तो हमारा कर्तव्य है, ऐसा सोच कर इसका विचार करना चाहिए। यह समाज की स्वस्थता का प्रश्न है। इस पर सबको एकमत से चलना चाहिए। सामाजिक विषमता को हटा कर समाज मे सबको समान अवसरों की प्राप्ति केलिये सामाजिक आरक्षण का प्रावधान संविधान में किया गया है। लेकिन इस लक्ष्य तक तभी पंहुच पायेंगे अगर आरक्षण की राजनीति को बढ़ावा न दें।

## जमशेदपुर की खबरें

# पूर्व कमिश्नर ने बेलडीह बस्ती को लिया गोद अपने स्तर से करायेंगे मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शहर के सोनारी स्थित बेलडीह ग्राम बस्ती मुलभूत सुविधाओं से वंचित है। बस्ती में रहने वाले ज्यादातर गरीब वर्ग के लोग दैनिक मजदूरी पर ही निर्भर रहते हैं। शुक्रवार को कोल्हान के पूर्व कमिश्नर विजय कुमार सिंह बस्ती पहुचे, जहां उन्होंने क्षेत्र के रहने वाले लोगों से मुलाकात कर हालचाल जाना। पूर्व कमिश्नर ने बस्ती को गोद लेने की बात कही। उन्होंने कहा बेलडीह बस्ती में मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराया जायेगा। इस मौके पर उन्होंने जरूरतमंद सैकड़ों लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। कोल्हान के पूर्व कमिश्नर विजय कुमार सिंह ने बताया बेलडीह ग्राम बस्ती जमशेदपुर शहर के बीच है, लेकिन यहां रहने वाले लोगो के बीच सुविधाओं का घोर अभाव है। यह अशिक्षा एवं जागरूकता की भी कमी है। उन्होंने कहा बस्ती में जल्द ही मेडिकल कैंप का आयोजन कर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जायेगी। उन्होंने स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा जन सहयोग से यहां साफ-सफाई की जायेगी, ताकि बीमारियों से बच सकें। उन्होंने कहा बस्ती के बच्चों को शिक्षित बनाने व खेलकूद के प्रति आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जायेगा। उन्होंने जल्द ही बच्चों के लिए किताब कॉपी एवं खेल सामग्री उपलब्ध कराने की बात कही।

पूर्व कमिश्नर ने स्थानीय लोगों से शराब का सेवन से कोसों दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा शराब के कारण परिवार में लड़ाई झगड़े होते हैं। उन्होंने महिलाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में कदम उठाये जाने की बात कही, ताकि महिलाएं भी आत्म निर्भर व सशक्त बन सकें। उन्होंने बस्ती वासियों को आश्वस्त करते हुए कहा उनकी हर समस्या के समाधान में पूरी तत्परता से की जायेगी। पुलिस-प्रशासनिक स्तर की समस्याओं के लिए संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर समस्याएं हल निकाला जायेगा।

# जमशेदपुर के युवा दिल्ली में सर्वश्रेष्ठ एमएसएमइ स्टार पुरस्कार से सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर के छोटा गोबिंदपुर के रहने वाले रोशन कुमार गुप्ता को बीते दिनों दिल्ली में सर्वश्रेष्ठ एमएसएमइ स्टार पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें केंद्रीय सामाजिक न्याय व राज्य मंत्री रामदास अठावले और केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ सुभाष सरकार के द्वारा पुरस्कार मिला। उन्होंने पूरे देश में स्किल एकेडमी केटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। रोशन को अवार्ड उनके काम स्किल एकेडमी पर मिला। रोशन कुमार गुप्ता के यूट्यूब पर 18000 सब्सक्राइबर हैं। फिलहाल वे 8000 लोगो को ट्रेनिंग दे रहे हैं। उनके पिता डॉक्टर रंजीत गुप्ता फिजियोथेरेपिस्ट हैं और मां संजुक्ता गुप्ता हाउसवाइफ है। रोशन विवेक विद्यालय से पढाई पुरी की। फिलहाल रोशन एबीएम कॉलेज से ग्रेजुएशन कर रहा है।

उन्होंने अपना ऐप स्किल ट्रेडिंग एकेडमी का लॉन्च किया है। रोशन ने अपने नाम के साथ जमशेदपुर, झारखंड सहित देश का नाम रोशन करना चाहते हैं। वे भारत की जीडीपी में योगदान देकर देश का नाम रोशन करना चाहते हैं।

# जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने मकर संक्रांति एवं टुसू पर्व की दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने मकर संक्रांति व टुसू पर्व के पूर्व संध्या झारखंड वासियों को बधाई दी। शुक्रवार को आजाद सिपाही के संवाददाता से वार्ता के दौरान विधायक ने कहा जुगसलाई विधानसभा के खासकर ग्रामीण क्षेत्र में मकर संक्रांति व टुसु पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है। टुसू पर्व कुड़मी,मूलवासी और आदिवासियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। उन्होंने कहा इतिहास में कुछ खास लिखित स्त्रोत नहीं है लेकिन यह पर्व अत्यंत रंगीन और जीवन से परिपूर्ण त्यौहार है। जाड़े में फसल कटने के बाद पौष के महीने में टुसु पर्व मनाया जाता है। उन्होंने कहा टुसु पर्व बहुत ही शालीनता व विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जाता है। टुसु पर्व झारखंड के सीमावर्ती राज्य बंगाल,उड़ीसा व असम के कुछ क्षेत्रों में भी बड़े ही धूमधाम से मनाई जाती है। पर्व की शुरूआत संक्रांति के दिन से होती है,जो अगले एक महीने तक चलती है। टुसू पर्व के दिन आदिवासी मूलवासी घरो में तरह-तरह के पीठा के साथ स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेते है। झारखण्ड में इस पर्व पर अधिकारिक छुट्टी भी मिलती है। खास कर ग्रामीण अंचल में छोटे-बड़े कई मेलो का आयोजन किया जाता है। टुसु पर्व नारी शक्ति के सम्मान व स्वाभिमान के रूप में मनाया जाता है। ग्रामीण क्षेत्र में पर्व के 15 दिन पहले से ही घर के साफ सफाई, मिट्टी की दीवाल में रंगाई पुताई,भव्य टुसु का निर्माण में खास कर ग्रामीण तैयारी में लगे रहते है। विधायक मंगल कालिंदी ने जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के लोगों से हर्ष उल्लास के साथ शांतिपूर्ण मकर संक्रांति व टुसू पर्व मनाने की अपील की।

# बोड़ाम में तीन दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का उपप्रमुख संतोषी महतो ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटमदा।** बोड़ाम प्रखंड के माधवपुर पंचायत के राजाहाटा फुटबॉल मैदान में मुर्मू स्पोर्ट क्लब के द्वारा तीन दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता आयोजन किया गया। शुक्रवार का उप प्रमुख संतोषी महतो व पंचायत के मुखिया शत्रुघन सिंह सरदार के द्वारा संयुक्त रूप से फुटबॉल पर किक मारकर शुभारंभ किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता का 15 जनवरी को फाइनल मुकाबला होगा। प्रतियोगिता में कुल 16 टीम भाग लिए। जिसमें प्रथम पुरस्कार 25 हजार, द्वितीय पुरस्कार 20 हजार,तृतीय और चतुर्थ पुरस्कार 12 हजार 5 सौ, रखा गया हैं। पहला मैच एमएससी हुंदरू जलप्रपात रांची फुटबॉल टीम और जेजे स्पोटिंग कालाबनी के बीच खेला गया। मौके पर उप प्रमुख संतोषी महतो, मुखिया शत्रुघन सिंह सरदार, जिला पार्षद प्रतिनिधि मानिक चंद्र महतो, ग्राम प्रधान लाल मोहन मुर्मू, फणिभूषण महतो सहित आयोजक कमिटी के सभी सदस्यों शामिल रहे।

## सोनदाग गांव के मजदूर की चेन्नई में गिरने से मौत शव को लाने की परिजनों ने लगायी उपायुक्त से गुहार



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड के सोनदाग गांव निवासी युवराज राम के बड़े भाई जीतन राम 50वर्ष लगभग की मृत्यु चेन्नई के एक कंपनी कारखाने में उंचाई से गिर कर हो गई। कंपनी के सुरक्षा गार्डों ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण कराकर शव को छिपा दिया है। इस घटना कि जानकारी गांव के साथ में काम करने गए लोगों ने मृतक के परिवार जनों को दिया। इस घटना को सुनकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है की मृतक के सव को कंपनी घर पर भेजें किंतु कंपनी के लोग चुप्पी साधे बैठे हुए हैं। इस रवैया से आहत होकर परिवार जनों ने गढ़वा जिला उपायुक्त महोदय से मृतक के सव को घर पर मंगाने की गुहार लगाई है। इस अवसर पर युवराज राम ने बताया की मृतक जीतन राम उनका बड़ा भाई है और उनके दो बेटी दो बेटियां हैं जो नाबालिक है। उन्होंने कंपनी और सरकार से मृतक के पत्नी एवं बच्चे को सरकारी सहायता प्रदान करने की मांग की है। इस मौके पर ग्रामीण उदय कुमार रवि, विजय राम सहित दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद थे। मृतक जीतन राम के शव को मंगाने में आर्थिक रूप से गरीब असमर्थ परिवार जनों को झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री शाह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से रंका झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी के द्वारा 40000 रूपये की आर्थिक सहयोग के रूप में प्रदान किया गया है।

## जगत जननी मां महामैंत्रायनी योगिनी का महानिर्वाण दिवस मनाया



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** गोसाइबाग स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह में जगत जननी मां महामैंत्रायनी योगिनी का महानिर्वाण दिवस मनाया गया। शुक्रवार को अघोर परिषद ट्रस्ट पड़ाव वाराणसी के सौजन्य से 208 गरीब असहाय विधवा विकलांग दिव्यांग एवं जरूरतमंद लोगों के बीच निःशुल्क साड़ी का वितरण किया गया। साड़ी वितरण से पूर्व अघोरेश्वर महाप्रभु भगवान राम जी एवं गुरु पद संभव राम जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। श्री सर्वेश्वरी समूह आश्रम उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव कहा कि 19 सूत्री कार्यक्रम के तहत गरीब असहाय लोगों के बीच साड़ी का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। मौके पर पूर्व मुखिया पंकज प्रताप देव,वार्ड पार्षद रंजन कुमार छोटू,नागेंद्र राम,संजीव सिन्हा,आंनद जायसवाल, नवीन कांत सिन्हा, मिथलेश कुमार, नवनीत कुमार, श्रीकांत सिन्हा, राजू कुमार, राजीव कुमार सिन्हा, परमेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद थे।

## मकर संक्रांति को ले चौक चौराहों पर लगी तिलकुट, लाई और चुड़ा की दुकान

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला में दो साल करोना काल के बीत जाने के बाद इस वर्ष 2023 के जनवरी माह में साल के पहला पर्व मकर संक्रांति को ले लोगों में काफी उत्साह एवं तैयारी देखी जा रही है। जिसे लेकर दिसंबर माह से ही जिला मुख्यालय के चौक चौराहों पर तिलकुट भी बनाया जा रहा है, दुकानदार मुरही का लाइ चूड़ा का लाइ तिल का लड्डू बनाकर चौक चौराहों पर स्टॉल लगाकर बिक्री कर रहे हैं, तो वही इस संबंध में गढ़वा जिले के ऐतिहासिक मां गढ़देवी मंदिर के पुजारी राजन पांडे ने जानकारी देते हुए, कहा कि मकर संक्रांति 15 जनवरी 2023 को मनाई जाएगी क्योंकि सूर्य मक्कर सी में 14 जनवरी की रात्रि यानी 15 जनवरी को सूर्योदय में 3:02 मिनट पर प्रवेश कर रहे हैं पुण्य काल 15 जनवरी को सुबह सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक रहेगा जबकि वही जिले के रंका मोड चौक पर तिलकुट की सोंधी खुशबू लोगों को आकर्षित करने लगा है , तिलकुट कारोबारियों ने अपने-अपने दुकानों को तिलकुट से सजा रखा है, महामाया तिलकुट दुकान में तिल गुड़ चीनी और खोवा से बने कई वैरायटी के तिलकुट हैं, जो लोगों को आकर्षित कर रहा है, तिलकुट का कारोबार करने वाले व्यापारियों ने जागृति तिलकुट भंडार के प्रोपराइटर मुन्ना साव ने बताया कि इस वर्ष बाजार से काफी उम्मीद है , पिछले 2 वर्ष करोंना के कारण तिलकुट का व्यापार काफी मंदा था, लेकिन इस वर्ष काफी उम्मीद के साथ तिलकुट काफी मात्रा में बनाया जा रहा है, और लगभग 60 लाख से 80 लाख तक की तिलकुट का कारोबार होने की उम्मीद है, महामाया तिलकुट भंडार के प्रोपराइटर धर्मेंद्र पासवान ने कहा कि गढ़वा जिले में प्रत्येक दुकान से 4 से 5 क्विंटल तिलकुट मकर संक्रांति के मौके पर बिक्री किया जाता है।

### मजदूर संजय पासवान की बीमारी से हो गयी मौत

# शव को चेन्नई से रांची लाया गया

आजाद सिपाही संवादाता

**कांडी।** बीते मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के मझिगावां पंचायत के कवलदाग टोला निवासी प्रवासी मजदूर संजय पासवान की मृत्यु के पश्चात शव को ग्रामीणों के सहयोग से चेन्नई से रांची हवाई जहाज के माध्यम से लाया गया। उसके पश्चात दृष्टियूथ आर्गनाइजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर के आग्रह पर गढ़वा उपायुक्त रमेश घोलप के द्वारा एंबुलेंस के माध्यम से शव को रांची से पैतृक आवास पर लाया गया। शव आते ही पूरे टोले पर कोहराम मच गया। मृतक संजय पासवान को चेन्नई के एक निजी क्लिनिक ऑल इज वेल हॉस्पिटल के दिये गये रिपोर्ट के अनुसार मृतक को कुछ दिनों पहले सीओपीडी (क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिसीज) की वजह से सीसीएफ (कंजेस्टिव कार्डियक फेलियर) होने के वजह से संजय पासवान की मृत्यु हो गई थी। इधर गुरुवार की मध्य रात्रि शव आने की सूचना मिलने के पश्चात कांडी प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने परिजन के घर जाकर सभी को समझाया एवं सहयोग राशि, कंबल, क्रिया कर्म के लिए अनाज की व्यवस्था कराया उसके अलावें सरकार द्वारा पारिवारिक लाभ दिलवाने का भी आश्वासन दिया। वहीं हरिहरपुर मुखिया अनुज सिंह, मुखिया प्रतिनिधि संतोष सिंह ने भी मृतक के परिजन को आर्थिक सहयोग किया। युवा समाज सेवी शशांक शेखर ने मृतक के परिजन से मिलकर कहा कि मृतक के श्रमिक कार्ड की सहायता से श्रमिक की मृत्यु होने के बाद मिलने वाली सभी लाभों को जिला के उच्चाधिकारियों से मिलकर लाभ दिलवाने का भरोसा दिलाया। मृतक का अंतिम संस्कार कवलदाग नदी में किया गया।



### ढांढस बंधाने काफी संख्या में पहुंचे लोग

दुःखित परिवार को ढांढस बंधवाने वालों में मझिगावां पंचायत के मुखिया पति शंभू नाथ साह, हरिहरपुर मुखिया अनुज सिंह, संतोष सिंह, भागीदारी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवेंद्र प्रजापती, ग्रामीण शुशील सिंह, जितेंद्र चौबे सहित सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ी रही। घर वालों के चीत्कार से मौजूद सभी की आंखे नम हो गई थी।

### 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता

# आरके पब्लिक स्कूल फाइनल में

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** 21 वी गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग के सेमीफाइनल मैच में आर के पब्लिक स्कूल ने ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल को 59 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वही साउथ प्वाइंट स्कूल को सीनियर खिलाड़ी को टीम में शामिल करने पर टीम को प्रतियोगिता से बाहर कर दिया गया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में 23 वे दिन सीनियर वर्ग के सेमीफाइनल मैच में आर के पब्लिक स्कूल में पहले बल्लेबाजी करते हुए तन्मय के नाबाद 42 रन और सच्चिदानंद के 35 रनों के सहयोग से निर्धारित ओवरों में 4 विकेट खोकर 112 रन बनाएं। ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल की ओर से प्रियांशु ने एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल की टीम निर्धारित ओवर में पांच विकेट खोकर उत्सव के 11रन के सहयोग से 53 रन ही बना पाई। आर के पब्लिक स्कूल की ओर से आदर्श ने तीन विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच पुरस्कार आर के पब्लिक स्कूल के तन्मय को डॉक्टर कुमार निशांत सिंह,प्रतियोगिता के सह सचिव प्रिंस सोनी, मुकेश कुमार सिन्हा ने सयुक्त रूप से प्रदान किया।इस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए डॉ कुमार निशांत सिंह ने कहां की क्रिकेट खेल युवाओं को अनुशासन सिखाता है खेल से खिलाड़ियों में डिसिप्लिन एवं शालीनता आती है क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी बहुत ही विनम्र होते हैं,ओर आप लोग ऐसा कोई काम नही करेगे जिसके कारण आपके अभिभावक और स्कूल को खराब लगे। खेल को सिर्फ खेल भावना से खेलना चाहिए ,खेल में अंपायर के निर्णय एवं खेल के नियमों से असल जिंदगी में भी सीख लेना चाहिए। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, अजीत सिन्हा, प्रबीन मिश्रा, नवनीत दुबे, विशाल, अभिषेक द्विवेदी, मनोज तिवारी, आदित्य, सूर्या, प्रभात, प्रिंस खान अमित उपाध्याय सहित कई लोग शामिल थे।



## नींव नहीं खुदवाने वाले लाभुकों को नोटिस देते हुए 1 सप्ताह का समय दिया



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त के निदेर्शानुसार प्रखंड क्षेत्र के टरहे पंचायत के टरहे गांव में 102 पीएम आवास का चयन किया गया था, जिसमें 51 आवास पूर्ण किया गया है। वही बाकी अपूर्ण है लेकिन 34 आवास के लाभुकों ऐसे हैं जो प्रथम किस्त का राशि लेकर भी प्रधानमंत्री आवास का नीव तक नहीं खुदाई की गई है, वैसे सभी लाभुकों को बीडीओ नितेश भास्कर के द्वारा नोटिस देते हुए 1 सप्ताह का समय दिया गया है। घर बनाने का, अन्यथा दी गई। किस्त की राशि वापस लिया जायेगा और नहीं देने पर थाना में प्राथमिकी दर्ज की जायेगी, एवं जेल भेजा जायेगा, इस मामले को लेकर थाना के एएसआइ आलोक कुमार पुलिस बल के साथ तथा पंचायत के पंचायत सचिव परमानंद प्रसाद द्वारा सभी लाभुकों के घर-घर जाकर समझाया गया है।

## मेराल थाना पुलिस ने हाइवे पर चलाया सघन चेकिंग अभियान



**मेराल (आजाद सिपाही)।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत मेराल पुलिस द्वारा थाना के सामने एनएच 75 पर शुक्रवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान श्वास परीक्षक यंत्र द्वारा वाहन चालकों का अल्कोहलिक जांच किया गया। जिसमें नशा कर वाहन चलाने वाले और बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस के वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 41 बाइक एवं दो टेंपु को किया गया चालान। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने चेकिंग अभियान के दौरान लोगों को सुरक्षित चलने के लिए जागरूक किया गया। बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगायें, नशे की हालत में वाहन न चलायें, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करें, रोड पार करते समय दोनों तरफ अवश्य देखें फिर रोड़ पार करें, वाहन ओवरटेक करते समय निश्चित दूरी बनाएं रखें। इस दौरान बिना हेलमेट तथा बिना लाइसेंस के 41 बाइक एवं 2 टेंपु को पकड़ा गया है। चेकिंग अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार, संजय कुमार कुशवाहा, नीरज पांडे सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## आपत्तिजनक फोटो वायरल करने का आरोपी गया जेल



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस ने सोमवार को आपत्तिजनक एक वीडियो, फोटो वायरल करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार 12 जनवरी को मेराल थाना में एक युवती का आपत्तिजनक वीडियो, फोटो वायरल करने का प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। मेराल थाना में कांड दर्ज करने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी कमलेश चौधरी (24) पिता उदल चौधरी को करकोमा उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## माताजी मैत्रायणी योगनी का निर्वाण दिवस समारोह पूर्वक मनाया



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित सर्वेस्वरी समूह आश्रम मकरी में बड़े बाबा भगवान राम की माताजी मैत्रायणी योगनी का निर्वाण दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इसे लेकर पूजा पाठ के साथ भंडारे का आयोजन किया गया था। इस मौके पर सुबह से ही माता योगनी के चित्र पर फूल माला अर्पित कर पूजा अर्चना की गई। साथ ही आश्रम स्थित काली सक्ति पीठ को आकर्षक ढंग से सजाया गया था । माता योगनी के संबंध में जानकारी देते हुए आश्रम के संरक्षक बिहारी राम ने बताया कि बड़े बाबा अघोरेस्वर भगवान राम अपने माता का इकलौता पुत्र थे। माता योगनी अपने संस्कार समर्पण व सहयोग के बल पर भगवान राम का लालन पालन कर पूरे मानवता के लिए महान संत के रूप में स्थापित किया। माता जी का देहावसान 1993 में पड़ाव वाराणसी के गंगाघाट पर हुआ था इस मौके पर भारी संख्या में समूह के सदस्यों के साथ बबलू कुशवाहा, बिनोद ठाकुर, भगवान सिंह, आश्रम के मंत्री दिलीप राम, राजेश जयसवाल, योगेंद्र बैठा, अशोक यादव, सुरेश प्रसाद, कृष्णा गुप्ता, धीरज जयसवाल, मनीष मौर्या, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन ने चौक की दीवार को धक्का मारकर किया क्षतिग्रस्त



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** इंदिरा गांधी चौक पर बीती रात्रि अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया, जिससे इंदिरा गांधी चौक की दीवार एवं पाया क्षतिग्रस्त हो गया है। सुबह में लोगों ने देखा कि इंदिरा गांधी की प्रतिमा पूरी तरह सुरक्षित है। इस प्रतिमा के ऊपर छत दीवाल और पाया क्षतिग्रस्त हो गया है। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने कहा कि इंदिरा गांधी की लगायी गई। प्रतिमा देश के धरोहर में से एक है। इसके दिवार और पाया को छतिग्रस्त करना बहुत दुख की बात है। स्थानीय ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषी के वाहन मालिक पर कार्रवाई करने की बात कही है।

## सड़क दुर्घनाओं को कम करने के उद्देश्य से जागरूकता रथ रवाना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला अंतर्गत सभी जिला में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया जिला परिवहन पदाधिकारी के निर्देश सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा रिफलेक्टिव टेप सभी गाड़ियों पर चिपकाया गया तथा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। सभी लोगों से सड़क सुरक्षा के तहत बनाये गये नियमों के अनुसार वाहन चलाने की अपील की जा रही है। सड़क सुरक्षा सप्ताह एवं सड़क सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण बातों की जानकारी दी। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत आज जिला परिवहन कार्यालय के सौजन्य से सड़क सुरक्षा समिति की टीम एवं स्वास्थ्य विभाग गढ़वा के द्वारा नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वाहन चालकों की आंख एवं ब्लड प्रेशर की जांच की गई और जरूरतमंदों को दवाई भी उपलब्ध कराई गई। जिसमें करीब 110 लोग से ज्यादा शामिल हुए।

### स्वास्थ्य विभाग भले ही गर्भवती महिलाओं के लिए योजनाओं का लाभ गरीब को देने की बात कहे, लेकिन हकीकत कुछ और बयां कर रही

# अनुमंडलीय अस्पताल में प्रसव के लिए हर चीज का रेट चार्ट है



प्रशांत सहाय

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल मुख्यालय में सरकारी अनुमंडलीय अस्पताल है। यहां भ्रष्टाचार स्वास्थ्य विभाग के लालची सरकारी कर्मचारियों का प्रस्तुत महिलाओं ने पोल खोल कर रख दिया है। इस सरकारी अस्पताल में प्रसव के लिए हर चीज का रेट चार्ज है। ताजा मामला प्रखंड क्षेत्र के मंगरदह गांव एक गरीब परिवार के साथ घटी। पीड़ित ग्राम निवासी वेद प्रकाश चंद्रवंशी ने 20 वर्षीय पत्नी खुशी देवी का प्रसव कराने के लिए गुरुवार की अहले सुबह 5 बजे के करीब अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया था। खुशी के साथ उसकी मां बिंदा देवी एवं बगल के हि नीरू देवी थीं। उन्होंने बताया कि भर्ती कराने के बाद वहां मौजूद स्वास्थ्य कर्मी ने महिला को कुछ देर तक इधर-उधर टहलाने की बात कही। ताकि महिला को नॉर्मल तरीके से प्रसव हो जाये। लंबे इंतजार के बाद गर्भवती महिला को प्रसव वार्ड में ले जाया गया। वही 1:50 बजे के करीब खुशी देवी का प्रसव हुआ इस दौरान महिला ने स्वस्थ्य एक लड़के को जन्म दिया। उस वक्त जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ था। लेकिन जन्म होने के बाद महिला का यूटरस बाहर आ गया था रक्त का ज्यादा बहाव हो रहा था। परिजनों ने बताया कि इतना होने के बाद प्रसव कराने वाली नर्स ने वार्ड में सुलाकर बाहर आ गई और बोली कि प्रसव हो गया है और लड़के का जन्म हुआ है। इसके बदले में हमलोगों को उपहार चाहिए। नर्स बोले की हम लोग का ड्यूटी का समय खत्म हो रहा है। अब दूसरे लोग ड्यूटी पर आयेंगे। इतना कहने के बाद नर्स ने परिजनों से लड़का जन्म लेने के इनाम में पैसे की मांग की। वही नर्स ने परिजनों से एक हजार रुपये एवं दाई को 250 रुपये दिए हैं। इसी बीच कुछ देर के बाद महिला की हालत गंभीर होने लगी। गंभीर अवस्था में महिला को दूसरे नर्स ने करीब 3:50 बजे रेफर कर दिया गया।

### परिजनों को नही मिली सरकारी एंबुलेस निजी वाहन से पहुंचाया अस्पताल

परिजनों ने बताया की खुशी देवी के हालात गंभीर होने पर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया है। रेफर करने के बाद महिला को सरकारी एंबुलेंस नही दिया गया। बदले में उसे निजी वाहन से ही गढ़वा जाना पड़ा। लेकिन सदर अस्पताल पहुंचने पर खुशी देवी की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर जिला परिषद सदस्य प्रमोद राम समाजसेवी कमला सिंह ने परिजन के घर पहुंच कर ढाढस बढ़ाया। उन्होंने घटना के क्रम कि परिजनों से जानकारी लिया। उन्होंने कहा कि परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल के कर्मियों की लापरवाही वजह से महिला की मृत्यु हुई है। इसकी शिकायत उच्च अधिकारी से करेंगे और न्याय का मांग करेंगे।

### मामला गंभीर,जांच के बाद होगी कार्रवाई : सीएस

इस संबंध में पूछे जाने पर सदर अस्पताल गढ़वा के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि मामला गंभीर है। इस मामले में तीन बिंदुओं पर जांच की जायेगी। आखिर ड्यूटी में मौजूद चिकित्सक किस कारण से महिला को रेफर किये। अगर रेफर हुआ भी तो मरीज को एंबुलेस क्यों नहीं दिया गया। वही कौन नर्स प्रसव के नाम पर पैसे की उगाही की। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की जायेंगी। दोषी पाए जाने वालों पर हर हाल में करवाई होगी।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 14 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in
08

## सात लाख से अधिक मूल्य की अवैध लकड़ियां हुई जब्त

**खूटी (आजाद सिपाही)।** रनिया थाना क्षेत्र के मारचा गांव के पास शुक्रवार को वन विभाग के कर्मियों ने अवैध लकड़ियों से लदे एक ट्रक को पकड़ा। जिसमें सखुआ लकड़ियों के अवैध बोटे और चिरान लदे हैं। जिन्हें जब्त कर खूंटी वन प्रमंडल कार्यालय लाया गया। सहायक वन प्रमंडल पदाधिकारी अर्जुन बड़ाईक ने बताया कि बरामद लकड़ियों की कीमत सात लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वनपाल और वन कर्मियों ने शर्द रात में रात भर हाथी प्रभावित जंगली क्षेत्र में ट्रक की रेकी की और सुबह मरचा गांव के समीप उसे पकड़ लिया। सहायक वन प्रमंडल पदाधिकारी ने वन कर्मियों के इस कर्तव्य परायणता की सराहना की। ट्रक पकड़ने में प्रवीण सिंह, पीटर नाग, नितेश केशरी, मनोज सिंह, संजय साहू, जुनूल होरो शामिल थे।

**बुंडू के कोदड़ा गांव की घटना : अपहृत युवक तीन जनवरी को ही हो चुका है बरामद**

# युवक का अपहरण कर पांच लाख की फिरौती मांगने के आरोप में तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू थाना क्षेत्र के कोड़दा गांव निवासी योगेश्वर महतो से विगत दो जनवरी को फोन कर उनके बेटे का अपहरण करने और पांच लाख रुपए की फिरौती की मांग करने के आरोप में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान जुरा मुंडा, सुखराम मुंडा और महादेव मुंडा के रूप में हुई है। तीनों को पुलिस ने शुक्रवार को जेल भेज दिया। इसकी जानकारी बुंडू थाना के पुलिस निरीक्षक सह प्रभारी पंकज भूषण ने दी। इस दिन आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने


गिरफ्तार आरोपित की जानकारी देते बुंडू थाना के पुलिस निरीक्षक पंकज भूषण।

बताया कि गत दो जनवरी को कोड़दा गांव निवासी योगेश्वर महतो ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि उनका बेटा परीक्षित महतो सवारी गाड़ी लेकर चालक फगुआ मुंडा के साथ खूंटी गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। बदले में उसके बेटे के मोबाइल से फोन कर उसका अपहरण किए जाने और छोड़ने के बदले पांच लाख रुपये की फिरौती राशि देने की मांग की गई। पैसे नहीं देने पर बेटे को जान से मारने की धमकी भी दी गई है। इस आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर वरीय पदाधिकारियों को सूचित किया गया। जिसके बाद रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देश पर बुंडू थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसने तकनीकी शाखा से सीडीआर प्राप्त कर विश्लेषण कर छापामारी किया और तीन जनवरी को ही पोस्ताबेड़ा के जंगल से अपहत परीक्षित महतो को बरामद कर लिया। हालांकि तब कोई भी अपहरणकर्ता गिरफ्तार नहीं हुआ। लेकिन उनकी धड़ पकड़ के लिए पुलिस लगातार छापामारी करती रहे। अंत में एक-एक कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की मानें तो तीनो आरोपितों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। सुखलाल मुंडा के पास से मोबाइल फोन, जुड़ा मुंडा के पास से बाइक व एक मोबाइल फोन के अलावा महादेव मुंडा के पास से एक फोन बरामद किया गया है। पुलिस तीनों से पूछताछ कर पता लगाने में जुटी है कि इसमें अन्य कोई शामिल है या नहीं।

## आपराधिक घटनाओं का करें गंभीरता से निपटारा: एसपी


मैकलुस्कीगंज में जिला ग्रामीण पुलिस अपराध गोष्ठी सह सम्मान समारोह आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** मैकलुस्कीगंज के ड्रीम डेस्टिनेशन्स टीआइसी सभागार में रांची जिला ग्रामीण पुलिस का अपराध गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता रांची जिला ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने किया। अपराध गोष्ठी में एएसपी मोमल राजपुरोहित एवं ग्रामीण क्षेत्र के डीएसपी अनिमेष नैथानी, डीएसपी अजय कुमार, डीएसपी रजत माणिक बाखला, डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा सहित थानाध्यक्ष शामिल हुए। ग्रामीण एसपी ने बारी-बारी से सभी थानों के थानाध्यक्ष से उनके क्षेत्र में होने वाले कांडों के बारे में चर्चा की। अपराध नियंत्रण के लिए एसपी ने सभी थानाध्यक्षों और वरीय पुलिस पदाधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्र में सक्रिय पीएलएफआई, जेजेएमपी एवं अन्य उग्रवादी संगठनों पर लगाम लगाने व अपराध में कमी लाने सहित कई अहम निर्देश दिए। इस दौरान सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस उपाधीक्षक खलारी अनिमेष नैथानी, रातु थाना प्रभारी सपन कुमार महथा, चान्हो थाना प्रभारी रंजय कुमार, तमाड थाना प्रभारी दीपक कुमार, कृष्ण कुमार थाना प्रभारी ठाकुर गांव, बेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता, एसआई कमलेश कुमार सहित अन्य को वरीय पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व एएसपी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह, कांके थाना प्रभारी संजीव कुमार, कमलेश राय थाना प्रभारी बड़मू, रंजय कुमार थाना प्रभारी चान्हो आदि मौजूद थे।

# बुंडू व तमाड़ में जंगली हाथियों का तांडव महिला की कुचल कर ली जान, खेत रौंदे

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू/तमाड़।** बुंडू और तमाड़ में इन दिनों जंगली हाथियों का उपद्रव चरम पर है। इसमें जान और माल दोनों की हानी हो रही है। ताजा उदाहरण बुंडू प्रखंड के खुदीमदकम स्थित मुड़हू टोला में देखने को मिला। जहां लगभग 40-45 की संख्या में जंगली हाथियों के झुंड ने गांव को घेर कर लोगों की लहलहाती फसल और खलियान में रखें धान को खा गए। ग्रामीणों की मानें तो गुरुवार की रात 40-45 की संख्या में हाथियों का दल गांव में प्रवेश किया और लोगों की आलू, टमाटर, रहर और मटर आदि की फसलों को भारी क्षति पहुंचाई है। इसमें मनोरंजन महतो का 30 क्विंटल धान और 15 क्विंटल आलू, धनेश्वर महतो का 30 क्विंटल बैगन, डिप्टी महतो का 25 क्विंटल आलू, 2 क्विंटल मटर, अक्षय कुमार महतो का 50 क्विंटल धान, राजेश महतो का 20 क्विंटल धान, निरंजन महतो का 40 क्विंटल धान, त्रिभुवन महतो का 30 क्विंटल धान व पांच क्विंटल आलू, इंद्रजीत महतो का तीन क्विंटल आलू व 20 क्विंटल धान, गोपीनाथ महतो के दो क्विंटल रहर-उड़द, लाल महतो के 20 क्विंटल गोभी व दो





क्विंटल मटर, 8 क्विंटल आलू, नटवर महतो के 6 क्विंटल आलू, देवगन महतो के 6 क्विंटल आलू, भवानी महतो के 20 क्विंटल टमाटर, संजय कुमार महतो के टमाटर की फसल को खाकर व रौंद कर नष्ट कर दिया। साथ ही देवेंद्र नाथ महतो के 8 क्विंटल धान को खाने के साथ ही दीवाल भी क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं, सावना महतो के 20 क्विंटल धान, विरोला देवी के 10 क्विंटल धान और खुदीराम महतो का दो क्विंटल टमाटर और आम की बागवानी को तहस-नहस कर दिया। इस बाबत बात करने पर वन विभाग के दो गार्ड क्षति का आकलन करने मौके पर पहुंचे। साथी ही बुंडू प्रखंड के प्रमुख राजकुमार बिंझिया, गुरुपद गोराई, मुखिया सिद्धार्थ मुंडा भी गांव पहुंचे और वन विभाग से ग्रामीणों को हाथी से राहत दिलाने की अपील की। कहा कि गांव में पटाखे, टॉर्च व अलाव की व्यवस्था की जाए। लगे हाथ यथाशीघ्र मुआवजा देने की मांग की। दूसरी ओर, तमाड़ वन क्षेत्र के कुरकुट्टा पंचायत अंतर्गत तिलाईपीड़ी गांव के पास शुक्रवार की सुबह 8.30 बजे जंगली हाथियों ने एक महिला की कुचल कर जान ले ली। उसकी पहचान मंगला देवी (35) के रूप में हुई है। साथ ही उसके साथ जा रही शांति देवी नामक महिला को भी हाथी ने घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार टुसू पर्व को लेकर चावल की गुड़ी कूटाने के लिए मंगला और शांति मील जा रही थी। तभी जोडेन सोतिया के पास दो हाथियों ने उन पर हमला बोल दिया। शांति किसी तरह वहां से बच कर भाग निकली, लेकिन मंगला को हाथियों ने कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना पाकर वन विभाग और पुलिस के अधिकारी गांव पहुंचे और मृतका को 50 हजार रुपये की तत्कार आर्थिक मुआवजा राशि का भुगतान किया। साथ ही घायल शांति देवी को इलाज के लिए 10 हजार रुपये दिए। वहीं, पुलिस ने मंगलाव के शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। बतातें चलें कि पांच परगना क्षेत्र में हाथियों का आतंक बदस्तूर जारी है। मौके पर जिला परिषद सदस्य दिलीप सेठ, मुखिया निरंजन सिंह मुंडा, वार्ड सदस्य सुजान सिंह मुंडा, वनरक्षी करमा होरो, शत्रुघ्न व विजय टुटी आदि थे।

## डकरा में हुई त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** डकरा स्थित वीआइपी सभागार में शुक्रवार को त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीडीएमएस माइनिंग हनुमंत राव ने की। खान सुरक्षा निदेशक विनीत चौरसिया, हनुमंता राव, एजाज मोहम्मद, रविंद्र बैठा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद एनके एरिया महाप्रबंधक संजय कुमार ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं यूनियन प्रतिनिधियों का स्वागत किया। बैठक में सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही डीडीएमएस हनुमंत राव ने कई सुझाव भी दिए। जिससे संभावित दुर्घटना को टाला जा सकता है। एनके एरिया जीएम कुमार ने कहा कि डीजीएमएस द्वारा बताए गए सुरक्षा निर्देशों का एनके एरिया निरंतर पालन कर रहा है। सुरक्षा को सर्वोपरि मानकर एरिया के पांचों सीसीएल के माइंस में कर्मियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए सतत उत्पादन करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हम सभी के प्रयास से भविष्य में कोई दुर्घटना नहीं हो ऐसा हमारी टीम का प्रयास रहेगा। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन खान प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद ने किया। इस मौके पर पीओ जे अब्राहाम, नरेश सिंह सहित सभी विभाग के विभागाध्यक्ष सहित यूनियन प्रतिनिधियों में ललन प्रसाद सिंह, प्रेम कुमार, गोलटेन प्रसाद यादव, विनय सिंह मानकी, शैलेश कुमार, हरेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

## 15 को मकर टूसू मेला व फुटबाल प्रतियोगिता

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पुंडीदीरी करकरी नदी तट पर स्थित एतिहासिक रूंगकाड़ी मैदान में 15 जनवरी को एकदिवसीय टुसू (चौडल), मुर्गा लड़ाई एवं फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा समाजसेवी सुखलाल सिंह मुंडा शामिल होंगे। इसकी जानकारी मुखिया लक्ष्मीकांत सिंह मुंडा ने दी।

## गैरेज में खड़े वाहनों में शरारती तत्वों ने लगायी आग

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** शहर के पिपराटोली स्थित एमएस बॉडी नामक गैरेज में मरम्मत के लिए आई एक सवारी वाहन और दो पिकअप वैन में गुरुवार की देर रात शरारती तत्वों ने आग लगा दी। आधी रात को गैरेज में वाहनों को जलते देख इसकी सूचना गैरेज मालिक, खूंटी पुलिस और



अग्निशमन विभाग को दी। उधर, खबर पाते ही खूंटी पुलिस और दमकल के इंजन मौके पर पहुंच गई और वाहनों में लगी आग को बुझाया, लेकिन तब तक तीनों वाहन लगभग पूरी तरह जल चुके थे। गैरेज मालिक मनोज कुमार ने बताया कि सवारी गाड़ी की मरम्मत पूरी हो चुकी थी। एक-दो दिनों में उसकी डिलीवरी करनी थी, लेकिन आग से यह जलकर खाक हो गया। गैरेज मालिक ने कहा कि किसी ने संभवतः दुश्मनी के कारण घटना को अंजाम दिया होगा। हालांकि समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में उसने खूंटी थाना में कोई लिखित जानकारी नहीं दी है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन में जुटी है।

**पिपरवार में सीसीएल प्रबंधन और रैयत विस्थापित मोर्चा की हुई बैठक**

# मांगों पर असहमति, 16 से मोर्चा का अनिश्चितकालीन पिपरवार बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में शुक्रवार को सीसीएल प्रबंधन और रैयत विस्थापित मोर्चा के बीच सात सूत्री मांगों को लेकर बैठक हुई। जिसमें रैयत विस्थापित मोर्चा की ओर से प्रबंधन को सौंपे गए मांगों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसमें मुख्य रूप से विस्थापित रैयतो को रोजगार के लिए कोयला उत्पादन का 50 फीसदी कोयला रोड सेल में देने, विस्थापितों को एक करोड़ तक का ठेका कार्य देने, नीजि कंपनियों मे 75 फीसदी काम विस्थापितों को देने, रैयतों की अधिकृत भूमि के बदले लंबित नौकरी और मुआवजा देने,



सीसीएल प्रबंधन व रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक में उपस्थित प्रतिनिधि

पुनर्वास केंद्र में बुनियादी सुविधा बहाल करने, विस्थापितों को पहचान पत्र निर्गत करने, डीएवी कल्याणपुर को जल्द चालू करने, सीएसआर योजना मद में राशि बढ़ाने और कार्यों को धरातल पर उतारने सहित मांगों पर लंबी चर्चा के बावजूद कोई निष्कर्ष नहीं निकला। जिसके बाद मोर्चा द्वारा 16 जनवरी से होने वाले अनिश्चितकालीन पिपरवार बंद को शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से करने की बात कही गई। बैठक में प्रबंधन की ओर से एजीएम निरंजन सेनापति, अशोका पीओ संजय कुमार, एसओसी पीके साहू, एसओपी आलोक मनीष सोय, रवि बाड़ा एंव मोर्चा की ओर से इकबाल हुसैन, रामचंद्र उरांव, अर्जुन गंझु, महेंद्र गंझु, विजय महतो, जितेंद्र कुमार, रचित गंझु, बिरु मुंडा, बासुदेव साव, महेंद्र महतो, राजेश महतो, रामबालक गंझु, प्रेम ठाकुर, सुरेश महतो, मोहम्मद जुलफान, हाजी जसीम, हाजी प्रवेज, हाजी कमाल, बसंत महतो, बिगन सिंह भोगता, इदरीस अंसारी, सकील असारी, इंद्रजीत उरांव, दिरपाल टाना भगत सहित मोर्चा के कई लोग मौजूद थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## पिपरवार पहुंचे झारखंड सरकार के वन सचिव कोयला खदान का किया निरीक्षण



पिपरवार (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के वन सचिव एल खियांगते शुक्रवार को सपरिवार पिपरवार एरिया के दौरे पर पहुंचे। पिपरवार पहुंचने पर संगम विहार क्लब में महाप्रबंधक सीबी सहाय ने बुके देकर स्वागत किया। जिसके बाद वन सचिव खियांगते अशोक परियोजना कोयला खदान जाकर वहां कोयला उत्पादन की तकनीकी की जानकारी ली। विभागीय अधिकारियों के साथ उन्होंने पिपरवार कोयला खदान के बीच में बनाए गए कायाकल्प वाटिका का औचक निरीक्षण किया। वाटिका परिसर में अपने परिवार के सदस्यों के साथ वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान उन्होंने कायाकल्प वाटिका की हरियाली और सुंदरता की जमकर प्रशंसा की। कहा कि सीसीएल प्रबंधन कोयला उत्पादन करने के बाद खाली पड़े जमीन का समतलीकरण कर उसमें पेड़ पौधे लगाकर पर्यावरण को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण को बचाना काफी जरूरी है और इसके लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने और पेड़ पौधों की देखभाल करने की जरूरत है। इस मौके पर पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय, अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, खान प्रबंधक सदाला सत्यनारायण,पर्यावरण पदाधिकारी संजय कुमार, उमेश मेहता आदि मौजूद थे।

## पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने मरीजों के बीच कंबल बांटा




खूंटी (आजाद सिपाही)। मन में समाज सेवा की भावना हो, तो उम्र आड़े नहीं आती है। इसे अक्षरशः सत्य साबित कर रहे हैं पद्मभूषण कडिया मुंडा। भाजपा के 87 वर्षीय नेता गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा में लगे हैं। कड़िया मुण्डा ने शुक्रवार को अनिगड़ा स्थित एसजीवीएस अस्पताल में मोतियाबिंद का ऑफपरेशन कराने वाले मरीजों के बीच कंबल वितरण किया। ज्ञात हो कि इस अस्पताल की संचालन समिति के अध्यक्ष भी कड़िया मुंडा ही हैं। उन्होंने कहा कि सेवा की भावना सभी के मन में होनी चाहिए। अस्पताल के माध्यम से मरीजों की सेवा हो रही है। लाखों लोग इस सेवा से स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। मौके पर अस्पताल प्रबंधक डॉ निर्मल सिंह, सिस्टर सेलविया बागे आदि थे।

## न्यायिक अधिकारियों ने अनाथ बच्चों में कंबल बांटा



खूंटी (आजाद सिपाही)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में डालसा के सचिव द्वारा शुक्रवार को कंबल वितरण किया गया। डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने बताया कि पूरे झारखंड में कारोन काल में 1446 बच्चे अनाथ हुए हैं, इनमें 78 बच्चे खूंटी जिले के हैं। इन बच्चों को पीएलवी और बाल कल्याण समिति द्वारा चिह्नित किया गया है। सीसीएल द्वारा सभी 1446 बच्चों को प्रत्येक जिले के डालसा कार्यालय के जरिए कंबल वितरण किया जा रहा। प्रधान जिला जज सत्य प्रकाश, जिला जज प्रथम संजय कुमार, जिला जज द्वितीय सत्यकाम प्रियदर्शी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सत्यपाल, न्यायिक दंडाधिकारी दिनेश बाउरी, न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद व बाल संरक्षण पदाधिकारी मो अल्ताफ खान ने अनाथ बच्चों में कंबल बांटा।

## इंदिरा देवी तुरी बनी बड़कागांव की प्रभारी



खलारी (आजाद सिपाही)। डकरा निवासी सह कांग्रेस प्रदेश सचिव इंदिरा देवी तुरी को बड़कागांव कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किया गया है। 26 जनवरी से शुरू होने वाले कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के सफल आयोजन एवं क्रियान्वयन के लिए कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय द्वारा पूरे प्रदेश में प्रभारियों की नियुक्ति की गयी है। वहीं इंदिरा देवी के प्रभारी बनाए जाने पर लोगों में हर्ष व्याप्त है। राजन सिंह राजा, राजेश सिंह मिंटू, अब्दुल्ला अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष साबीर अंसारी, तनवीर आलम, रंजन सिंह बिट्टू, रमन सिंह बंटी, विक्की सिंह, सोनू पाण्डेय, शेख शफीक अंसारी, संजय राम, संजय यादव, सलामत अंसारी, रूपेश मिश्रा, रमेश चौहान, सुरेंद्र चौहान, मुन्ना देवी, अनिता देवी, नगीना देवी आदि ने बधाई दी है।

## 10वीं चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर आयोजन समिति का गठन

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। थाना मैदान में 19 फरवरी को आयोजित 10 वीं चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर गुरुवार को थाना मैदान में बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष विरेंद्र सिंह मुंडा, सचिव सावना महली, कोषाध्यक्ष खंजन महतो, सह कोषाअध्यक्ष सुषेन प्रमाणिक, संयोजक तारणी सिंह मुंडा और संजय कुमार महतो, सह संयोजक राजेंद्र महतो और अभिराम महतो, संरक्षक चितरंजन महतो व श्याम महतो, उपाध्यक्ष दिलीप महतो, कालीचरण महतो, दिलीप अहीर, सहसचिव मुकेश महतो, कृष्णा महतो, परमेश्वर महतो, संजय महतो शामिल हैं।

## अधिक बिजली बिल आने से उपभोक्ताओं में आक्रोश

कर्रा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के डुमरगडी मानपुर गांव के उपभोक्ताओं में आवश्यकता से अधिक बिजली बिल आने पर विभाग के प्रति आक्रोश है। ज्ञात हो कि 15 दिन पहले उपभोक्ताओं की समस्या को लेकर मानपुर गांव में विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर बिजली विभाग को सूचना दिया गया था। बिजली विभाग के कर्मी ग्राम सभा मानपुर में पहुंचकर उपभोक्ताओं कि समस्या का निदान करें। लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं होने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश है।

## पहाड़ी मंदिर पुनर्निर्माण की 21वीं वर्षगांठ आज

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर के पुनर्निर्माण का 21वीं वर्षगांठ शनिवार को मनाया जाएगा। इसे लेकर खिचड़ी भंडारा की तैयारी पूरी हो गई है। शुक्रवार सुबह से 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन भी शुरू हो गया है। इस बड़ी तैयारी के लिए चावल, दाल व हरी सब्जियों का खेप आ चुका है। एक दर्जन से अधिक चुल्हे बनाए गए हैं।

## लापुंग के घघारी में मकर संक्रांति के अवसर पर तीन दिवसीय मेला का शुभारंभ

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के ऐतिहासिक घघारी बाबा धाम लगने वाला चार दिवसीय मेले के तीसरे दिन शनिवार को मकर संक्रांति के अवसर पर मेले में श्रद्धा भक्ति एवं विश्वास के साथ श्रद्धालु पहुंचेंगे। यहां प्रकृति के खूबसूरत सौंदर्य की गोद में बसे घघारी शिव मंदिर में भक्त जमुनी नदी में मकर स्नान कर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना कर-के सुख-समृद्धि की मंगल कामना करेंगे। वहीं मकर संक्रांति मेला के पहले दिन मेला का उद्घाटन किया गया। वहीं अखंड हरिकीर्तन का भी शुभारंभ किया गया है। मेला के दूसरे दिन भी काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मंदिर में पूजा अर्चना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में घघारी बाबा धाम समिति के अध्यक्ष गंगाधर साहू, संरक्षक रामशंकर सिंह, सुनील उरांव, संजय महतो, विक्रम शेखर सिंह, विकास नारायण सिंह, पुजारी सीताराम पाठक, राजकुमार पाठक, राम शंकर पाठक, मार्केण्डेय गोस्वामी तुलसीदास गोस्वामी समेत घघारी समिति के सदस्य लगें हुए हैं ।

## चोरी की घटना में लिप्त आरोपियों को किया गिरफ्तार




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हेसल खीरा टोली निवासी सोहराई महतो के घर में विगत 8 जनवरी की रात में हुई चोरी की घटना में लिप्त दो आरोपियों को अनगड़ा पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पकड़े गए आरोपियों का नाम संजय महतो पिता हरीपोदो महतो (ग्राम जिंतूबेड़ा राजाडेरा, थाना अनगड़ा) तथा अनिल महतो पिता लच्छू महतो (ग्राम हेसल थाना अनगड़ा) है। विदित हो कि विगत 8 जनवरी की रात में अज्ञात चोरों ने सोहराई महतो के घर की चारदीवारी को फांदकर आंगन में प्रवेश किये और फिर समरसेवल पंप, 5 केवीए का स्टेबलाइजर, कटर मशीन, वावरेटर मशीन सहित अन्य सामानों को लेकर चंपत हो गये। घटना को लेकर सोहराई महतो ने अनगड़ा थाना में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की गहराई से छानबीन की तथा घटना में लिप्त आरोपियों को चिंहित कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

## जिप सदस्य हिना परवीन और कांग्रेसी नेता जमील अख्तर ने गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया



**कांके (आजाद सिपाही)।** ठंड का प्रकोप को देखते हुए कांके जिप सदस्या सह प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्यक्रम के राज्य समिति की सदस्य हिना परवीन एवं रांची महानगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष जमील अख्तर ने पीरुटोला गांव कांके में लगभग 200 कंबल का वितरण जरूरतमंदों के बीच की। दोनों ने बताया कि कांके सबसे ठंड का इलाका है। यहां शिमला जैसा ठंड रहती है। ठंड का कहर को देखते हुये क्षेत्र के विभिन्न गांवों पर जाकर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण कर रही हूं। अभी तक लगभग 1 हजार कंबल वितरण कर चुकी हूं। आगे भी जारी रहेगा। हिना ने कहा क्षेत्र घूमने के दौरान देख रही हूं, बहुत से ग्रामीण क्षेत्रों पर अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। मैं कांके अंचलाधिकारी और रांची उपायुक्त से अपील करती हूं कि कांके में ठंड का प्रकोप को देखते हुवे तत्काल ग्रामीण क्षेत्रों पर अलाव की व्यवस्था की जाये। कंबल वितरण में मुख्य रूप से इचापीड़ी पंचायत के मुखिया लाखो उरांव, उप मुखिया मो गुफरान अंसारी, मौलाना अबदुल्ला, हाफिज शफीक, लियाकत अंसारी, अतीक अहमद, साबिर अंसारी, जन्नत हुसैन, शकील अहमद, खुर्शीद आलम, असीउल्ला अंसारी, तबरेज अंसारी, अबुसुफियान अंसारी, मसिउल्लाह अंसारी, सफीउल्लाह अंसारी, एनामुल उर्फ मामूल अंसारी,जियाउल अंसारी, अंजुम अख्तर सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## अभाविप ने स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बेड़ो नगर इकाई के तत्वाधान करमचंद भगत महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डा. राजा अजित कुमार, डा. आशा रानी लकड़ा, अभाविप की राष्ट्रीय खेल संयोजिका पल्लवी गाड़ी, विश्वविद्यालय सयोंजक शिवेंद्र सौरभ एवं नगरमंत्री रोहन कुमार ने सयुंक्त रूप से मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जहां छात्र-छात्राओं के लिए भाषण, निबंध लेखन, चित्रांकन व सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी जैसे प्रतियोगितायों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेंटो और मैडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रचार्य ने कहा विवेकानंद ने सकल विश्व मे भारतीय सनातन संस्कृति को स्थापित किया है। संचालन आकाश रक्षित व विक्रम कुमार धन्यवाद ज्ञापन रोहन महतो ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हर्षनाथ टंडन, रोहन कुमार सेठ, विक्रम महतो, सतीश कुमार, लक्ष्मण कुमार, दिवाकर महतो, योगेश कुमार ,पवन राणा एवं रांची विभाग छात्रा प्रमुख सोनम कुमार, सोनी उरांव, सुषमा कुमारी एवं रिया कुमारी ने सराहनीय योगदान दिया।

### तीन दिवसीय स्वर्णरेखा महोत्सव का दूसरा दिन

# दीपक प्रकाश, प्रदीप वर्मा, धर्मेंद्र तिवारी, जिला कृषि पदाधिकारी ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड के नगड़ी स्थित झारखंड के जीवनदायिनी नदी स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुआं के समीप मेला टिकरा में आयोजित तीन दिवसीय स्वर्णरेखा महोत्सव सह मकर संक्रांति मेला युगांतर भारती, स्वामी विवेकानंद ग्रामीण विकास संस्था एवं स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास मंच के बैनर तले मनाया जा रहा है। महोत्सव के दूसरे दिवस के अवसर पर शुक्रवार को दिवसीय स्वर्णरेखा महोत्सव के शुक्रवार को जिला कृषि विभाग के सौजन्य से कृषि मेला सह कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कृषि मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार, नगड़ी बीडीयो नुतन कुमारी, अध्यक्ष तपेश्वर केशरी बिरसा कृषि विभाग के कई वैज्ञानिक सहित अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। मौके पर राज्य सभा सदस्य दीपक प्रकाश सहित अतिथियों ने किसानों के द्वारा लगाये गये कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया और इसकी प्रशंसा की गई। सांसद दीपक प्रकाश और जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार ने उत्कृष्ट कृषि उत्पाद के लिए चयनित किसानों को कुदाल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित किसानों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद दीपक प्रकाश ने कहा देश के प्रधानमंत्री मोदी भारतवर्ष के अन्नदाता किसानों की आय दोगुनी करने के प्रयास में लगे हैं। देश के किसान समृद्ध होंगे तभी देश भी समृद्ध होगा। किसानों की चिंता उन्हें है इसलिए पीएम किसान योजना के तहत हर किसान के खाते सहायता राशि भेजी जा रही है। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा किसानों के हित में बहुत सी योजनायें लायी है क्षेत्र के किसान भाई इस सभी योजना का लाभ उठायें। वहीं जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार ने किसानों को बताया कि सभी किसान हर हाल में अपना ई केवाइसी जरूर करा लें, तभी सरकार द्वारा भेजी गई सहायता राशि समय पर मिल पायेगा। उन्होंने बताया कि 25000 किसानों के खाते में सुखाड़ राहत योजना के तहत राशि भेज दी गई है।



### किसानों को कृषि से आय बढ़ाने के तरीके बताये

मौके पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक और कृषि विशेषज्ञ चंद्र शेखर सिंह ने किसानों को कृषि से आय बढ़ाने के तरीके बताये साथ ही जैविक खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक डा. रास बिहारी साह और डॉ अरविंद कुमार सिंह ने किसानों को फसलों से अधिकतम लाभ लेने के उपाय बताये। साथ ही बताया कि जमीन को किसान परती न रखें। जहां खेती नहीं होती है उस खाली जमीन पर औषधीय पौधों, फूल और बांस की खेती कर इसका उपयोग करें और आय में बढ़ोतरी करें। पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने किसानों को गाय और भैंस के रख रखाव और खान पान की जानकारी दी। मौके पर साहू नर्सरी के संचालक सुरेश साहू के द्वारा किसानों को फलदार पौधों की कराफ्टिंग की जानकारी दी गई। साथ ही कृषि प्रदर्शनी में भाग ले रहे सभी किसानों को साहू नर्सरी की ओर से फलदार पौधा देकर सम्मानित किया गया। महोत्सव के दुसरे दिन विभिन्न गांवों के किसान सहित सैकड़ों लोग महोत्सव सह नगड़ी मेला को देखने पहुंचें बीडीओ नूतन कुमारी, प्रदीप वर्मा, बजरंग महतो ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजन समिति के अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष तपेश्वर केशरी, धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री चुडामनी महतो तथा मंच संचालन सुरेश साहू ने किया। महोत्सव के दुसरे दिन विभिन्न गांवों के किसान सहित सैकड़ों लोग महोत्सव सह नगड़ी मेला को देखने पहुंचें शनिवार को स्वर्णरेखा महोत्सव का समापन समारोह सह मकर संक्रांति नगड़ी मेला का आयोजन किया जायेगा। जिसमें प्रदेश के कई जिलों से हजारों लोग मेला में भाग लेंने पहुंचेगें। मौके पर समिति के प्रदीप महतो, हाजी साकिर अहमद, शहीद अहमद, प्रकाश साहू चंदशेखर पाठक, कमलेश केशरी, मनीष केशरी, दिलीप महतो, कमलेश केसरी, अब्दुल गफ्फार, दौलतराम केशरी, प्रकाश साहू, अजय कुमार, कृजीवन महतो, दीपक केसरी, मुकेश महतो, रामेश्वर महतो, समीर अंसारी, आशीष महतो,सुरेंन मिंज सहित कई कृषक मित्र अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही। कृषि प्रदर्शनी सह मेला में नगड़ी सहित आसपास के गांवों से दर्जनों किसान सहित सैकड़ों लोग पहुंचे।

# स्वर्ण डीपीएस स्कूल में पतंग महोत्सव सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के जरिया गांव स्थित स्वर्ण डीपीएस स्कूल में शुक्रवार को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी सह पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने फिता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जहां छात्र-छात्राओं ने मिलकर वर्किंग मॉडल के सभी प्रदर्शन रखे। जहां अतिथियों ने प्रदर्शनी का बारी-बारी से अवलोकन किया। वही बच्चों के प्रतिभा देख कर खूब सराहा। इस दौरान अतिथियों शिक्षक, शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं बच्चों ने मिलकर मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर दर्जनों पतंग उड़ाया। मौके पर प्रतुल शाहदेव ने बच्चों को बताया की स्वर्ण डीपीएस स्कूल द्वारा देश के प्रधानमंत्री के सपनों का भारत पर सभी मॉडल्स को बच्चों द्वारा दिखलाया गया यह अपने आप में एक बहुत बड़ा उपलब्धि है। उन्होंने कहा आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। इस तरह के प्रदर्शनी के आयोजन से बच्चों का हौसला बढ़ता है। साथ ही प्रतिस्पर्द्धा की भावना जागृत होने से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। साथ ही बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।स्कूल के निदेशक निर्देशक दीपम बनर्जी ने बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है।और बच्चों में शिक्षा का सवार्गीण विकास होता है।बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शन,पतंग महोत्सव एवं मिक्स्ट मार्शल आर्ट्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्हें प्रतुल शाहदेव पोला बनर्जी, दीपम बनर्जी, एमएमए ट्रेनर राज कूपर व सुरेंदर द्वारा पतंग व सर्टिफि केट देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर शिक्षिकाओं में श्वेता खन्ना,रानी मिंज, प्रेमिका लकड़ा अभिभावक व ग्रामीण मौजूद थे।



## बाइक सवार दो अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम, रातू में बैंक कर्मचारी से रुपयों से भरा बैग छीनकर हुए फरार

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एतवार बाजार में दिनदहाड़े 38 हजार रुपये छीनकर दो अपराधी फरार हो गये।। पीड़ित महिला बंधन बैंक की कर्मचारी है वो आमटांड़ से 38040 रुपये संग्रह कर अपने स्कूटी से रुपये जमा करने बंधन बैंक लौट रही थी। इसी उपरांत महिला का पीछा करते आ रहे बाइक सवार दो अपराधियो ने थैले में रखे रुपये लेकर संडे मार्किट की ओर फरार हो गये। जानकारी के मुताबिक बंधन बैंक की महिला कर्मचारी कंचन कुमारीं थाना क्षेत्र के आमटांड रुपये लोन के रुपये वसूली के लिए गयी थी। रुपये वसूली के बाद वह दिन के ढाई बजे पैसे जमा करने वापस बैंक लौट रही थी। इसी उपरांत आमटांड संडे मार्किट रोड पर अपराधियों ने रुपये से भरे थैला छिनतई कर संडे मार्किट की ओर फरार हो गये। भुक्तभोगी महिला ने रातू थाने में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## टुसू मेला सह नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** कांके प्रखंड मालश्रृंग गांव स्थित मोहे पहाड़ में मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को टुसू मेला सह नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मेला में विभिन्न गांवों द्वारा टुसु भी लाया जाता है। कार्यक्रम में बतौर अतिथि सांसद संजय सेठ, विधायक समरीलाल एवं आजसू के वरीय नेता भरत राम कांशी एवं हाकिम अंसारी मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी आयोजन समिति के जनक गुप्ता ने दी है।

## कांके नीरजा सहाय डीएवी में लोहड़ी का आयोजन

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में लोहड़ी मनाया गया तथा विद्यालय प्रांगण में कई कार्यक्रम आयोजित किए गये। विद्यार्थियों ने मकर संक्रांति के महत्व, कृषि एवं भौगोलिक सत्यता पर आधारित इसके महत्व को कविता, अभिभाषण, नृत्य आदि के माध्यम से अपने विचार प्रेषित किये। प्राचार्य ने विशेष अभिभाषण से बच्चों से अपने समृद्ध संस्कृति को अक्षुण्ण बनाये रखने वाले रिवाजो एवं त्योहारों के प्रति प्रेम एवं श्रद्धा रखने का आह्वान किया। साथ ही पाश्चात्य संस्कृति के बाजारवादी आयोजनों के चकाचौंध में नहीं भ्रमित होने की सलाह दी। अंग्रेजी विभाग ने इस मौके पर नाट्य प्रस्तुति दी जिसमे अंग्रेजी साहित्य के मशहूर नाटकों का विद्यार्थियों ने मंचन किया। मौके पर समस्त शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी तथा कक्षा पांचवीं तक के छात्र एवं अभिभावक ऑनलाइन मध्यम से कार्यक्रम से जुड़े थे।

## मुखिया ने किया जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कुटियातु पंचायत के पिंडारकोम सहेरा फुलवारटोली गांव में मुखिया निशा उरांव ने गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस सादे समारोह में मुखिया ने गांव के सैकड़ों गरीबों का कंबल मुहैया कराया। इस संबंध में मुखिया ने कहा कि मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नही है। उन्होंने कहा कि विगत कुछ वर्षो से लगातार पंचायत के वैसे असहाय व निर्धन परिवार के बीच कंबल का वितरण करते है। जिनके पास इस कंपकपाती ठंड में भी तन ढ़कने के लिये सही से कपड़े नही रहते है। इसे लेकर हम हमेशा पूरी सादगी ढंग से कंबल वितरण का कार्यक्रम करते है और क्षेत्र में घूम घूम कर वैसे लोगों की सूची बनाते है, जो पूरी तरह लाचार एवं वेवश हो। मुखिया ने कहा कि ऐसा कर हमें काफी आत्म संतुष्टि मिलती है क्योकि साधन संपन्न लोग तो अपने संसाधनों से गर्म कपड़े व कंबल जुटा लेते है। लेकिन गरीब तबके को एक कंबल खरीदने के लिये काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। इस अवसर पर कुटियातु मुखिया निशा उरांव, पूर्व मुखिया शारदा टोप्पो, पड़हा अध्यक्ष प्रदीप तिर्की, उपमुखिया व वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## स्वास्तिक महिला क्लब नामकुम ने जरूरतमंदों के बीच किया चूड़ा, गुड़ और गर्म कपड़े का वितरण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** स्वास्तिक महिला क्लब नामकुम द्वारा शुक्रवार दोपहर नामकुम जोरार बस्ती के अखरा कोचा में मकर सक्रांति के अवसर पर जरुरतमंदों के बीच चूड़ा, गुड़ और गर्म कपड़े का वितरण किया गया। कार्यक्रम में चुटिया मंडल भाजयुमो उपाध्यक्ष अशोक गोप उपस्थित होकर स्वास्तिक महिला की पूरी टीम को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्लब की बहने गरीबों की सहायता के लिये हमेशा तत्पर रहती है। क्लब की अध्यक्ष नीता शर्मा ने कहा कि मौसम में ठंड की बढ़ोतरी होने से गरीब तबके के लोगों को नये व पुराने कपड़े का वितरण किया गया है। दिप्ती बैनर्जी ने कहा कि मकर सक्रांति के अवसर पर गरीबों एवं जरुरतमंदों को चूड़ा, गुड़ खिलाकर सुकून का अहसास होता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से सहयोग देने में समिति की अध्यक्ष नीता शर्मा, दिप्ती बैनर्जी, पूनम देवी, प्रियंका सिंह, आकांक्षा वर्मा, कुसुम देवी, सरिता नायर, सरिता पांडे, सरोज अग्रवाल, अलका देवी, मिताली बैनर्जी, रीना शर्मा, मधुमिता साहा, मंजू देवी, संध्या सिंह, तंद्रा मुखर्जी, जोगिंदर का अहम योगदान रहा। मौके पर गांव के दर्जनों जरुरतमंद महिला व पुरुष मौजूद थे।

## मनातू कांके में लगेगा भव्य टुसू मेला : अनुप महतो

**कांके (आजाद सिपाही)।** मनातू गांव कांके में 15 जनवरी रविवार को कोदा महादेव निमार्णाधीन मंदिर समीप में त्याग और समर्पण का प्रतीक टुसूमनी की याद में भव्य टुसू मेला का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए मनातू गांव में समाजसेवी अनूप कुमार महतो की अध्यक्षता में बैठक हुई। टुसू मेला को सफल बनाने के लिए टुसू मेला समिति मनातू का गठन किया गया है। समिति में रीझन देवी को अध्यक्ष, अनीता देवी को कार्यकारी अध्यक्ष, प्रतिमा देवी को मुख्य संरक्षक, किरण देवी को सचिव, रीता देवी को कोषाध्यक्ष, अनीता देवी को संरक्षक, नीलम देवी, रेखा देवी, रूना देवी, यशोदा देवी को उपाध्यक्ष एवं मीरा प्रभा,अंजू देवी, लगन देवी, अवश्मनी देवी, गीता देवी, कलावती देवी, विश्वासमनी देवी और बसंती देवी को सह संरक्षक बनाया गया है। समाजसेवी अनूप कुमार महतो ने कहा कि टुसू त्याग एवं समर्पण का एक पवित्र त्यौहार है। यह त्यौहार हमारी सभ्यता संस्कृति को दर्शाता है।

## टाटी पंचायत स्थित लेदराटांगा टुसू मेला आज

**सिकिदिरी ( आजाद सिपाही)।** टाटी पंचायत अंतर्गत मुरूत बेड़ा एवं करमटॉड, खायरा के बीच 14 जनवरी 2023 को लगने वाला लेदराटांगा टुसू मेला आज है। मेला को लेकर मेला स्थल की साफ-सफाई एवं अन्य तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसकी जानकारी मेला कमिटी सदस्य जतन महतो ने दी है। मेला का सफल आयोजन के लिए मनोज महतो, केशर महतो, संतोष महतो, सुषेण महतो, परेश महतो, गणेश महतो, सुनिल महतो, विजय महतो, विकास सहित अन्य ग्रामीणों का अहम योगदान है।

### वाइबीएन में एक भारत श्रेष्ठ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपनो को साकार करता वाइबीएन विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय एकता और अखंडता को सुदृढ़ बनाने में अपना योगदान दे रहा है। हमारे देश के हर कोने में मनाया जाने वाला मकर संक्रांति का पर्व वाइबीएन विश्वविद्यालय के बी-एड कॉलेज कवाली रांची के शिक्षक-प्रशिक्षुओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया। मौके पर पतंग भी उड़ाया गया। मान्यता के अनुसार मकर संक्रांति पर पतंग उड़ाने की परंपरा भगवान श्री राम के समय में शुरू हुई थी। तमिल की तंदनानरामायण के मुताबिक मकर संक्रांति के दिन ही भगवान राम ने पतंग उड़ाई थी और वो पतंग इंद्रलोक में चली गई थी। भगवान राम की ओर से शुरू की गयी ये परंपरा आज भी निभाई जा रही है। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि मकर संक्रांति स्नान और दान का पर्व है। इस दिन सूर्य उत्तरायण होकर मकर रेखा से गुजरता है। इस दिन लोग पवित्र स्नान-ध्यान करके पुण्य की प्राप्ति करते है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने भी विभिन्न शैक्षिक संस्थानों में मकर संक्रांति पर्व को राष्ट्रीय एकजुटता का प्रतिक मानते हुये इस पर्व को मनाने लिये प्रेरित करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर वाईबीएन विश्वविद्यालय के चेयरमैन रामजी यादव मौजूद थे। इस अवसर पर वाईबीएन विश्वविद्यालय के बी.एड कॉलेज के प्रोफेसर डॉ राजेश श्रीवास्तव, डॉ कैलाश नाथ सिंह, मिस संगीता गोप, संदीप आनंद, प्रियंका कुमारी एवं समस्त कर्मचारीगण मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेन्ट प्रोफिसर सुमन कुमारी ने की।

## शेख भिखारी चैंपियन ट्रॉफी फुटबाल टूर्नामेंट आज से

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** शनिवार से कुटे फुटबॉल मैदान में राजा अमरू बाबू फुटबॉल क्लब कुटे के तत्वावधान में आयोजित शेख भिखारी चैंपियन ट्राफी फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू हो रहा है। आयोजन समिति के सचिव बालक महतो ने बताया कि शनिवार को उद्घाटन मैच एफसी पेरतोल और कांके एफसी के बीच एक बजे से खेला जायेगा। मैच का उदघाटन झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य एवं विशिष्ट अतिथि झामुमो के जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम करेंगे। फाइनल मैच 22 जनवरी को खेली जायेगी। आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक अमीर हमजा अंसारी ने बताया कि टूर्नामेंट की सभी तयारी पूरी कर ली गई है।

# शराब की कीमत को लेकर हुआ विवाद, चला दी गोली

## प्रिंट रेट से ज्यादा कीमत मांग रहे थे शराब की दुकान वाले, दो ग्राहकों ने मार दी गोली

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शराब की दुकान पर तय कीमत से ज्यादा पैसे लेने को लेकर शुरू हुई बहस गोलीबारी तक पहुंच गयी। शराब दुकान में कुछ युवकों ने प्रिंट रेट से ज्यादा पैसे देने से मना किया। दुकान में हंगामा शुरू हो गया। दोनों युवक शराब खरीदने के लिए ज्यादा पैसे नहीं देना चाहते थे और इसे लेकर शराब दुकानदार और ग्राहकों के बीच बहस हो रही थी। शराब दुकान चलाने वाले के चचरे भाई की कपड़े की दुकान भी बगल में थी। भाई इस विवाद को शांत करने पहुंचा लेकिन मामला इतना बढ़ गया कि ग्राहकों ने दोनों को गोली मार दी।





### दोनों भाईयों को लगी गोली

गोली रंजीत गुप्ता(35) और राजीव गुप्ता(35) को लगी है। दोनों चचेरे भाई हैं और चैनपुर बाजार इलाके में इनका घर है। गोली चालन की घटना शाम छह बजे के करीब हुई। दोनो चैनपुर मोड़ के पास शराब दुकान पर खड़ा थे। इसी दौरान दो युवकों ने उन्हें टारगेट कर गोली चलायी। राजीव को सिर में और रंजीत को पेट में गोली लगी है। घटना के आधा घंटा पहले दोनों का विवाद शराब दुकान पर ही हुआ। गोली मारने वाले युवकों के साथ हुआ था।

### आरोपियों की तलाश में पुलिस कर रही है छापेमारी

गोली मारने वाले चैनपुर सोनार मोहल्ला के बताए जा रहे हैं। मेदिनिराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में प्राथमिक इलाज के बाद इनके गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है। पुलिस के मुताबिक अपराधियों की पहचान हो चुकी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

# विशेष चेकिंग अभियान में बाइक सहित ऑटो जब्त

## 16 बाइक का पुलिस ने काटा चालान



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हरिहरगंज पुलिस ने पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के नेतृत्व में शुक्रवार को चार व दोपहिया वाहनों की विशेष चेकिंग अभियान चलाई गयी। इस विशेष अभियान के दौरान बाइक व ऑटो चालको में हड़कंप मची हुई है।चेकिंग अभियान में 16 मोटर साइकिल व 6 ऑटो को जप्त किया गया है। इस दौरान बाइक चालक न तो हेलमेट पहने थे और ना ही ड्राइविंग लाइसेंस व गाड़ी के कागजात साथ में थी। इससे इन बाइक को थाने में जब्त कर चालान काटा गया। जबकि 6 ऑटो को जप्त कर सभी तरह के कागजातों की जांच की जा रही है ।पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने जानकारी देते हुए बताया कि एसपी के निर्देश पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जप्त मोटर साइकिल के मालिक को मोटर व्हीकल एक्ट के तहत हजार्ना देकर गाड़ी को छुड़ाना होगा। उन्होंने लोगों से कहा कि कोई भी व्यक्ति शराब पीकर व बिना हेलमेट के बाइक ना चलाएं साथ ही वाहन के कागजात भी रखें। इसे कानून की रक्षा के साथ-साथ अपनी भी सुरक्षा कवच है। चेकिंग अभियान में सब इंस्पेक्टर रेणुका टुड्डू, निरंजन कुमार सिंह तथा सशस्त्र बल शामिल थे।

# जिप उपाध्यक्ष व मुखिया ने किया एकडरी मध्य विद्यालय में स्कूली किट का वितरण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकडरी में झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल कीट दिया गया था जिसका वितरण जिला परिषद के उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटु सिंह एवं पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान के द्वारा वितरण किया गया ।उपस्थित अतिथियों ने बिद्यालय के सभी वर्गों में बच्चो से मुलाकात करते हुए पढाई एवं सफाई देख कर काफी हर्षित हुए और बिद्यालय प्रबंधन की सराहना की ।किट पाने वाले सभी विद्यार्थियों के चेहरे पर मुस्कान थी। मौके पर जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि यह स्कूल किट बच्चों के शिक्षण कार्य मे काफी मददगार साबित होगा ।विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति लगाव बढ़ेगा और पढ़ाई में रोचकता आएगी ।मौके पर मुखिया नरेश पासवान ने कहा कि बच्चे देश और समाज के भविष्य है ।बेहतर शिक्षा हासिल कर–के समाज और राष्ट्र के विकास मे अपनी महती भूमिका निभाए ।साथ ही उन्होंने बच्चों को प्रतिदिन ससमय बिद्यालय पहुँचकर बेहतर तरीके से शिक्षण कार्य करने की अपील की ।बिद्यालय के प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार ने अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया । मौके पर बिद्यालय प्रबंधन की अध्यक्ष आरती देवी, उपेन्द्र प्रसाद, पुनम कुमारी, लक्ष्मी, अशलम, राम सिह, बरूण सिंह समेत सैकड़ो की संख्या में छात्र–छात्राए मौजूद थे।

# समता स्कूल में पतंगबाजी प्रतियोगिता का आयोजन




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के शिव शक्ति नगर स्थित समता स्कूल में मकरसंक्राति के पावन अवसर पर विद्यार्थियों के बीच पतंबगाजी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ स्कूल के प्रधानाध्यापक सह निदेशक अक्षय कुमार चौहान ने भारत माता के तस्वीर पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर किया। पतंग बनाओ पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता में बच्चों ने एक से बढ़कर एक पतंग बनाया। बच्चों द्वारा बनाए गए इस पतंग में मकरसंक्राति के संदेश, भारत की एकता, पर्यावरण संरक्षण, विभिन्न कार्टून, हास्य चरित्र, डोरेमॉन, पोपट का बखूबी चित्रण किया था जो आकाश में उड़ते समय लोगों का खूब मन मोहा। सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए बिद्यालय के निदेशक अक्षय कुमार चौहान ने सबों को पर्व की बधाई देते हुए कहा कि मकरसंक्राति आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। मौके पर वरिष्ठ शिक्षक विनोद चौधरी, संतोष कुमार मिश्रा, किरण देवी, सुधांशु कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल कुमार चौहान, दीपक कुमार, प्रियंका देवी ,राहुल कुमार ,दशरथ कुमार ,बेबी शेख, मंटेश्वर यादव, कार्तिक कुमार, नंदू प्रजापति, सरिता देवी, मीना देवी समेत सैकड़ो छात्र–छात्राए मौजूद थे।

# निर्माणाधीन आवासीय भवन का जिला पार्षद ने किया निरीक्षण, अनियमितता का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में बन रहे सरकारी आवास व पीसीसी सड़क निर्माण का निरीक्षण जिला पार्षद विजय रविदास ने किया। जहां आवास व पीसीसी सड़क में भारी अनियमितता बरती जा रही है। विजय रविदास ने कहा कि आवास व पीसीसी सड़क निर्माण कार्य में प्राक्कलन की अनदेखी हो रही है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता निम्न से निम्नतर है। सड़क निर्माण में ठेकेदार घटिया सामग्री का उपयोग कर रहा है। आवास में 12 एमएम की जगह 10 एमएम का सरिया लगाया गया है। जबकि पीसीसी सड़क तीन से चार इंच ही ढाला गया है। उन्होंने कहा कि भवन व पीसीसी सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता का कोई ख्याल नही रखा जा रहा है। घटिया निर्माण कार्य की जाँच हेतु सम्बंधित विभाग के आला अधिकारियों से मिलेंगे। संवेदक पर जांचोपरांत कार्रवाई की मांग करेंगे। अगर विभाग समय रहते जाँच व कार्रवाई नही करेगा तो आंदोलन का रुख अख्तियार किया जायेगा।

# विश्रामपुर के जहांगीर ने पहले प्रयास में ही सीए परीक्षा में हासिल की सफलता

आजाद सिपाही संवाददाता




**विश्रामपुर (पलामू)।** नगर परिषद मुख्यालय के जहांगीर अहमद ने देश के कठिन परीक्षाओं में सुमार सीए में सफलता हासिल कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। इसी के साथ क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय से चार्टेड एकाउंटेंट बनने का पहला गौरव भी जहांगीर को प्राप्त हुआ है। मालूम हो कि जहांगीर बिश्रामपुर साधना वस्त्रालय के संचालक मो.गयासुदीन अहमद के पुत्र हैं। जहांगीर ने सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम और अपने माता पिता सहित गुरुजनों को दिया है। जहांगीर के इस सफलता से आह्लादित स्थानीय लोगों ने उसे शुक्रवार को सम्मानित किया। सम्मान समारोह के आयोजक राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि शिक्षा ही विकास का मूल मंत्र है। मुस्लिम युवकों को भी उच्च शिक्षा हासिल कर देश के विकास में अपनी भूमिका तय करती चाहिए। इधर जहांगीर के परिजनों में खुशी व्याप्त है। परिजन एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। मौके पर मौलाना फैजुल होदा, मकबूल अहमद, शिक्षक फहीम आलम, मो. सफी आलम, रफीक अंसारी, जलालुदीन सिदक्की, मुजाहिद हुसैन, इकराम अंसारी, मोइनुदीन अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# पुआल में आग लगने से किसानों को हजारों का नुकसान



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 4 स्थित जपला धरहरा नहर मोड़ के समीप खलिहान में रखे पुआल में आग लगने से किसानों को हजारों रुपए का नुकसान हो गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर लगभग एक बजे नहर मोड़ निवासी रामचन्द्र साव,कृष्णा साव,श्रवण साव,सत्यनारायण साव,राकेश प्रसाद गुप्ता के खलिहान में रखे पुआल के ढेर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही काफी संख्या में ग्रामीण जुट गए तथा आग बुझाने का प्रयास किया ।लेकिन आग पर काबू नही पाया गया ।ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दिया गया ।ग्रामीणों के सहयोग से अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। इस अगलगी की घटना में चारों पीड़ित किसानों को लगभग 60 हजार का नुकसान हुआ है। चारों किसानों ने मुआवजा के लिए अंचल कार्यालय में आवेदन देने की बात कही है ।मौके पर नगर अध्यक्ष के भावी प्रत्याशी मुन्ना कुमार देव अगलगी से पीड़ित किसान से मिलकर ढाढस बंधाया और आपदा प्रबंधन से तत्काल मुआवजे की मांग की है।

# राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी समाज के सभी वर्गों के लिए काम करती है : नवीन तिवारी

## रंग ला रहा है धीरज का रक्तदान अभियान, किशोर सिंह ने किया रक्तदान


आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्रकाश चंद जैन सेवा सदन में भर्ती नौ माह के छोटे बच्चे को ए निगेटिव रक्त की आवश्यकता होने पर सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा के आग्रह पर हुसैनाबाद निवासी किशोर सिंह ने रक्तदान कर बच्चे के इलाज में सहयोग कर जान बचाई। मालूम हो कि छतरपुर से डालटनगंज इलाज कराने आए हुए नौ माह के बच्चे को ए निगेटिव बल्ड उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण बच्चे के पिता भरत यादव द्वारा बच्चे को रांची रेफर किए जाने की जानकारी देने और रक्त उपलब्ध कराने के आग्रह पर राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य नवीन तिवारी ने पलामू प्रमंडल में रक्तदान महादान जागरूकता अभियान चला कर लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक और प्रेरित करने का कार्य कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा से संपर्क कर बच्चे को रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया। सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के संचालक धीरज मिश्रा ने संस्था के सक्रिय सदस्य हुसैनाबाद निवासी किशोर सिंह से रक्तदान कराकर मरीज को रक्त उपलब्ध कराया। इस दौरान मिश्रा ने बताया कि रक्तदान महादान को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के परिणाम स्वरुप अब लोग जागरूक होकर रक्तदान कर लोगों की जान बचाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी ने रक्तदान महादान के प्रति सराहनीय कार्य को लेकर मिश्रा को आभार प्रकट करते हुए कहा कि राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी सामाजिक कार्यों में हर संभव अपना सहयोग प्रदान करेगी। तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी समाज के सभी वर्गों के लिए कार्य करने में विश्वास करती है और जहां तक संभव हो पाता है रक्तदान व अन्य सामाजिक व धार्मिक कार्यों में अपनी भूमिका निभाने का कार्य करती रही है।रक्तदान के अवसर पर राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय, प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन तिवारी, जिला कार्यसमिति सदस्य गोरख पाठक, अमित सिंह और बच्चे के परिजन उपस्थित थे ।

# बिजली चोरी के आरोप में सात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** विद्युत विभाग की ओर से बकाए बिल के भुगतान कराने एवं अवैध रूप से बिजली चोरी कर जलाने वालों के विरुद्ध विशेष छापेमारी अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता शिवम पांडेय के नेतृत्व में रेहला और विश्रामपुर थाना क्षेत्र आज विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान सात लोगों का कनेक्शन अवैध पाया गया। इसके अलावा कई बकाया दारों का कनेक्शन काटा गया। शिवम पांडेय ने बताया कि ऊर्जा चोरी के मामले में सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। जिन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है उसमें विश्रामपुर सोरडीहा के जयप्रकाश शर्मा, कोशियार के खुर्शीद अंसारी, भंडार के संजय कुमार पांडेय, वहीं रेहला थाने में गुरहा के उमेश राम,मायापुर सीता देवी पति ललन मिस्त्री, डंडिला कला के शिवचरण राम, एवं बरवाडीह के शंकर राम का नाम शामिल है।

# किसान हित की रक्षा हेतु होगा चरणबद्ध आंदोलन : ओम प्रकाश गुप्ता



**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 12 के झगरूआ गांव में शुक्रवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता आदर्श कृषक मुंशी मेहता व संचालन सुरेंद्र राम ने किया। गोष्ठी में किसानों की समस्या और उसके समाधान पर चर्चा हुई। इसके अलावा खुटिसोत और भेलवा नदी पर तटबंध बनवाने के लिए सामूहिक प्रयास का निर्णय लिया गया। गोष्ठी के मुख्य अतिथि ओम प्रकाश गुप्ता ने कहा कि नगर परिषद के किसानों की उपेक्षा हो रही है। यहां के किसानों को राज्य या केंद्र सरकार के किसी भी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। जबकि नगर परिषद की आधी से ज्यादा आबादी कृषि पर ही निर्भर है। उन्होंने कहा कि किसान हित की रक्षा हेतु चरणबद्ध आंदोलन होगा ।और यह आंदोलन सड़क से सदन तक चलेगा। सरकार को किसान की मांगों को मानना ही पड़ेगा। मौके पर सुदर्शन राम,शिवनाथ भुइंया, नशीम अंसारी,जमुना भुइंया,मंगल राम,भारदूल राम,सागर राम,अख्तर अंसारी, नसीम अहमद,वीरेंद्र विश्वकर्मा, इदरिस अंसारी,काशीनाथ विश्वकर्मा, कृष्णा मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



## रणजी ट्रॉफी : झारखंड ने छत्तीसगढ़ को 44 रन से हराया

# भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान, सैंटनर बने कप्तान



**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। नियमित कप्तान केन विलियमसन और अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। ऐसे में टीम की कमान स्पिन ऑलराउंडर मिचेल सैंटनर को सौंपी गयी है। 27 साल के तेज गेंदबाज बेन लिस्टर को टीम में पहली बार शामिल किया गया है। लिस्टर ने पिछले साल भारत के खिलाफ ह्यन्यूजीलैंड एह्व टीम में डेब्यू किया था। हालांकि, निमोनिया से पीड़ित होने के बाद उन्हें दौरा बीच में ही छोड़कर लौटना पड़ा था। सैंटनर की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड टीम में नए खिलाड़ियों के साथ कई अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य चयनकर्ता गेविन लार्सन ने बेन लिस्टर के टीम में शामिल करने को लेकर कहा कि लिस्टर ने सभी प्रारूपों में अपने कौशल से प्रभावित किया है। बाएं हाथ के गेंदबाज के रूप में गेंद को काफी स्विंग कराने की उनकी क्षमता विशेष रूप से रोमांचक है। लार्सन ने मिचेल सैंटनर को कप्तान बनाए जाने पर कहा कि मिचेल ने टी-20 टीम के कप्तान के रूप में अपने पिछले अवसरों में प्रभावित किया है। वह इससे पहले भी भारत में टी-20 टीम की कप्तानी कर चुके हैं। भारतीय परिस्थितियों में उनका अनुभव इस समूह का नेतृत्व करने के लिए अहम होगा। उल्लेखनीय है कि तीन मैचों की टी-20 सीरीज 27 जनवरी से शुरू हो रही है। पहला मैच 27 जनवरी को रांची में, दूसरा 29 जनवरी को लखनऊ में और तीसरा एक फरवरी को अहमदाबाद में खेला जाएगा। भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीमः मिचेल सेंटनर (कप्तान), फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेन क्लीवर, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, बेन लिस्टर, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, माइकल रिपन, हेनरी शिपले, ईश सोढ़ी, ब्लेयर टिकनर।

# एलिसा हीली पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की सलामी एवं विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली चोट के चलते पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज से बाहर हो गई हैं। हीली को हाल ही में भारत दौरे पर मैच के दौरान पिंडली में चोट लगी थी। वह अभी पिंडली की चोट से उबर रही हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के अनुसार हीली के साउथ अफ्रीका में अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए उपलब्ध रहने की उम्मीद है। इस सप्ताह क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने महिला टी-20 विश्व कप और पाकिस्तान के विरुद्ध टी-20 सीरीज के लिए अपने दल की घोषणा की थी। एलिसा हीली भी टीम में शामिल थीं. लेकिन अब वह पाकिस्तान के विरुद्ध सीरीज से बाहर हो गयी हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पाकिस्तान महिला टीम 16 जनवरी से तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज खेलेगी। इसके बाद 24 जनवरी से तीन टी-20 मैच खेले जाएंगे।

# समाजवादी नेता शरद यादव को दी गयी श्रद्धांजलि



**विश्रामपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** वरीय समाजवादी नेता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री शारद यादव के निधन पर विश्रामपुर मे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में स्व.यादव के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मृत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन भी रखा गया। सभा में राजद नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी ने कहा कि शरद यादव का निधन देश के लिए एक बड़ी क्षति है। राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव ने कहा कि शरद यादव एक कुशल नेतृत्व कर्ता थे। आम कार्यकताओं से वे सीधा संवाद स्थापित करते थे। सभा में नरेश यादव,जैनुल अंसारी,नैजबुद्दीन अंसारी,सीताराम चंद्रवंशी,ईशा अंसारी,राजेंद्र यादव,मुंद्रिका यादव,सुरेंद्र यादव सहित कई लोग शामिल थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 14 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in



## प्रांतीय यादव महासभा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व शरद यादव को दी श्रद्धांजलि



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सह समाजवादी विचारक शरद यादव को सहयोगी नगर सेक्टर 3 स्थित यादव महासभा के जिला कार्यालय में शुक्रवार को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर यादव महासभा के जिला अध्यक्ष आरएन सिंह यादव ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत की आत्मा की शांति की कामना की। कहा कि देश समाजवादी सोच की राजनीति में अपनी अलग पहचान रखने वाले शरद यादव का जाना सभी को शोक में डुबो गया है। वहीं, युवा यादव महासभा के जिला अध्यक्ष राकेश रंजन उर्फ चुन्ना यादव ने कहा कि राजनीति में उनके इमानदारी, सौम्यता, सादगी, सरलता का स्थान कोई नहीं ले सकता। उनके जाने से जो राजनीतिक शून्यता आई है उसे कोई नहीं भर सकता। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, महेंद्र यादव, बालेश्वर प्रसाद यादव, प्रदेश महिला प्रकोष्ठ सचिव नीतू सिंह, सचिदा यादव, कामता यादव, आरपी राय, बासुदेव यादव, गोपाल यादव, उमेश यादव, राजेश यादव, मिथुन यादव, विंनोद यादव और मनोज यादव आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अंबेडकर एकेडमी स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** एक नजर शिक्षा की ओर ट्रस्ट द्वारा शुक्रवार को अंबेडकर एकाडमी स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 10वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रिसिंपल बिनोद रस्तोगी ने कहा कि क्विज आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को प्रतियोगी बनाना है। वर्तमान समय प्रतियोगिता का है। एक-दूसरे से बेहतर होने की प्रतिस्पर्धा है। इसलिए शुरू से ही बच्चे प्रतियोगी रहेंगे तो उन्हें भविष्य में किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा में बैठने में परेशानी नहीं होगी। वहीं ट्रस्ट के निदेशक गौतम राम ने कहा कि इस प्रतियोगिता मे सभी प्रश्न वतुनिष्ठ है जिसका उत्तर ओएमआर सीट पर देना होता है। करीब 50 स्कूलों में इस तरह की परीक्षा आयोजित की जाएगी। फाइनल परीक्षा के बाद प्रथम, द्वितिय व तृतिय स्थान पर आने वाले बच्चों को क्रमशः पंद्रह, पांच, तीन हजार रुपये का नगद पुरस्कार के अलावे चांदी का सिक्का व ट्राफी के साथ निःशुल्क कंप्यूटर की शिक्षा प्रदान की जाएगी। वहीं 50 विद्यार्थियों को गिफ्ट हैंपर भी दिया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष व बाघमारा झामुमो के उपाध्यक्ष हरेंद्र चौहान ने कहा कि इस ट्रस्ट के माध्यम से गरीब बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास है। इस मौके पर संदीप कुमार, आकाश वर्मा, शिक्षक सुमीता राउत, कामिनी भंडारी, जगतार सिंह, एसएस प्रसाद, रंजीत राजवंशी आदि शामिल थे।

## राज्य सरकार मार रही गरीबों का हक : रागिनी सिंह

**भगतडीह (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने शुक्रवार को बस्ताकोला क्षेत्र के चांदमारी कोलियरी श्री दुर्गा मंदिर प्रांगण में जरूरतमंदो के बीच 105 कंबल बाटें। उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल भाजपा नेता आकाश पासवान के चांदमारी बस्ती स्थित घर पहुंचकर उनका हालचाल भी पूछा। भाजपा नेत्री ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा गरीबों के लिए मुफ्त राशन की व्यवस्था की गई है, लेकिन झारखंड सरकार के जन वितरण प्रणाली में व्याप्त खामियों के कारण गरीबों के अनाज की कालाबाजारी हो रही है। राज्य सरकार गरीबों का निवाला छीन कर अवैध धंधेबाजों को सौंप रही है। जबकि घर-घर तक पानी का कनेक्शन लगाने के लिए भाजपा सरकार ने फंड जुटाया था। इसके बाद भी लोग पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। कानून व्यवस्था का हाल बुरा है। राजनीतिक, सामाजिक, व्यवसायिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ आम लोग भी अपराधियों के निशाने पर हैं। पुलिस प्रशासन दबाव में काम कर रही है।

## यश फॉर यू संस्था की ओर से हेलमेट वितरण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** यश राज की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को यश वी फॉर यू संस्था के तीन दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान सह ऑन द स्पॉट हेलमेट वितरण कार्यक्रम के तहत चास कॉलेज के पास शिविर लगाया गया। शिविर के माध्यम से युवाओं के बीच मौके पर करीब 95 हेलमेट का वितरण कर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। तीन दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत आठ स्थानों पर कैंप लगाकर कुल 255 हेलमेट बांटा गया। वक्ताओं ने खास कर महिलाओं से अपील की कि वाहन चलाते समय खुद भी हेलमेट का इस्तेमाल करें और अपने घर-परिवार के सदस्यों को भी हेलमेट लगाने के प्रेरित करें। जो बिना हेलमेट लगाए बाइक चलाने की कोशिश करें, तो उन्हें ऐसा करने से रोक दें। समापन कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त अनिल सिंह, चास इंस्पेक्टर रुस्तम अंसारी, यश ग्रुप संस्थापक के सदस्य रिंकू देवी, बैंक ऑफ इंडिया अखर के राज कुमार, मुकेश रॉय, डिप्टी मेयर अविनाश कुमार, संजय सोनी, विकाश अग्रवाल, विक्रम सिंह, राजेश चौबे, शिव शंकर रॉय, मनोज रॉय, दया तिवारी, धर्मबीर कुमार, विधान रॉय चौधरी, राजीव सिंह, कुणाल सिंह, शिबू जायसवाल, अजित सिंह, पिंकू मिश्रा, उत्तम दे, सुधीर गुप्ता, गौरव राय, सौरव राय, रॉबिन दत्ता, टीए खान, राजन सिंह, राजीव शर्मा, रवि यादव, चंदन सिंह, डब्बू पोद्दार, शिव राम, संदीप सिंह, जितेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, एहसान भाई, रियाज परिंदा, राज कुमार, जितेश सिंह, बाल्मीकि सिंह, संजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## आरएसएस के सेवा विभाग ने कुष्ठ एवं बीबीएम जनरल अस्पताल में मनाया मकर संक्रांति उत्सव

**तेतुलमारी/कतरास (आजाद सिपाही)।** मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा विभाग की ओ्र से शुक्रवार को तेतुलमारी स्थित कुष्ठ प्रशिक्षण केंद्र एवं विनोद बिहारी महतो जेनरल अस्पताल में मरीजों एवं स्थानीय बच्चों के बीच तिलकुट चूडा और गुड का वितरण कर मकर संक्रांति उत्सव मनाया। साथ ही वहां के मरीजों से बातचीत कर उनके सुख-दुख को साझा किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धनबाद महानगर कार्यवाह पंकज सिंह ने कहा कि सेवा परमो धर्मः, मानवता की सेवा ही सर्वोच्च धर्म है। हमलोगों को भी समाज के पीड़ित और शोषित लोगों की सेवा करनी चाहिए। इस मौके पर समाजसेवी अनिल वर्णवाल, नगरी कला बस्ती प्रमुख हिमांशु चंद्रवंशी, संघ नगर कार्यवाह चंदन गुप्ता, अकाश रवानी, मोहित दास, प्रणव कुमार सिंह, संघ विस्तारक दिलीप आदि थे।

### शराब के नशे में लगातार तीन घंटे तक पिटाई के चलते हुई थी मौत

# लोहा कारोबारी के सुपरवाइजर की हत्या का खुलासा, दो शातिर गिरफ्तार

**हत्याकांड में एक और अपोपित भी शामिल, जिसकी पुलिस कर रही तलाश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** लोहा व्यवसाई विनय सिंह के सुपरवाइजर भीम सिंह यादव हत्याकांड में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए मामले की गुत्थी सुलझा ली है। सीटी डीएसपी कुलदीप कुमार ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर बताया कि भीम सिंह की हत्या से पहले उसकी तीन घंटे तक लगातार पिटाई की गई थी, जिससे उसकी मौत हुई। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल अपराधी दो बजे से ही राम मंदिर के समीप शराब पी रहे थे। जहां शाम को भीम सिंह भी पहुंचा था और उनके साथ शराब पिया। इसी बीच नशे में धूत राकेश कुमार व अन्य ने भीम सिंह की पिटाई शुरू कर दी। जय राम प्रसाद के आने के बाद गाड़ी में बैठाकर लगातार तीन घंटे तक मारपीट किया गया। जब भीम सिंह अचेत हो गया तो उसे पुलिया मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रुद्रा गांव के पास श्मशान घाट ले जाया गया। जहां चेहरे को जलाने के बाद उस पर तेल छिड़क कर पूरे शरीर को जलाने का प्रयास किया गया। सिटी डीएसपी ने बताया कि घटना का कोई ठोस कारण नहीं था। बल्कि शराब के नशे में अपराधियों ने उसकी पिटाई की थी, जिससे भीम सिंह की मौत हुई। बतातें चलें कि विगत सात जनवरी को भीम सिंह अचानक लापता हो गया था। उसी दिन परिजनों ने सेक्टर 12 थाना में गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लेकिन पुलिस ने तत्परता नहीं दिखाई। बाद में जब मामला तूल पकड़ने लगा तो 10 जनवरी को पुलिस ने जयराम प्रसाद, राकेश कुमार, विजय जाधव लाला उर्फ राजू सिंह के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस की टीम गठित कर जांच की गई, तो रुद्रा गांव के श्मशान घाट रेलवे लाइन के समीप अधजला शव बरामद हुआ था, जिसकी पहचान भीम सिंह के रूप में हुई थी। इसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए जयराम प्रसाद को पत्नी के साथ तारापीठ पूजा करने जाने के क्रम में दुमका से गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर राकेश कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। साथ ही पुलिस ने घटना में इस्तेमाल गाड़ी भी जब्त कर ली है। बतातें चलें कि जयराम प्रसाद के विरुद्ध बोकारो के विभिन्न थानों में पहले से 4 मामले दर्ज हैं। वहीं, गिरफ्तार अपराधियों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए घटना में अजय सिंह की भी संलिप्तता बताई है जो चास का निवासी है। इन अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।

# अधिकृत टीम बनाकर विस्थापन सहित अन्य मुद्दों का प्रबंधन करे समाधान : रागिनी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** भविष्य में बीसीसीएल कुजामा परियोजना से प्रभावित होने वाले लोगों की मूलभूत सुविधाओं सहित अन्य समस्याओं के निराकरण को लेकर शुक्रवार को लोदना महाप्रबंधक कार्यालय में जनता मजदूर संघ और प्रबंधन के बीच वार्ता हुई। जिसमें जमसं की संयुक्त महामंत्री सह भाजपा नेत्री रागिनी सिंह भी उपस्थित हुई। जहां क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं को देखते हुए रागिनी सिंह ने विस्थापन, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि प्रबंधन एक अधिकृत टीम बनाकर जल्द विस्थापन मुद्दे पर कार्य करे।

वहीं पाइप लाइन की भी समूचित व्यवस्था कर लोगों को सुरक्षित स्थान पर विस्थापित करें। उन्होंने महाप्रबंधक से विशेष आग्रह किया कि लोदना बाजार एवं विभिन्न क्षेत्रों में मधुबन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से व्याप्त पानी की समस्या को दूर करे। जिस पर महाप्रबंधक द्वारा जल्द ही इस पर कार्रवाई करते हुए सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया। वार्ता में जमसं के रंजय कुमार, अनिल सिंह, सुदर्शन प्रसाद, शैलेंद्र सिंह, संजय यादव, शिव पासवान, रविकांत पासवान, गोपाल चौधरी, सेलो पासवान, भाजपा से उमेश यादव, अखिलेश सिंह, राजाराम पासवान, सुनील पासवान, रोहित बिंद, आशीष पासवान, संतोष शर्मा आदि मौजूद थे।

# अवैध उत्खनन में किशोरी की मौत के मामले की जांच करने जमडीहा पहुंची बाल संरक्षण आयोग की टीम

**बीसीसीएल प्रबंधन की लापरवाही के कारण गई किशोरी की जान : काजल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र के जमडीहा जंगल में कई माह पूर्व अवैध उत्खनन के दौरान एक किशोरी की हुई मौत के मामले की जांच करने शुक्रवार को बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष काजल यादव की अगुवाई में एक टीम जमडीहा बस्ती पहुंची और मृतका के परिजनों से बात कर घटना के संबंधित जानकारी ली। इस दौरान मृतका की मां ने बताया कि उसकी बेटी वारदात के दिन जलावन के लिए कोयले की गुंड़ी लाने गयी थी। तभी घटना घटी। गरीब परिवार होने के कारण किसी ने भी सहयोग नहीं किया। कानूनी प्रक्रिया में जाने की हमारी आर्थिक परिस्थिति नहीं होने के क ारण हमने कोई शिकायत नहीं की। उधर, बाल आयोग के अध्यक्ष काजल यादव ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन की लापरवाही के कारण उक्त घटना घटी है। क्षेत्र का भ्रमण करने के बाद पता चला कि यहां बड़ों के साथ बच्चे भी कोयला के काम में लगे हैं, जो गैर कानूनी है। कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारी को लिखा जायेगा। आपकी समस्या को कोयला भवन में उच्च पदाधिकारी के पास रखेंगे और उचित मुवाअजा दिलाने का प्रयास करेंगे। गौरतलब हो कि नौ फरवरी 2022 को जमडीहा के जंगल में अवैध उत्खनन के दौरान नागेश्वर लाला की 13 वर्षिय पुत्री रोशनी कुमारी और 30 वर्षिय बिनोद महतो का चॉल धंसने से मलवे में दबकर मौत हो गयी थी। परिजनों द्वारा खुदाई कर शव निकाल कर अंतिम संस्कार कर दिया था। उसी दौरान अखबार के माध्यम से बाल आयोग को सूचना गयी थी।

### चेयरमैन आरएन सिंह ने विभाग के अधिकारियों को दिया आवश्यक निर्देश

# डीवीसी ठेका मजदूर संघ के महामंत्री भरत यादव ने डीवीसी के चेयरमैन से की मुलाकात

विजय कुमार सिंह


डीवीसी के चेयरमैन से मिलकर बातें करते डीवीसी ठेका मजदूर संघ के प्रतिनिधि।

**बेरमो।** ठेका मजदूर के लंबित मांग को लेकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत इस दिन डीवीसी ठेका मजदूर के महामंत्री सह भाजपा के बोकारो जिलाध्यक्ष भरत यादव की अगुवाई में शुक्रवार को मजदूर नेताओं का एक प्रतिनिधि दल कोलकाता स्थित डीवीसी मुख्यालय पहुंचकर चेयरमैन आरएन सिंह से मुलाकात की। मजदूर नेता ने चेयरमैन को बोकारो एवं चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र में कार्यरत कैंटीन, एएमसी और एआरसी के ठेका श्रमिकों और बोकारो थर्मल के आवासीय परिसर के विद्युत अनुरक्षण में वर्षो से लागातार कार्य कर रहे ठेका श्रमिको को आपूर्ति, मजदूरों को समान वेतन एवं सुविधा देने की जरूरत से अवगत कराया। वहीं डीवीसी के विभिन्न प्रतिष्ठान में स्थाई प्रकृति के कार्य में वर्षो से लागातार कार्यरत कैजुअल श्रमिकों को सप्लाई मजदूरो के समान अथवा भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा कैजुअल श्रमिको के लिए वर्ष 2020 में जारी समेकित निर्देश के अनुसार वेतन एवं सुविधा देने की बात कही। साथ ही डीवीसी के विभिन्न प्रतिष्ठान मैथन, पंचेत, कोनार डैम, हजारीबाग, तिलैया डैम, डूमरडीह में वर्षो से लागातार कार्यरत फोरेस्ट्री के श्रमिकों को बोकारो थर्मल एवं चंद्रपुरा का फोरेस्ट्री के श्रमिकों के समान वेतन व भत्ता देने की जरूरत पर बल दिया। मैथन में वर्षो से जलापूर्ति में कार्यरत 21 ठेका श्रमिकों को बोकारो थर्मल में जलापूर्ति के श्रमिको के समान वेतन व सुविधा देने की बात कही। वहीं बोकारो थर्मल एवं चंद्रपुरा में मृत सप्लाई मजदूर स्व पति महतो और स्व मोहन प्रसाद रवानी के आश्रित को त्रिपक्षीय समझौता का कंडिका 9 के अनुसार सप्लाई मजदूर के रूप में नियोजित करने में हो रही देरी से भी अवगत कराया। मजदूर नेता ने कहा कि डीवीसी के विभिन्न प्रतिष्ठान में स्थाई प्रकृति कार्य में वर्षो से कार्यरत ठेका व कैजुअल श्रमिकों के लिए विभिन्न नीति एवं वेतन विसंगति अनुचित श्रम व्यवहार है। श्रम शांति कायम रखने के लिए लंबित मामलो का यथाशिघ्र निष्पादन किया जाय। उपरोक्त सभी मांगों से अवगत होने के बाद डीवीसी चेयरमैन ने बैठक में उपस्थित डीवीसी के सदस्य सचिव जॉन मुथाई और कार्यपालक निदेशक राकेश रंजन को समूचित कार्रवाई के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मजदूर नेता भरत यादव को सकारात्मक कार्रवाई के लिए आश्वस्त करते हुए आगामी कुछ दिनों में मामले का निष्पादन हो जाने की बात कही। इस अवसर पर डीवीसी ठेका मजदूर संघ के चंद्रपुरा से प्रतिनिधि ललन शर्मा, नवीन शर्मा, बोकारो थर्मल से, मनोज कुमार सिंह, हरपाल सिंह और मैथन से कैलाश कुमार आदि उपस्थित थे।

# नकली शराब कारोबार का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** बरवाअड्डा पुलिस ने गुरुवार की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर लोहारबरवा में छापामारी कर स्कूटी सवार युवक को अंग्रेजी शराब की बोतलों, ढक्कन, लेबल और आबकारी विभाग के स्टीकर के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान संजय कुमार महतो (32) के रूप में हुई है। वह राजगंज के बगदहा का रहने वाला है। उसकी निशानदेही पर उसके आवास से नौ गैलन नकली शराब बनाने में प्रयुक्त किया जाने वाला कैमिकल भी बरामद किया है। फिलहाल पुलिस इस अवैध धंधे में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी में जुटी है। डीएसपी मुख्यालय-1 अमर पांडेय ने शुक्रवार को बरवाअड्डा थाने में प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आइआइआरआइएस कंपनी के अधिकारी संजय शर्मा द्वारा बरवाअड्डा थाने में मामला दर्ज करवाया गया था जिसके बाद बरवाअड्डा थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम का गठन कर छापामारी की कर कार्रवाई की गई। इस मौके पर थाना प्रभारी विक्रम कुमार सिंह, पुलिस अपर निरीक्षक रौशन कुमार वर्णवाल, सअनि कन्हैया लाल मंडल, कामेश्वर महतो आदि थे।

## धनबाद डिस्ट्रिक्ट डीलर एसोसिएशन ने बीसीसीएल मुख्यालय पर दिया धरना




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जेम पोर्टल और ई टेंडरिंग के विरुद्ध और पांच लाख रुपये तक कि खरीदारी स्थानीय व्यापारियों और उद्यामियों से करने की मांग को लेकर शुक्रवार को धनबाद डिस्ट्रिकट डीलर एसोसिएशन ने बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन पर एक दिवसीय धरना दिया। सदस्यों ने बताया कि एक माह पूर्व व्यवसाइयों ने सीएमडी से मिल कर मांग पत्र सौंपा था जिसके बाद सीएमडी ने एसोसिएशन के सदस्यों की मांगो पर विचार करने का आश्वासन भी दिया था। पर बाद में उक्त मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया जिस कारण जेम पोर्टल और ई टेंडरिंग द्वारा बाहर के व्यवसाइयों से सामान खरीदना जारी है। इस बारे में एसोसिएशन के महासचिव प्रभात सुरुलिया ने कहा कि स्थानीय व्यवसायी बीसीसीएल को निजीकरण के पहले से ही सामान की आपूर्ति करते रहे हैं। कोरोना समेत अन्य आपात स्थिति में बाहर के व्यवसायी बीसीसीएल को आपूर्ति नहीं करते है बल्कि लोकल व्यवसायी ही अपनी जान जोखिम में डालकर बीसीसीएल को आपूर्ति करते रहे है। इसके बावजूद बीसीसीएल सारा खरीदारी जेम पोर्टल और ई टेंडरिंग द्वारा बाहर के व्यवसाइयों से करता है।

## रेलवे की जमीन पर रह रहे 50 लोगों को भागा रेलवे प्रबंधन ने भेजा नोटिस



**जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** रेलवे आद्रा डिविजन अंतर्गत भागा रेलवे के अधीनस्थ जोड़ापोखर एक नंबर रेलवे की जमीन पर तीन पुश्त से झोपड़ीनुमा मकान बनाकर रह रहे 50 परिवार को नोटिस दिए जाने के विरोध में ग्रामीणों ने बैठक कर शुक्रवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे समाजसेवी मिठू खान ने कहा कि रेलवे अधिकारियों को उकसा कर एक व्यक्ति द्वारा ट्वीट करने पर कार्रवाई की जा रही है। वह खुद रेलवे की जमीन पर घर बनाकर रह रहा है। पहले उसपर कार्रवाई की जाए। पीड़िता जमीला खातून ने बताया कि तीन पुश्तों से वे लोग यहां रह रहे हैं। ट्वीट करने वाला लड्डुन खान खुद रेलवे की जमीन पर घर बनाकर रह रहा है जिसके खिलाफ रेलवे द्वारा पूर्व मामला दर्ज किया गया है। रेलवे को कार्रवाई करना है तो सभी पर करे। रेलवे द्वारा लीज पर जमीन दी जाती है तो लीज लेने के लिए सभी परिवार तैयार है। वहीं, लोजपा नेता बेलाल खान ने कहा कि गरीब दलितों की लड़ाई में पूरी तरह से साथ है। गरीबों की झोपड़ी उजड़ने नहीं दी जाएगी। प्रदर्शन कर रहे लोगों में बसंती देवी, फुचनी देवी, बॉबी खातून, गीता देवी, ललिता देवी, प्रदीप सिंह, बंदना देवी आदि मौजूद थे। वहीं मामले को लेकर रेलवे भागा आइडब्ल्यू के प्रभारी सोमनाथ घोष ने बताया कि दोनों तरफ से रेलवे की जमीन कब्जा करने का आवेदन मिला है कार्रवाई करने के लिए डीआरएम को पत्र लिख दिया गया है।

## जेल में बढ़ी विधायक ढुल्लू महतो की सुरक्षा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद जेल में बंद बाघमारा के भाजपा विधायक ढुल्लू महतो की जान को खतरा की आशंका जताने के बाद जेल के अंदर विधायक की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जेल प्रशासन चौकस है। हालांकि जेल प्रशासन का कहना है कि जेल के अंदर विधायक ढुल्लू महतो को कोई खतरा नहीं है। जेल के अंदर जो भी बंदी हैं, सभी पूरी तरह से सुरक्षित हैं। बतातें चलें कि गुरुवार को भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी भी जेल जाकर ढुल्लू महतो से मिले थे। उन्होंने जेल के अंदर ढुल्लू महतो को पूरी सुरक्षा देने की मांग जेल प्रशासन से की थी। विदित हो कि ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर आशंका जताई थी कि जेल के अंदर ढुलू महतो की जान को खतरा है।

### ढुल्लू की जमानत पर 17 को सुनवाई

इधर ढुल्लू महतो की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में 17 जनवरी को सुनवाई होगी। पुलिस हिरासत में वारंटी को जबरन छुड़ाकर ले जाने के मामले में सजायाफ्ता ढुल्लू महतो ने हाई कोर्ट में हस्तक्षेप याचिका के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की है। हाई कोर्ट के आदेश पर ढुल्लू महतो ने धनबाद की अदालत में सरेंडर किया था। अदालत के आदेश पर उन्हें जेल भेज दिया गया था।

## मुंबई में सामाजिक दायित्व विषय पर 17वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

# जिंदल स्टील एंड पावर ने दूसरी बार जीता नेशनल गोल्डन पीकॉक सीएसआर अवार्ड

आजाद सिपाही संवाददाता





**नयी दिल्ली।** जाने-माने उद्योगपति नवीन जिंदल के नेतृत्व वाली देश की अग्रणी स्टील कंपनी जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को सीएसआर दायित्वों के उत्कृष्ट निर्वहन के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक अवार्ड - 2022 से सम्मानित किया गया है। मुंबई में कंपनी सामाजिक दायित्व विषय पर आयोजित 17वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्यमंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल ने जेएसपी को यह सम्मान प्रदान किया, जिसे कंपनी के प्रेसिडेंट और सीएसआर प्रमुख प्रशांत कुमार होता ने ग्रहण किया। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स (आइओडी) के प्रेसिडेंट लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सुरिंदर नाथ और प्रधान सलाहकार देशदीपक वर्मा आईएएस (सेवानिवृत्त) भी उपस्थित थे। सीएसआर के क्षेत्र में समर्पित सेवाओं के लिए जेएसपी को यह दूसरा गोल्डन पीकॉक अवार्ड प्राप्त हुआ है।

जिंदल स्टील एंड पावर ने शालू जिंदल के नेतृत्व में जेएसपी फाउंडेशन द्वारा अपने प्लांट के आसपास और देश के विभिन्न स्थानों पर लोगों के जीवन में बदलाव लाने के जो उल्लेखनीय प्रयास किये हैं, उसके फलस्वरूप ही यह प्रतिष्ठित सम्मान उसे प्रदान किया गया है। इस सम्मान के लिए जेएसपी का चयन सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एमएन वेंकटचलैया की अध्यक्षता वाले निर्णायक मंडल ने किया।

गोल्डन पीकॉक अवार्ड के लिए निर्णायक मंडल और इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स का धन्यवाद करते हुए जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल ने कहा कि इस सम्मान से लोगों की सेवा के लिए हम और अधिक उत्साहित हुए हैं। सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के प्रति हमारी जवाबदेही अब और बढ़ गयी है। हम संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (यूएनएसडीजी) के 17 में से 16 मानदंडों के अनुरूप कार्य कर रहे हैं और देश में मानव विकास सूचकांक (एचडीआइ) में सुधार के लिए समस्त क्षेत्रों में संचालित अपने कार्यक्रमों में तेजी ला रहे हैं।

गौरतलब है कि जेएसपी फाउंडेशन ने समुदायों और सरकारों से साझेदारी कर अपनी सेवाओं के माध्यम से एक करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में बदलाव लाने का काम किया है।

# सोआ के संस्थापक ओएसडी को शिक्षा भारती ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** अखिल भारतीय शिक्षा संस्था, सेंटर फॉर एक्सीलेंस डेवलपमेंट (सीइडी) के तरफ से ओएसडी प्रीतम नायक को शिक्षा और अनुसंधान के संस्थापक अध्यक्ष (सोआ) को शिक्षा भारती सम्मान से सम्मानित किया है। उत्तर प्रदेश के गुरुग्राम में आयोजित एक विशेष समारोह में सीइडी के संस्थापक-अध्यक्ष और सेंट जेवियर समूह के संस्थापक और अध्यक्ष डॉ प्रियदर्शी नायक ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर, महिला कल्याण एवं बाल विकास राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला प्रमुख शामिल हुए थे।

सीइडी के तहत 960 स्कूल और उच्च शिक्षा संस्थानों के 1200 से अधिक सदस्य शामिल हैं। इस मौके पर डॉ प्रियदर्शी नायक ने कहा कि सीइडी 2023 तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पूरी तरह से लागू करने के लिए सभी प्रयास करेगी। इसके परिणामस्वरूप देश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी और शिक्षकों को सशक्त बनाया जा सकेगा। देश की प्रगति के लिए शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार जरूरी है। इसके बिना देश के भविष्य का निर्माण नहीं हो सकता है।

डॉ प्रियदर्शी नायक ने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी प्रगति के लिए यह आवश्यक है कि हम जिन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उनसे निपटें। इसके परिणामस्वरूप उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा और देश विश्व में शीर्ष स्थान पर पहुंच सकता है। इस अवसर पर प्रो-चांसलर प्रो अमित बनार्जी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की, जबकि विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के कुलाधिपति और शिक्षाविदों ने भाग लिया।

# सांसद संजय सेठ ने नगर निगम अस्पताल और प्रॉमिस हेल्थ केयर का किया निरीक्षण, सुविधाओं का लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता



मीडिया से बात करते सांसद संजय सेठ। साथ में हैं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ दीपक वर्मा, डॉ संगीता अग्रवाल और अमित एकलव्य।

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने शुक्रवार को रातू रोड स्थित नगर निगम अस्पताल और हरमू रोड के पंचवटी टावर स्थित प्रॉमिस हेल्थ केयर हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अस्पताल के संयुक्त निदेशक हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ दीपक वर्मा, डॉ संगीता अग्रवाल, अमित एकलव्य, अरविंद कुमार झा व अन्य भी मौजूद थे। उन्होंने सांसद को अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी।

संजय सेठ भी अस्पताल की दोनों इकाई में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को देख कर काफी संतुष्ट दिखे। दोनों ही अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजन के तहत रोगियों को पूर्व लाभ दिया जाता है इसकी जानकारी भी दी गयी। खुद अस्पताल में भर्ती मरीजों से उन्होंने बात की, मरीजों से अस्पताल की खामियां के बारे पूछा, तो सभी ने तारीफ की। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संजय सेठ ने आश्वासन दिया कि प्रॉमिस हेल्थ केयर द्वारा संचालित नगर निगम अस्पताल से अनुबंध कराने में हर संभव सहयोग करेंगे। जिससे कोरोना काल की तरह आगे भी लोगों को सस्ती दर पर अच्छी स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलते रहे।

## आधुनिकीकरण कार्य का असर

# कुछ ट्रेनें अस्थायी और कुछ आंशिक रूप से रद्द



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर रेलवे जोन के अंतर्गत हावड़ा के पास शालीमार रेलवे स्टेशन यार्ड के पुनर्निर्माण के साथ-साथ सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्यों को देखते हुए शालीमार स्टेशन पर ट्रेनों की आवाजाही को आंशिक रूप से स्थगित करने की अनुमति दी गयी है।

यार्ड पुनर्निर्माण कार्यों में नॉन-इंटरलॉकिंग और सुरक्षित ट्रेन संचलन के लिए सिग्नलिंग प्रणाली की स्थापना शामिल है। उपरोक्त को देखते हुए, पुरी और संबलपुर से चलने वाली कुछ ट्रेनों को अस्थायी रूप से रद्द किया जा रहा है। 12888/12887 पुरी-शालीमार-पुरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस 15 को पुरी से और 16 जनवरी 2023 को शालीमार से रद्द रहेगी। 20832/20831 संबलपुर-शालीमार-संबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 12 एवं 15 को संबलपुर से और शालीमार से 13 एवं 16 जनवरी 2023 को रद्द रहेगी। 12896/12895 पुरी-शालीमार-पुरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस 12 को पुरी से और 13 जनवरी 2023 को शालीमार से रद्द रहेगी। 22804/22803 संबलपुर-शालीमार-संबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 13 को संबलपुर से और 14 जनवरी 2023 को शालीमार से रद्द रहेगी।

**ट्रेनों का आंशिक रद्दीकरण :** 18410 पुरी-शालीमार जगन्नाथ एक्सप्रेस 12 से 15 जनवरी 2023 तक पुरी से संतरागाछी तक चलेगी और संतरागाछी से शालीमार तक रद्द रहेगी। 12822/12821 पुरी-शालीमार-पुरी धौली एक्सप्रेस 13 से 16 जनवरी 2023 तक पुरी से दोनों दिशाओं से पुरी और संतरागाछी के बीच चलेगी और संतरागाछी और शालीमार के बीच रद्द रहेगी।

# हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति दामोदर मिश्र 'हजारी प्रसाद द्विवेदी सम्मान' से सम्मानित



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राउरकेला-हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति दामोदर मिश्र को हजारी प्रसाद द्विवेदी सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें 25000 हजार रुपये की सम्मान राशि एवं प्रशास्ति पत्र प्रदान किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा कोलकाता अंचल द्वारा गुरुवार को बोलपुर स्थित विश्वभारती विश्वविद्यालय शांतिनिकेतन के हिंदी कक्ष के प्रांगण में आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा संगोष्ठी में उन्हें यह सम्मान दिया गया। मौके पर राजभषा एंव संसदीय समिति के प्रमुख संजय कुमार सिंह, बैंक ऑफ बड़ौदा अंचल कार्यालय कोलकाता के महाप्रबंधक देवब्रत दास, बर्दवान क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रमुख स्वपन कुमार बनर्जी उपस्थित थे। कार्यक्रम में बैंक द्वारा हजारी प्रसाद द्विवेदी सम्मान की शुरूआत की गई। परिचर्चा सत्र में क्षेत्रीय कार्यान्वयन गृह मंत्रालय के कार्यान्वयन निर्मल दुबे, कोलकाता विश्व विद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष अमरनाथ शर्मा, कवि शिव प्रकाश मौजूद थे। परिचर्चा का विषय बैंकिंग क्षेत्र में राजभाषा हिंदी का प्रभाव व विकास, मौके पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने नृत्य और संगीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बैंक के प्रधान कार्यालय की ओर से सिंह ने विश्व भारती विश्वविद्यालय में भी हिंदी विषय से स्नाक सर्वक्षेष्ठ अंक प्राप्त करने विद्यार्थियों को एक विशेष बड़ौदा मेधावी विद्यार्थी योजना से जोड़ने पर अपनी दी।

# 156 ग्राम सोने से बनायी पीएम मोदी की मूर्ति

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोने की मूर्ति चर्चा में है। बॉम्बे गोल्ड प्रदर्शनी में एक कलाकार ने 156 ग्राम सोने की मूर्ति बनायी है। इस सोने की मूर्ति का वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता मेगा स्टार अमिताभ बच्चन और रजनीकांत से भी ज्यादा है। पीएम मोदी की सोने की मूर्ति का वीडियो दो दिन पहले हुई बॉम्बे गोल्ड प्रदर्शनी का है। मोदी की सोने की मूर्ति घूमती हुई दिख रही है। इसके नीचे मूर्ति का वजन 156 ग्राम लिखा है। विशेषज्ञों का कहना है कि इतने कम सोने में इतनी खूबसूरत मूर्ति बनाना कलाकार की कलाकारी है। हालांकि कलाकार के नाम की जानकारी वायरल वीडियो में नहीं दी गयी है। यूजर्स ने ट्विटर पर पीएम मोदी की सोने की मूर्ति को शेयर करते हुए लिखा कि अमिताभ बच्चन और रजनीकांत जैसे दुनिया भर के लोकप्रिय लोगों की मोम की मूर्तियां ही बनी हैं। पीएम मोदी ने इनको भी पीछे छोड़ दिया है, इसलिए उनकी सोने की मूर्ति बनी है।

**धनतेरस पर इंदौर में बिकी थी मोदी की चांदी की मूर्तियां :** धनतेरस पर इंदौर की एक सर्राफा दुकान पर मोदी की चांदी की मूर्ति बिकी थीं। 150 ग्राम चांदी की बनीं ये मूर्तियां 11 हजार रुपये में बिकी थीं। सर्राफा व्यापारी ने इसे मुंबई से ऑर्डर देकर बनवाया है। मूर्तियां अलग-अलग मुद्राओं और कुर्तों वाली थीं।

# जागृति महिला मंडल ने साइकिल वितरित की




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** संबलपुर मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह, उपाध्यक्षा सरिता पटेल एवं उपाध्यक्ष रश्मि बेहुरा के करकमलों से दो जरूरतमंदों को साइकिल प्रदान की गयीं। जागृति महिला मंडल में समाज सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत कई नेक काम किये जा रहे हैं, जिसकी मिसाल दी जा सकती है। इस नेक कार्य में महिला मंडल के कार्यकर्ताओं एवं सदस्य भी उपस्थित थीं।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now !
+91-7903149721
www.universityfly.com

Rinku
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS TAMA Studiomaster ZOOM PAiSTe DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जलते नामों से सावधान

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP • BUS & HOSTEL FACILITY • CAMPUS PLACEMENT • WELL EQUIPPED LAB • ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
• Diploma in Operation Theater
• DMLT • Dresser
URGENT REQUIREMENT
• B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
• D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
• B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate the opening Ceremony of our New Restaurant
Venue : Sector-9 Near Hatia More Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compliments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**